संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, बुधवार, 30 अप्रैल 2025 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्षः 19 अंकः 117 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302
actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## दिल्ली की सीएम ने नजफगढ़ नाले का किया निरीक्षण



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आज इंद्रलोक मेट्रो स्टेशन के पास से सिंघलपुर तक नजफगढ़ नाले का निरीक्षण किया। उनके साथ उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना और भाजपा सांसद प्रवीण खंडेलवाल मौजूद रहे।
इस दौरान उपराज्यपाल सक्सेना ने कहा कि शालीमार बाग ऐतिहासिक जगह है। पिछली बार यह जगह बहुत खराब हालत में थी। तब तय किया था कि इस जगह की मरम्मत कराई जाएगी। यहां एक साल से काम चल रहा है। इसमें डीडीए महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। एक-दो महीने में काम पूरा हो जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा दिल्ली के गौरव को वापस लाने की कोशिश कर रही है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली को जल्द ही खूबसूरत शहर के रूप में देखा जाएगा। रेखा गुप्ता ने स्थानीय लोगों से बात की और अधिकारियों को निर्देश दिया कि समस्याओं का समाधान प्राथमिकता पर किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि केवल कागजों पर योजना बनाना काफी नहीं है, जब तक अधिकारी जमीन पर काम नहीं करेंगे हालात नहीं सुधरेंगे।

## आइडिया से प्रोटोटाइप और प्रोडक्ट तक की यात्रा कम से कम समय में पूरी होः प्रधानमंत्री

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अगले 25 वर्षों में विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि यह महत्वपूर्ण है कि आइडिया से प्रोटोटाइप और फिर प्रोडक्ट तक की यात्रा कम से कम समय में पूरी हो। प्रधानमंत्री ने मंगलवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में युग्म इनोवेशन कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए कहा कि आज यहां सरकार, एकेडमी, साइंस और रिसर्च से जुड़े भिन्न-भिन्न क्षेत्र के लोग इतनी




बड़ी संख्या में उपस्थित हैं। इस एकजुटता को ही युग्म कहते हैं। एक ऐसा युग्म, जिसमें विकसित भारत के फ्यूचर टेक से जुड़े स्टेकहोल्डर्स एक साथ जुड़े हैं, एक साथ जुटे हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि हम जो भारत की इनोवेशन कैपेसिटी और डीप टेक में भारत की भूमिका को बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं, उसे इस आयोजन से बल मिलेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमने विकसित भारत के लक्ष्य के लिए अगले 25 वर्षों की समयसीमा तय की है। हमारे पास समय सीमित है, लक्ष्य बड़े हैं। इसलिए ये जरुरी है कि हमारे आइडिया की प्रोटोटाइप से प्रोडक्ट तक की यात्रा भी कम से कम समय में पूरी हो। उन्होंने जोर देकर कहा कि प्रयोगशाला से बाजार तक की दूरी कम करने से लोगों तक शोध के परिणाम तेजी से पहुंचते हैं।

### 'शोध, नवाचार और मूल्य संवर्धन के चक्र में आती है तेजी'

*शोधकर्ताओं को प्रेरणा मिलती है और उनके काम के लिए ठोस प्रोत्साहन मिलता है। इससे शोध, नवाचार और मूल्य संवर्धन के चक्र में तेजी आती है। प्रधानमंत्री ने एक मजबूत शोध पारिस्थितिकी तंत्र का आह्वान किया और शैक्षणिक संस्थानों, निवेशकों और उद्योग से शोधकताओं का समर्थन और मार्गदर्शन करने का आग्रह किया। उन्होंने युवाओं को सलाह देने, वित्त पोषण प्रदान करने और सहयोगात्मक रूप से नए समाधान विकसित करने में उद्योग के नेताओं की संभावित भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने इन प्रयासों को आगे बढ़ाने के लिए नियमों को सरल बनाने और मंजूरी को तेज करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता व्यक्त की।*

# पीएम मोदी ने दी सेना को पूरी छूट

- टार्गेट्स का तरीका और समय, सेना तय करे
- सैन्य बलों के अध्यक्षों संग हाई लेवल मीटिंग में बोले पीएम मोदी
- बैठक में अजीत डोभाल और तीनों सेनाओं के प्रमुख थे मौजूद

**उच्चस्तरीय**

- **सुरक्षा बैठकः आतंकवाद पर निर्णायक कार्रवाई की तैयारी, मोदी ने दी सेना को पूरी छूट**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार शाम राजधानी में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) और तीनों सेनाओं के प्रमुखों के साथ आपातकालीन सुरक्षा बैठक की अध्यक्षता की। इस अहम बैठक को सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ भारत की रणनीति में निर्णायक मोड़ के रूप में देखा जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक बैठक में प्रधानमंत्री मोदी ने साफ शब्दों में कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर आतंकवाद को कुचलने का संकल्प लिया गया है। उन्होंने भारतीय सशस्त्र बलों की क्षमता पर पूरा भरोसा जताते हुए कहा कि सेना को कार्रवाई के तरीके, लक्ष्य और समय तय करने की पूर्ण परिचालन स्वतंत्रता है। करीब डेढ़ घंटे चली बैठक में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, तीनों सेनाओं के प्रमुखों ने प्रधानमंत्री को मौजूदा हालात की जानकारी दी और विभिन्न सैन्य विकल्पों पर चर्चा की।



### खरगे, राहुल ने पहलगाम हमले पर लिखा पीएम को पत्र

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने पहलगाम आतंकी हमले से उपजे देशव्यापी गुस्से के मद्देनजर संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग की है। इस संबंध में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखा है। दोनों ने प्रधानमंत्री मोदी से जल्द संसद का विशेष सत्र बुलाने का आग्रह किया है।

### संसद में चर्चा से ज्यादा जरूरी है पाक को करारा जवाब देनाः अनुराग

**नई दिल्ली।** पहलगाम आतंकी हमले पर कांग्रेस की संसद के दोनों सदनों का विशेष सत्र बुलाने की मांग पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद अनुराग ठाकुर ने टिप्पणी की है। उन्होंने कहा कि आज संसद में चर्चा से ज्यादा ऐसे कदम उठाने की जरूरत है जिससे पाकिस्तान को करारा जवाब दिया जा सके।
उन्होंने कहा कि सरकार हमेशा चर्चा में विश्वास रखती है। सही समय आने पर चर्चा कराने में कोई



आपत्ति नहीं है। हम लोकतंत्र में विश्वास रखते हैं और जब भी सदन में किसी विषय पर चर्चा की मांग की गई, हमने उस पर चर्चा की।
**चिराग ने कहा-मुंहतोड़ जवाब देने का समयः** इस मसले पर बिहार की राजधानी पटना में केंद्रीयमंत्री चिराग पासवान ने भी टिप्पणी की है। उन्होंने विपक्ष की विशेष सत्र बुलाए जाने की मांग पर कहा कि सरकार सही समय आने पर सही फैसला लेगी। यह मुंहतोड़ जवाब देने का समय है। जिस तरह से पुलवामा के बाद आतंकियों को जवाब दिया गया, उसी दिशा में पहलगाम की घटना के बाद भी जवाब दिया जा सके, इसके लिए सब लोग प्रयासरत हैं।

उल्लेखनीय है कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार के मधुबनी में एक सार्वजनिक सभा को संबोधित करते हुए कड़ा संदेश दिया था। उन्होंने इस हमले को भारत की आत्मा पर हमला बताया था और कहा था कि भारत आतंकवादियों और उनके समर्थकों का धरती के अंतिम छोर तक पीछा करेगा और उन्हें कल्पना से परे सजा देगा।
**तरीका, समय और टारगेट तय कर ले सेनाः पीएम मोदी**
प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आतंकवाद को करारा झटका देना हमारा राष्ट्रीय संकल्प है। प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीय सशस्त्र बलों की पेशेवर क्षमताओं में पूर्ण विश्वास और भरोसा जताया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उन्हें (भारतीय सेना) हमारी प्रतिक्रिया के तरीके, लक्ष्य और समय पर निर्णय लेने की पूरी परिचालन स्वतंत्रता है।

## काठियांवाला बाजार में तड़ातड़ चली गोलियां, गैंगस्टर सोनू की हुई मौत

**अमृतसर।** पुराने शहर के बीचोबीच तंग गलियों में बसे काठियांवाला बाजार में मंगलवार की शाम गैंगवार के दौरान जमकर गोलियां चली। मिली जानकारी के मुताबिक कुछ साल पहले दंगल के दौरान मारे गए गुरदीप पहलवान के बेटे अभी पहलवान ने अपने प्रतिद्वंदी सोनू मोटा की गोलियां मारकर हत्या कर दी है। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची है। आरोपित अभी पहलवान ने दो साल पहले भी लोहगढ़ इलाके में सोनू मोटा और उसके साथियों पर गोलियां चलाई थी।



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी अपने निवास स्थान संत कबीर कुटीर में सिख समाज के लोगों को संबोधित करते हुए।

# पंजाब ने हरियाणा के पानी की सप्लाई घटाई

- भगवंत मान बोले, पाकिस्तान को पानी रोक पंजाब के डैम भरे केंद्र सरकार
- हरियाणा के छह जिलों में पानी का गंभीर संकट पैदा होना शुरू हो गया

**रस्साकशी**

- **हरियाणा को नौ हजार क्यूसेक पानी की सप्लाई की जाती है। हरियाणा का जल प्रबंधन सही नहीं थाः पंजाब**

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** पंजाब ने भाखड़ा के माध्यम से हरियाणा को दी जा रही पानी की सप्लाई को आधा कर दिया है। पंजाब ने कुल नौ हजार क्यूसेक में से पांच हजार क्यूसेक की कटौती कर दी है, जिससे हरियाणा के छह जिलों में पानी का गंभीर संकट पैदा होना शुरू हो गया है। आने वाले दिनों में यह संकट और गहरा हो सकता है। भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड की



निगरानी में पंजाब सरकार द्वारा हरियाणा व राजस्थान को हर साल पेयजल व सिंचाई के लिए पानी की सप्लाई दी जाती है। वाटर अलॉटमेंट का यह सीजन हर साल 21 मई से 21 मई तक की अवधि के लिए मान्य होता है। इस नहरी पानी से पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में लाखों एकड़ भूमि की सिंचाई होती है। इस नहर का पानी शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल के लिए भी इस्तेमाल किया जाता है, खासकर जहां पानी की कमी होती है।
पंजाब का दावा है कि हरियाणा को नौ हजार क्यूसेक पानी की सप्लाई की जाती है। हरियाणा का जल प्रबंधन सही नहीं था।

### पंजाब सरकार को देना ही पड़ेगा हरियाणा के हिस्से का पानी- हुड्डा

**चंडीगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने पंजाब सरकार द्वारा हरियाणा का पानी रोके जाने पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि हरियाणा कोई भीख नहीं मांग रहा है बल्कि यह प्रदेश के हिस्से का पानी है, जो पंजाब सरकार को देना ही पड़ेगा। पंजाब को हरियाणा के पानी में कटौती करने का कोई अधिकार नहीं है। यह बीजेपी सरकार की बड़ी विसफलता है कि वो लगातार हरियाणा की हिस्सेदारी में लगातार हो रही कटौती के बावजूद चुपी साधे बैठी है। एकदम से पंजाब में 9500 क्यूसेक पानी को घटकर 4000 क्यूसेक कर डाला। बावजूद इसके हरियाणा सरकार द्वारा कड़ी आपत्ति दर्ज नहीं करवाई गई। पंजाब सरकार के इस असंवैधानिक कदम से हिसार, फतेहाबाद, सिरसा, रोहतक और महेंद्रगढ़ समेत कई जिलों में पानी का संकट पैदा हो जाएगा और आने वाली फसल की सिंचाई भी मुश्किल हो जाएगी।

## सुप्रीम कोर्ट ने संभल जामा मस्जिद कमेटी से मांगी स्टेटस रिपोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने संभल की शाही जामा मस्जिद में विवादित कुएं को लेकर शाही जामा मस्जिद कमेटी को स्टेटस रिपोर्ट पर दो हफ्ते में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। चीफ जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने ये आदेश दिया। सुनवाई के दौरान मस्जिद कमेटी की ओर से पेश वकील हुजैफा अहमदी ने कहा कि उसके प्रमुख हिरासत में हैं, इसलिए जवाब दाखिल नहीं हो पाया है। तब कोर्ट ने कहा कि मस्जिद कमेटी के वकील जेल में उनसे मिल कर जवाब दाखिल करवाएं।



सुनवाई के दौरान यूपी सरकार ने कहा कि कुआं विवादित इमारत से पूरी तरह बाहर है, जबकि मस्जिद कमेटी की ओर से कहा गया कि कुआं का कुछ हिस्सा मस्जिद के भीतर है।

## भारत-अमेरिका में जल्द में हो सकता व्यापार समझौता

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** द्विपक्षीय व्यापारिक समझौता (बीटीए) को लेकर भारत और अमेरिका के बीच वार्ता का सिलसिला लगातार जारी है और उम्मीद की जा रही है कि जुलाई के पहले सप्ताह तक दोनों देशों के बीच कुछ सेक्टर के शुल्क को लेकर आपस में मिनी डील पर सहमति बन सकती है।
हालांकि बीटीए के पहले चरण का समझौता इस साल के अंत तक ही होने की उम्मीद है। वाणिज्य व उद्योग मंत्रालय के मुताबिक गत 23-25 अप्रैल को वाशिंगटन डीसी में भारत



और अमेरिका के वाणिज्य विभाग के अधिकारियों के बीच बीटीए को लेकर सफल वार्ता हुई। इस वार्ता के दौरान कुछ सेक्टर में आपसी सहमति से बीटीए से पहले के डील को लेकर भी संभावनाएं तलाशने को लेकर विचार-विमर्श किया गया।
**अमेरिका ने 90 दिनों के लिए टाला है टैरिफ का फैसला**
अमेरिका ने अप्रैल के आरंभ में भारत पर 26 प्रतिशत के पारस्परिक शुल्क लगाने की घोषणा की थी।

### आइटम के शुल्क को लेकर आपस में सहमति बनेगी

जानकारों का कहना है कि आगामी जुलाई से पहले सप्ताह तक भारत और अमेरिका दोनों ही कई आइटम के शुल्क को लेकर आपस में सहमति कायम कर सकते हैं। ऐसे में जिन आइटम के शुल्क को लेकर आपस में सहमति बनेगी, वे पारस्परिक शुल्क से मुक्त हो जाएंगे।

## पेगासस से जुड़ी रिपोर्ट सार्वजनिक करने का सवाल ही नहींः सुप्रीम कोर्ट



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि अगर कोई देश राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए स्पाइवेयर का इस्तेमाल करता है, तो इसमें गलत क्या है । सवाल यह है कि किसके खिलाफ इस्तेमाल हो रहा है। एक आम नागरिक के निजता के अधिकार का सम्मान किया जाना चाहिए।
सुप्रीम कोर्ट ने पेगासस जांच से जुड़ी रिपोर्ट को सार्वजनिक करने की मांग पर सुनवाई के दौरान कहा कि पूरी रिपोर्ट सार्वजनिक करने का सवाल ही नहीं उठता है। हम इस रिपोर्ट को सड़क पर चर्चा का दस्तावेज नहीं बना सकते हैं। हम पेगासस से प्रभावित लोगों की मांग पर विचार कर सकते हैं। मामले की अगली सुनवाई 30 जुलाई को होगी।
सुप्रीम कोर्ट ने 27 अक्टूबर, 2021 में इस मामले पर विशेषज्ञों की एक टीम का गठन किया था। इस टीम की अध्यक्षता सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज जस्टिस रविंद्रन कर रहे थे। इस कमेटी ने अपनी रिपोर्ट भी दाखिल की थी। विशेषज्ञ कमेटी ने कहा था कि उसकी रिपोर्ट को प्रकाशित न किया जाए। कमेटी को 29 फोन दिए गए थे, जिसमें पांच में मालवेयर का अंदेशा था। हालांकि, यह तय नहीं हो पाया कि यह पेगासस ही है।

### कमेटी ने तीन हिस्सों में अपनी रिपोर्ट सौंपी थी

कमेटी ने तीन हिस्सों में अपनी रिपोर्ट सौंपी थी। इनमें से दो रिपोर्ट टेक्निकल कमेटी की है, जबकि एक रिपोर्ट जस्टिस रविंद्रन की थी। रिपोर्ट में कुछ गोपनीय बातें हैं। कुछ निजी सूचनाएं भी हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि टेक्निकल कमेटी की रिपोर्ट को सार्वजनिक नहीं किया जाएगा।

**प्रशिक्षण**

### वन मित्र इस वर्ष 1 मई से 5 मई तक अपने-अपने रेंज में प्रशिक्षण लेंगेः मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह

## मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त 'वन मित्रों' के लिए प्रशिक्षण मैनुअल किया जारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने मंगलवार को अपने सरकारी ओक ओवर शिमला में नवनियुक्त वन मित्रों के लिए प्रशिक्षण मैनुअल जारी किया। इस मैनुअल का उपयोग वन मित्रों को वन अग्नि प्रबंधन, विभागीय कार्यप्रणाली, नर्सरी प्रबंधन, विभिन्न वृक्षारोपण कार्यक्रमों और समग्र वन प्रबंधन के बारे में प्रशिक्षित करने के लिए किया जाएगा। वन मित्र इस वर्ष 1 मई से 5 मई तक अपने-अपने रेंज में प्रशिक्षण लेंगे। सभी वन मण्डल अधिकारियों (डीएफओ)



को प्रशिक्षण के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है, जो इसकी निगरानी करेंगे। मुख्यमंत्री ने मैनुअल को प्रशिक्षण केंद्रों और प्रशिक्षकों को शीघ्र वितरित करने के निर्देश देते हुए दक्ष प्रशिक्षण प्रदान करने की आवश्यकता पर बल दिया, ताकि

**अधिकारी नियुक्त**

- **सभी वन मण्डल अधिकारियों (डीएफओ) को प्रशिक्षण के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया**

वन मित्र विभाग की कार्यप्रणाली से अच्छी तरह जानकर अपने कर्तव्यों का प्रभावी ढंग से निर्वहन कर सकें। उन्होंने प्रशिक्षण मैनुअल को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे 15 मई के बाद नवनियुक्त वन मित्रों से संवाद करेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार वन विभाग को सशक्त करने के लिए कर्मचारियों की भर्ती और आधुनिक तकनीक उपलब्ध करवाने पर विशेष बल दे रही है। उन्होंने कहा कि आगामी गर्मी के मौसम को देखते हुए वन विभाग को आग की घटनाओं के बारे में सतर्क रहना चाहिए और वनों के संरक्षण के लिए आवश्यक कदम उठाने चाहिए। वन मित्र भर्ती कार्यक्रम के तहत अब तक पूरे प्रदेश में 1,896 वन मित्र अपने-अपने स्थानों पर कार्यभार ग्रहण कर चुके हैं।

## वक्फ संपत्ति बेचे जाने पर किरायेदार और खरीददार को नोटिस

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने शाहदरा में एक वक्फ संपत्ति को किरायेदार की ओर से बेचे जाने की शिकायत पर सुनवाई करते हुए दिल्ली पुलिस, दिल्ली वक्फ बोर्ड, वक्फ संपत्ति के किरायेदार और खरीददार को नोटिस जारी किया है। जस्टिस तारा वितास्ता गंजू ने मामले की अगली सुनवाई 14 मई को करने का आदेश दिया। याचिका मस्जिद पड़ाव वाली मैनेजमेंट कमेटी ने दायर की है। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकीलव वजीह शफीक ने कहा कि शाहदरा के पश्चिमी रोहताश नगर स्थित मेन बाबरपुर रोड पर करीब 118 वर्ग गज की वक्फ संपत्ति गैरकानूनी तरीके से बेच दी गई है।

# भगवान परशुराम धर्म, न्याय और पराक्रम के प्रतीक : रामकुमार कश्यप

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। विधायक एवं गवर्नमेंट** चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप ने कहा कि भगवान परशुराम को न्याय, धर्म और पराक्रम का प्रतीक माना जाता है। वे एक महान योद्धा और विद्वान थे। परशुराम जयंती हमें धर्म और न्याय के मार्ग पर चलना का संदेश देती है। उनका जीवन त्याग, तपस्या और कर्तव्यनिष्ठा का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। आज के समय में भगवान परशुराम के आदर्श और शिक्षाएं और भी प्रासंगिक हो जाती हैं। हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेकर



समाज में सत्य, न्याय और सद्भाव स्थापित करने की दिशा में काम करना चाहिए। रामकुमार कश्यप मंगलवार को बड़ागांव में भगवान परशुराम जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। विधायक रामकुमार कश्यप का फूल-मालाओं और पगड़ी पहनाकर भव्य स्वागत किया गया, साथ ही उन्हें परसा (भगवान परशुराम का शस्त्र) भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान उन्होंने परशुराम जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह केवल एक धार्मिक त्योहार नहीं है, बल्कि यह हमें अपने गौरवशाली इतिहास और सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ता है। यह दिन हमें भगवान परशुराम के गुणों को अपने जीवन में आत्मसात करने और एक बेहतर समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करता है होकर सर्व समाज के होते हैं चलकर हम अपनी आने वाली को अच्छा नागरिक बनने के लिए जागरूक कर सकते हैं।

## किसानों से फसल अवशेष न जलाने का किया आह्वान

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। उपायुक्त उत्तम** सिंह ने बताया कि गेहूं की फसल की कटाई का कार्य जारी है। फसल कटाई के बाद किसान अक्सर फसल अवशेषों को आग लगा देते हैं ऐसा करने से न केवल हमारी भूमि की उर्वरा शक्ति कमजोर होती, बल्कि हमारा पर्यावरण भी दूषित होता है।


### उत्तर रेलवे
#### ई–निविदा सूचना

निविदा सं. 46245075A के लिए भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए कार्यरत वरिष्ठ सामग्री प्रबंधक दवारा ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। विवरण इस प्रकार है:–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | Supply of Electrical Intervehicular Coupler Spares for AT-BT MEMU (ICF Rakes) & 8 Car Conversion to 12 Car Formation |
| 2. | कार्य की अनुमानित लागत | 99,23,800/- |
| 3. | मात्रा | 01 set |
| 4. | निविदा की बोली प्रस्तुत (जमा) करने की तिथि एवं समय | 27.05.2025 (11:00 Hrs.) |
| 5. | निविदा दस्तावेजों को खोलने की तिथि एवं समय | 27.05.2025 (11:00 Hrs.) |
| 6. | वेबसाइट की विवरण, जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in |

टिप्पणी : (i) ई–निविदा प्रणाली में शामिल होने के लिए निविदादाता को भारतीय रेल ई–प्रापण प्रणाली (IREPS) साइट अर्थात www.ireps.gov.in पर पंजीकृत होना चाहिए। (ii) सभी नियमों एवं शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। (iii) कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं हैं।
एनआईटी सं.–46245075A दिनांक : 24.04.2025 1262/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



### नौएडा
नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण
मुख्य प्रशासनिक भवन, सैक्टर-6, नौएडा, गौतमबुद्ध नगर
वेबसाइट : www.noidaauthorityonline.com

#### ई-निविदा आमंत्रण सूचना

UPLC लखनऊ में पंजीकृत फर्मों/ठेकेदारों से निम्न जॉब संख्याओं हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है, जिन्हे निम्नानुसार तिथियों तक अपलोड किया जा सकता है एवं प्राप्त ई-निविदाओं को उनके सम्मुख दर्शायी गई तिथियों पर खोला जायेगा। निविदा सम्बन्धी समस्त विवरण व शर्तें नौएडा प्राधिकरण की वेबसाईट www.noidaauthorityonline.in एवं UPLC की वेबसाईट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। किसी परिवर्तन, संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिए उक्त वेबसाईट देखते रहें।

(क)
1. 04/म0प्र0/वरि0प्र0-(वि0यॉ0)-II/2025-26/ई0नि0, नौएडा स्टेडियम सैक्टर-21ए में स्थापित डी0जी0 सेटों की वार्षिक अनुरक्षण का कार्य। लागत रू0 16.11 लाख।

**जिन्हे दिनांकः- 13.05.2025 को सांय 5.00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई-निविदाओं की प्री-क्वालिफिकेशन दिनांकः 14.05.2025 को प्रातः 11.00 बजे खोली जायेगी।**

(ख)
1. 58/म0प्र(वि/या)/व0प्र0(वि/यॉ)3/2024-25, मुख्य प्रशासनिक भवन सैक्टर-06 में फायर अलार्म सिस्टम के वार्षिक अनुरक्षण का कार्य। लागत रू0 14.66 लाख।
2. 59/म0प्र(वि/या)/व0प्र0(वि/यॉ)3/2024-25, सैक्टर- 33, 34, 35, 52, 53, 61 एवं सम्बन्धित रोडों पर स्ट्रीट लाईट हेतु लगे 63 केवीए ट्रान्सफार्मर के वार्षिक अनुरक्षण का कार्य। लागत रू0 27.83 लाख।

**जिन्हे दिनांकः-06.05.2025 को सांय 5.00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई-निविदाओं की प्री-क्वालिफिकेशन दिनांकः-07.05.2025 को प्रातः 11.00 बजे खोली जायेगी।**

महाप्रबन्धक (वि0/यॉ0)
नौएडा

स्वच्छ, हरित, सकुशल, सुरक्षित नौएडा



### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा
#### धारा 84 BNSS देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरोपी नरेंद्र पुत्र** धर्मबीर **पता:** आरजेड टी–1, 18 फुट गली, निहाल विहार, नांगलोई, दिल्ली **FIR No. 50/25 dated 19/01/2024, U/s: 318(3)/316(2) BNS, पुलिस थानाः जनकपुरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **नरेंद्र**, मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **नरेंद्र**, फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **नरेंद्र, FIR No. 50/25 dated 19/01/2024, U/s: 318(3)/316(2) BNS, पुलिस थानाः जनकपुरी, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **31.05.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
हरजोत सिंह ओजला
न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी–11
दक्षिण–पश्चिम जिला कोर्ट नं. 05
द्वारक कोर्ट, नई दिल्ली
DP/5353/WD/2025
(Court Matter)


## पांची जाटान रोड पर नालों की सफाई न होने से मकानों व मुख्य सड़क पर भरा पानी



**गन्नौर । पांची जाटान रोड** पर राठी नर्सिंग होम के समीप मुख्य सड़क पर गंदे पानी की निकासी के लिए बने नाले और ओवरफ्लो होने से गंदा पानी सड़क पर व लोगों के मकानो के आगे भर गया है । गंदे पानी के जमाव के कारण आवागमन करने में वाहन चालकों को गंदे पानी के अंदर से निकलने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है वही लोग भी अपने घर के अंदर पानी के अंदर से निकाल कर जाने को मजबूर है । रानी की बात है की मुख्य सड़क पर जल भराव होने के बाद भी नगर पालिका के अधिकारियों का इस तरफ कोई ध्यान नहीं है जिससे लोगों में रोष है । स्थानीय लोगों ने प्रशासन व विधायक से गंदे पानी के ओवरफ्लो हो रहे नालों की सफाई करवाने की मांग की है।


### उत्तर रेलवे
#### (ई–नीलामी सूचना)

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/यात्री सेवा, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, नई दिल्ली द्वारा पार्किंग लॉटस/साइट्स के आवंटन हेतु ई–नीलामी, IREPS पोर्टल (https://ireps.gov.in/) पर ई–बोली निम्नलिखित प्रकार से आमंत्रित कि जाती हैः–

| ई–कैटलॉग संख्या E-Catalogue No. | ई–नीलामी की तिथि एवं समय | रेलवे स्टेशन/ स्थान/ पार्किंग लॉट |
|---|---|---|
| Parking 14-2025 | दिनांक 14.05.2025 को 11.00 बजे | नई दिल्ली (AGS Side) (PCCV), मेरठकैंट (कंकनखेड़ा), आदर्श नगर (पी आर एस), कुरुक्षेत्र 1st Entry, दिल्ली 2nd Entry KGS Side (TW Parking), बरेटा, मुरादनगर, खतौली, कुरुक्षेत्र Site-1, कुरुक्षेत्र Site-2, करनाल (375 वर्गमीटर), शाहाबाद मारकंडा = कुल 12 साइटें |
| वेबसाइट विवरण जहां ई–नीलामी दस्तावेज का पूरा विवरण देखा जा सकता है | | https://ireps.gov.in/ |

ई–नीलामी में भाग लेने के लिए ठेकेदारों के लिए पूर्वापेक्षाएँ:
आईआरईपीएस के माध्यम से आयोजित ई–नीलामी में भाग लेने हेतु निम्नलिखित आवश्यकताओं को पूरा करना अनिवार्य हैः
•इच्छुक बोलीदाताओ को आई.आर.ई.पी.एस. (वाणिज्यिक नीलामी मोड्यूल) में ऑनलाइन पंजीकृत करना होगा। पहले से ही अन्य आई.आर.ई.पी.एस. खाता रखने वाली संस्थाए भी खुद को वाणिज्यिक नीलामी मोड्यूल के लिए नामांकित करने में सक्षम होगी। •एकमुश्त पंजीकरण शुल्क का भुगतान •भारतीय स्टेट बैंक में चालु खाता •आई.आर.ई.पी.एस. खाते के साथ भारतीय स्टेट बैंक के खाते का एकीकरण •फण्ड का लियन मार्किंग •टर्नओवर का अद्यतनीकरण (updation) •जिन ठेकेदारों के पास आईआरपीएस के किसी भी मोड्यूल के लिए आई आर पी एस खाता नही है, वे आई.आर.ई.पी.एस. होम पेज पर नए विक्रेताओ/ठेकेदारों (ई–निविदा/ई–नीलामी लीजिंग) लिंक पर क्लिक करके पंजीकरण हेतु अपना अनुरोध प्रस्तुत कर सकते है।

| | |
|---|---|
| सम्बंधित जानकारी हेतु रेलवे प्राधिकारी | वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक/पीएस, डीआरएम कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली-110055 Email: pkg.delhidivision@gmail.com Tel: 011-23743084 |

संख्या. No. 23AC/393/E Auction/Pkg/2025 दिनांकः 28.04.2025 1256/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



### उत्तर रेलवे
#### ई–निविदा

**ड्रॉइंग सं. एमआई 006615 ऑल्ट.–बी के अनुरूप एफआईएटी आईआर बोगियों (एलएचबी) के लिए सॉलिड फोर्ज्ड पहियों (रफ टर्न्ड) की खरीद हेतु दिनांक 29.05.2025 को खोली जाने वाली विश्व ई–निविदा सं. डब्ल्यूटीए–558**

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से ड्रॉईंग सं. एमआई006615 ऑल्ट–बी और विशिष्टि सं. आईआरएस आर–19/93 पार्ट-II (रिव. 6) और आर.डी.एस.ओ. स्कैच 92114 आल्ट 11 के अनुरूप एफआईएटी आईआर बोगियों (एलएचबी) के लिए सॉलिड फोर्ज्ड पहियों (एफ टर्न्ड) की खरीद हेतु इलैक्ट्रॉनिक बोलियां आमंत्रित की जाती हैं। इच्छुक बोलीदाताओं को सूचित किया जाता है कि वे आगे के ब्यौरों के लिए, निविदा दस्तावेज़ों को डाउनलोड करने एवं अपनी ई–बोलियां जमा करने के लिए http://ireps.gov.in वेबसाइट देखें। विषयगत निविदा के अन्य शुद्धिपत्र के अन्य शुद्धिपत्र केवल वेबसाइट http://ireps.gov.in पर अपलोड किया जाएगा और प्रिंट मीडिया में अपलोड नहीं किया जाएगा।
सं.. 2025/आएस(डब्ल्यूटीए)-149/टेंडर/558 नई दिल्ली, दिनांक 28.04.2025 1263/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



### अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा
#### धारा 84 BNSS देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **आशा पत्नीः नारायण दास, पताः** झुग्गी नं. 74/145, गेट नं. 1, 56, पहाड़ी अरूणा नगर, मार्किट सिविल लाइन, दिल्ली ने **FIR No. 486/2021, U/s 33 D.E. Act,** थानाः सिविल लाइन, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **आशा** मिल नहीं रही है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **आशा** फरार हो गयी है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रही है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 486/2021, U/s 33 D.E. Act,** थानाः उत्तरी सिविल लाइन, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **आशा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **12.06.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री गौरव गोयल
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–06
कमरा नं. 247, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली
DP/4998/N/2025
(Court Matter)


## बरगद का पेड़ काटने पर डीबीडीपीओ को शिकायत



**गन्नौर । गांव चिरस्मी** के युवक ने गांव की चौपाल में लगे बरगद के पेड़ को काटने के आरोप में खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी को शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की । शिकायत के बाद डीपीओ ने कार्रवाई का आश्वासन दिया । गांव के युवक राकेश ने बीडीपीओ को दी शिकायत में बताया कि उनके गांव की चौपाल में बरगद का पेड़ लगा हुआ है गांव के दो शरारती तत्वों ने मिलकर बरगद के पेड़ को कुल्हाड़ी से काटने की कोशिश की , जब उनके साथ लोगों ने विरोध किया तो उसके बाद भी वह जानबूझकर कुल्हाड़ी मारते रहे।


### उत्तर रेलवे
#### ई-नीलामी हेतु सूचना

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबधक/माल भाड़ा, दिल्ली डिवीजन, उत्तर रेलवे बोर्ड के पत्र सं. 2022/टीसी(एफएम)/10/04 दिनांक 13.06.2022, के अनुसार दिल्ली मंडल के विभिन्न स्टेशनों से चलने वाली निम्नलिखित ट्रेनों में एसएलआर के स्थान को 02 वर्षो के पट्टे पर देने के लिए आईआरईपीएस के ई–नीलामी मॉड्यूल के माध्यम से बोलियां आमंत्रित की जाती है:

| क्रम संख्या | ई-नीलामी के आरम्भ होने की तिथि एवं समय | एस्सेट्स जिनकी नीलामी की जानी है |
|---|---|---|
| 1. | 07.05.2025 को 10:30 बजे | 12034 (F1), 12191 (F1 & F2) , 12215 (F1), 12428 (F1) (मंगलवार, बुधवार, गुरुवार, शुक्रवार, शनिवार, और रविवार), 12444 (F1), 12457 (F1 , F2 & R1), 12562 (F1), 12874 (F1), 12963 (F1), 14041 (R1) (रविवार), 14507 (F1, F2 & R1), 15035 (F1 & R1), 19338 (F1), 20806 (F1), 20958 (F1), 22421 (F1), 22429 (F1), 22463 (F1), 22806 (F1). |
| 2. | 08.05.2025 को 10:30 बजे | 12005 (F1), 12038 (F1), 12055 (F1), 12057 (F1), 12060 (F1) (सोमवार & मंगलवार), 12191 (R1), 14331 (F1, F2 & R1), 12425 (F1), 12816 (F1), 14206 (F1), 14714 (F1), 15058 (F1), 20452 (F1), 22168 (R1), 22421 (F2 & R1), 22858 (F1), 22986 (F1). |
| 3. | 09.05.2025 को 10:30 बजे | 12002 (F1), 12011 (F1), 12013 (F1), 12017 (F1), 12040 (F1), 12045 (F1), 12066 (F1), 12148 (F1, F2), 12428 (F1) (सोमवार), 12448 (F1), 12455 (F1), 12481 (F1), 14041 (F1), 14053 (F2), 14212 (F1), 14305 (F1, F2, R1), 14731 (F1), 20938 (F1), 20946 (F1), 22454 (F1, F2, R1). |
| 4. | 13.05.2025 को 10:30 बजे | 12015 (F1), 12050 (F1), 14041 (F2), 14087 (F1, F2, R1), 14089 (F1, F2, R1), 14303 (F1, F2, R1), 14316 (F2), 14679 (F1), 15035 (F2), 15060 (F1, F2, R1), 20156 (F1), 20473 (F2), 22472 (F1, F2, R1), 54076 (F1, R1). |
| 5. | 14.05.2025 को 10:30 बजे | 12430 (F1), 12463 (F1), 12584 (F1), 12754 (F1), 12876 (F1), 14035 (F1, F2, R1), 14053 (R1), 14152 (F1), 14164 (F1), 14521 (F1, F2, R1), 14681 (F1), 20473 (F1, R1), 20914 (F1), 22168 (F1, F2), 22438 (F1). |

**महत्वपूर्ण सूचनाः** 1. ई–नीलामी के विभिन्न पहलुओं के बारे में अधिक जानकारी के लिए इच्छुक बोलीदाताओं को https://www.ireps.gov.in/html/helpdesk/learning_centre.html. (e-Auction leasing section) पर जाने की सलाह दी जाती है। 2. निम्नलिखित एस्सेट्स जिन्हें पुनः संशोधित रिज़र्व प्राइस (RP) पर आमंत्रित किया जा रहा हैः a. 14041 (F1, R1). b. 54076 (F1, F2, R1). c. 22454 (F1, F2, R1). 3. रेलवे प्रशासन किसी भी समय इन निविदाओं/अनुबंधों को समाप्त करने का सम्पूर्ण अधिकार रखता है या इनके संबंध में किसी संशोधन अथवा अतिरिक्त नियमों और शर्तों के साथ इन निविदाओं अथवा अनुबंधों के बीच में ही समाप्त करने अथवा जारी रखने के संबंध में, जो की इन ट्रेनों के जारी रहने अथवा समाप्त होने कि स्थिति पर निर्भर करता है। 1265/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा
#### (धारा 82 सीआरपीसी देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मोहित घई पुत्र अशोक घई पताः आरजेड–डी–2/110 द्वितीय तल, गली नं.5, महावीर एन्कलेव दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 586/2016 धारा 420/467/468/471/120बी/34 भा.द.स. के तहत** थानाः पटेल नगर, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **मोहित घई** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **मोहित घई** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 586/2016 धारा 420/467/468/471/120बी/34 भा.द.स. के तहत थानाः पटेल नगर, दिल्ली के उक्त मोहित घई** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **02.06.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
आकृति महेंद्रू
अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पश्चिम
कमरा नं.145,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली
DP/5287/CD/2025



### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा
#### धारा 82 Cr. P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त आरोपी **अभिषेक उर्फ कुनाल पुत्रः राजेश कुमार, पताः** गाँव मथलोडा, जिला पानीपत, हरियाणा एवं मकान नं. 785, ग्राम सभा गांव, पूठकलां, दिल्ली ने **FIR No. 130/2019, U/s: 25/54/59 A Act, पुलिस थानाः नॉर्थ रोहिणी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अभिषेक उर्फ कुनाल,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अभिषेक उर्फ कुनाल,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **अभिषेक उर्फ कुनाल, FIR No. 130/2019, U/s: 25/54/59 A Act, पुलिस थानाः नॉर्थ रोहिणी, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **21.08.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
एब्बानी अग्रवाल
न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी–03, उत्तर पश्चिम
कोर्ट नंबर 107, प्रथम तल, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली
DP/5332/RD/2025
(Court Matter)


## भगवान परशुराम जयंती पर हवन, भंडारा और श्रद्धा का उत्सव

**गन्नौर। गढ़ी केसरी** स्थित परशुराम मंदिर में भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक देवेंद्र कादियान पहुंचे। शुभारंभ हवन यज्ञ से हुआ। इसमें विधायक सहित श्रद्धालुओं ने आहुति दी। इसके बाद विधायक ने भगवान परशुराम की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। विधायक कादियान ने कहा कि भगवान परशुराम दया, क्षमा और करुणा के प्रतीक थे। उन्होंने मानव को सत्य का मार्ग दिखाया। वे केवल ब्राह्मणों के ही नहीं, सभी के पूजनीय हैं। आज भी उनके सिद्धांत पूरी तरह प्रासंगिक हैं। हमें उनके आदर्शों को जीवन में अपनाना चाहिए। कार्यक्रम में विधायक का स्वागत किया गया। आयोजकों ने उन्हें भगवान परशुराम की प्रतिमा भेंट की। इस अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण


### पूर्वोत्तर रेलवे
#### ई–टेन्डरिंग निविदा सूचना सं० 20/2025

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मंडल रेल प्रबंधक (इंजी०) पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते है। **क्र.सं. 1.** कार्य का विवरण : इज्जतनगर डिवीजन में समइं/काशीपुर अनुभाग के अन्तर्गत काठगोदाम, लालकुआँ, बाजपुर, रूद्रपुर एवं काशीपुर स्टेशन यार्डो का सुधार एवं अपग्रेडेशन का कार्य। अनुमानित लागत रूपयों में : रू. 11,87,41,708.82, बयाना राशि रूपयों में : रू. 7,43,700/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य : शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 12 माह। **1.** ई-निविदा दिनांक 20.05.2025 को 15.00 बजे तक आन लाइन जमा कर सकेंगे। **2.** ई-निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेब साईट www.ireps.gov.in पर देखे।

मंडल रेल प्रबंधक (इंजी०),
मुजाधि/डब्लू - 38 इज्जतनगर
गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।



# एक्शन इंडिया
## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया- पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

### एक्शन इंडिया मीडिया हाउस
शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्रः 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।



# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 73476708

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश** 9815119633, 9855577523

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 7087033731

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## नाम परिवर्तन

**मैं,अंकित कुमार सुपुत्र श्री जय भगवान पिता भव्य निवासी गाँव बरोदा मोर तहसील गोहाना, जिला सोनीपत हरियाणा का स्थाई निवासी हूँ। मैंने अपने नाबालिग पुत्र का नाम भव्य से बदल कर भव्य मोर रख लिया है।**

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# अब नहीं चलेगी प्राइवेट स्कूलों की मनमानी

कैबिनेट ने फीस एक्ट को दी मंजूरी, पैरेंट्स को मिली पावर, स्कूल फीस विनियमन के लिए विधेयक लायेगी दिल्ली सरकार, आज दिल्ली सरकार ने एक ऐतिहासिक और साहसिक फैसला लिया: मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता

**सख्ती**


दिल्ली कैबिनेट ने निजी एवं सरकारी स्कूलों में फीस को विनियमित करने के लिए नए विधेयक को मंजूरी दी






**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार राजधानी के निजी एवं सरकारी स्कूलों में फीस को विनियमित करने के लिए विधेयक लाएगी। दिल्ली मंत्रिमंडल ने इसे मंजूरी प्रदान की। दिल्ली सचिवालय में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पत्रकार वार्ता में आज इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दिल्ली कैबिनेट ने निजी एवं सरकारी स्कूलों में फीस को विनियमित करने के लिए नए विधेयक को मंजूरी दी है। इसमें दिल्ली के सभी 1677 स्कूलों के लिए (निजी एवं सरकारी स्कूलों की) फीस को लेकर पूरा दिशानिर्देश और प्रक्रिया तय की जाएगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली में पिछली सरकारों ने कभी भी ऐसा कोई प्रावधान नहीं किया कि दिल्ली में फीस न बढ़े। 1973 के दिल्ली स्कूल एक्ट में फीस को लेकर एक सेक्शन 17(3) है। इसमें ऐसी कोई गाइड लाइन नहीं थी कि प्राइवेट स्कूलों की फीस न बढ़े और जिसके लिए सरकार के पास क्या ताकत है और क्या प्रक्रिया अपनायी जानी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि 1973 से लेकर आज तक इस पर कोई प्रावधान नहीं हुआ कि स्कूलों में फीस बढ़ने से कैसे रोक जाए लेकिन आज दिल्ली सरकार ने एक ऐतिहासिक और साहसिक फैसला लिया है। आज हमने कैबिनेट में मसौदा विधेयक पास किया है, जिसमें सभी निजी स्कूलों में फीस को लेकर दिशानिर्देश तय जाएगा। मनमाने ढंग से फीस वृद्धि की शिकायतों पर सख्ती की जानकारी देते हुए रेखा गुप्ता ने कहा कि स्कूलों को नोटिस जारी किए गए हैं। उनकी सरकार पारदर्शिता और बच्चों के शिक्षा के अधिकार की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। स्कूल प्रशासन द्वारा की जा रही गतिविधियों के कारण बच्चों और उनके अभिभावकों परेशान थे, जिसके लिए यह कदम उठाया गया है। गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार की ओर से तैयार प्रारूप में अभिभावकों, स्कूल और प्रबंधन के साथ सरकार की भी भूमिका रहेगी। साथ ही दिल्ली सरकार द्वारा फीस वृद्धि की जानकारी के लिए डीएम को स्कूलों में हो रहे कार्यो का जायजा लेने के लिए भेजा जा रहा था। स्कूल फीस वृद्धि के मामले पर शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने आज कैबिनेट में कहा कि फीस बढ़ाने या ना बढ़ाने के संदर्भ में एक कानून सम्मत निर्णय लेकर एक विधेयक बनाया गया है। इसमें सरकार को ताकत दी गई है कि वो कार्य कर सके, फीस वृद्धि रोक सके और अगर कोई स्कूल ना माने तो उस पर दंडात्मक कार्रवाई कर सके। इसी बिल के आधार पर फीस बढ़ाने या घटाने का काम किया जाएगा।

## बच्चों की भविष्य, भाजपा की प्राथमिकता: शिक्षा मंत्री आशीष सूद



सीएम रेखा ने आगे कहा कि 1973 से लेकर आज तक इस पर कोई प्रावधान नहीं हुआ कि स्कूलों पर लगाम कैसे लगाई जाए। लेकिन आज मुझे आप सभी को ये बताते हुए खुशी हो रही है कि दिल्ली सरकार ने एक ऐतिहासिक और साहसिक फैसला लिया है। आज हमने कैबिनेट में ड्राफ्ट बिल पास किया है, जिसमें सभी प्राइवेट स्कूलों में फीस को लेकर पूरी गाइडलाइन तय की जाएगी और इतिहास में पहली बार दिल्ली सरकार द्वारा ऐसा बिल तैयार किया जा रहा है, जो अपने आप में फुल प्रूफ है। ये दिल्ली की जनता के लिए सुकून का विषय है। शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने कहा कि आज हमारी कैबिनेट ने फीस बढ़ाने या ना बढ़ाने के संदर्भ में एक कानून सम्मत निर्णय लेकर एक बिल बनाया है, जिसमें सरकार को ताकत दी गई है कि वो रेगुलेट कर सकें, रोक (फीस वृद्धि) सकें और अगर कोई स्कूल ना माने तो उसपर दंडात्मक कार्रवाई की जाए। इसी बिल के आधार पर फीस बढ़ाने या घटाने का काम किया जाएगा। 1973 के एक्ट में फीस बढ़ोतरी के खिलाफ कोई प्रावधान नहीं था, पिछली सरकार ने इस पर कोई निर्णय नहीं लिया। बच्चों का भविष्य भाजपा सरकार की प्राथमिकता है।

किसी बच्चे को फीस नहीं देने पर बाहर बिठाया तो 50 हजार प्रति बच्चे के हिसाब से स्कूल को जुमार्ना देना होगा। हमने आज ये कैबिनेट में ये बिल पास किया है। ये जल्द कानून बनेगा और 1 अप्रैल 2025 से लागू माना जाएगा।

### तीन वर्षों के लिए होगा समिति का निर्णय

*तीन स्तरीय समिति बनाकर इस बिल को लागू किया जाएगा। पहले स्तर पर स्कूल स्तरीय 10 सदस्यीय फीस रेगुलेशन कमेटी बनेगी, जिसमें स्कूल प्रबंधन के साथ ही पांच अभिभावक भी शामिल होंगे। इसमें अनुसूचित जाति व महिलाएं भी अनिवार्य रूप से होंगी। स्कूल की इमारत व अन्य 18 बिंदुओं पर विचार करने के बाद फीस वृद्धि का निर्णय लेगी। अगले सत्र के लिए 21 जुलाई को यह गठित कर दी जाएगी। 21 दिनों के अंदर अपनी रिपोर्ट देगी। समिति का निर्णय तीन वर्षों के लिए होगा। जिला स्तरीय समिति डिप्टी डायरेक्टर एजुकेशन की अध्यक्षता में गठित होगी। यदि स्कूल स्तरीय समिति अपना निर्णय नहीं देगी तो जिला स्तरीय समिति इसे सुनेगी। यदि 45 दिनों में रिपोर्ट नहीं देगी तो राज्य स्तरीय समिति के पास जाएगी। राज्य स्तरीय समिति में सात सदस्य होंगे। यदि स्कूल स्तरीय समिति के निर्णय से स्कूल के 15 प्रतिशत अभिभावक सहमत नहीं हैं तो वह जिला स्तरीय समिति में अपील कर सकते हैं।*

# राजधानी में 5200 पाकिस्तानी: दिल्ली में अधिकतर पाकिस्तानियों का पता 'अस्पताल'

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली। नई दिल्ली राष्ट्रीय** राजधानी दिल्ली में आए ज्यादातर पाकिस्तानियों का पता दिल्ली के अस्पताल हैं। ये यहां इलाज कराने आए थे और उसके बाद गायब हो गए हैं। इंटेलीजेंस ब्यूरो और फॉरेन रिजनल रजिस्ट्रेशन ऑफिस (एफआरआरओ) ने दिल्ली पुलिस को पाकिस्तानियों की जो सूची दी है, उसमें दिल्ली आए पाकिस्तानियों का पता यहां के अस्पताल हैं। साकेत स्थित मैक्स अस्पताल के पते पर करीब 55 से 60 पाकिस्तानी हाल ही में दिल्ली आए। पुलिस सूत्रों का कहना है कि



ये पाकिस्तानी न तो अस्पताल में भर्ती हैं और न ही इनका कुछ पता है।

**नहीं चला एक भी पाकिस्तानी का पता**

दक्षिण जिले के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि कई अस्पतालों से बात कर पाकिस्तानियों का पता किया जा रहा है। दक्षिण जिले के एक अधिकारी ने बताया कि पाकिस्तानियों का पता करने के लिए दक्षिण जिला पुलिस जोर-शोर से वेरीफिकेशन अभियान चला रही है। हालांकि दक्षिण जिला पुलिस सोमवार शाम तक एक भी पाकिस्तानी को पकड़ नहीं पाई थी। बताया जा रहा है कि पाकिस्तानी दिल्ली के अन्य अस्पतालों के पते पर आए हैं। दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इंटेलीजेंस ब्यूरो ने दिल्ली पुलिस को एक लिस्ट सौंपी है। इसमें करीब 5200 पाकिस्तानी नागरिकों के नाम हैं।

## समाज कल्याण मंत्री ने समर एक्शन प्लान को लेकर की बैठक



**समीक्षा बैठक**

गर्मियों के हिसाब से भोजन में फ्रेश सलाद, दही, लेमन वाटर शामिल करने की बात कही

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** समाज कल्याण मंत्री रविन्द्र इंद्राज सिंह ने मंगलवार को आशा होम्स में समर एक्शन प्लान को लेकर समाज कल्याण और पीडब्ल्यूडी अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। रविन्द्र इंद्राज सिंह ने मानसिक दिव्यांगों के लिए बने दिल्ली के सभी आशा होम्स में समर एक्शन प्लान के तहत गर्मी से बचाव, भोजन व्यवस्था, स्वास्थ्य सुविधाओं और बुनियादी सुविधाओं के किये गये इंतजामों पर चर्चा की। उन्होंने रोहिणी, नरेला, हरि नगर और तिमारपुर में बने होम्स में रह रहे मानसिक दिव्यांगों के लिए एसी, डेजर्ट कूलर, रूम कूलर, पँखों की उपलब्धता, ठंडे और शुद्ध पेयजल के लिए वाटर कूलर और आरओ की स्थिति जानी। साथ ही टॉयलेट्स और स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर आवश्यक निर्देश दिये। रविन्द्र इंद्राज ने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के आदेश हैं कि आशा होम्स में सुविधाओं में कोई लापरवाही न हो। उनके गर्मी से बचाव, भोजन व्यवस्था, बुनियादी सुविधाओं और स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर अधिकारी लगातार मॉनिटरिंग करें। समाज कल्याण मंत्री ने दिव्यांगों को हीट एक्सपोजर से बचाने के लिए सभी आवश्यक इंतजामों के निर्देश दिए। तेज धूप से बचाने के साथ उन्होंने गर्मियों के हिसाब से भोजन में फ्रेश सलाद, दही, लेमन वाटर शामिल करने की बात कही।

## सीसीटीवी कैमरों की जांच के बाद पकड़े नाबालिग

**नई दिल्ली।** दक्षिण पश्चिम जिले के आरके पुरम थाना पुलिस ने सेंधमारी व वाहन चोरी में शामिल दो नाबालिगों को 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की जांच के बाद पकड़ा है। दोनों के कब्जे से चोरी की एक स्कूटी बरामद हुई है। दक्षिण पश्चिम जिले के डीसीपी सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि चोरी की बढ़ती घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए जिले की एंटी स्नैचिंग सेल और आरके पुरम थाने की संयुक्त पुलिस टीम का गठन किया गया। टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की। एक सीसीटीवी फुटेज में संदिग्ध नजर आए। पुलिस टीम ने करीब 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की जांच के बाद दो आरोपितों की शिनाख्त की। इसके बाद आरके पुरम सेक्टर 12 के पास जाल बिछाकर स्कूटी सवार दो नाबालिगों को पकड़ा। जांच में दोनों के कब्जे से मिली स्कूटी आरके पुरम इलाके से चोरी की पाई गई। पूछताछ में चोरी के एक अन्य मामले का खुलासा भी आरोपितों ने किया। एक नाबालिग की उम्र 17 वर्ष जबकि दूसरे की उम्र 15 साल है।






# धाकड़ छौरे व छौरियां देश में हरियाणा की छोड़ेंगे अमिट छाप

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़ :** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित यूपीएससी में उत्तीर्ण हरियाणा के 64 अभ्यार्थियों को सम्मानित कर बधाई दी और आशा व्यक्त की है कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के विजन को साकार करने में अपनी प्रतिभा का योगदान देंगे और सराहनीय कार्य करके धाकड़ हरियाणा की धाक बनाए रखेंगे। मुख्यमंत्री अपने निवास संत कबीर कुटीर में आयोजित सिविल सेवा परीक्ष 2024 के नवचयनित हरियाणा के होनहार अभ्यर्थियों के सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि आप सभी युवा विकसित भारत के सपने की नींव व कर्णधार हैं, देश को आपसे काफी उम्मीदें हैं। विश्वास है कि आप देश के हर हिस्से में पहुंचकर भारत की अनेकता में एकता के भाव



को मजबूत करने के साथ-साथ हरियाणा का भी नाम रोशन करेंगे। मुख्यमंत्री ने अभ्यर्थियों का आह्वान किया कि वे अपने संस्कार व जड़ों को न भूले। जहां भी सेवाएं दे अपनी काबिलियत से सफलता के झंडे गाड़े। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से पहले हरियाणा के युवा नौकरी पाने के लिए विधायकों व मंत्रियों के कार्यालयों के चक्कर लगाते थे, परंतु वर्ष 2014 के बाद प्रदेश सरकार ने मिशन मेरिट व बिना खर्ची-बिना पर्ची के सरकारी नौकरी देने के सिस्टम को लागू किया है। उसके बाद युवा कोचिंग सेंटरों में कोचिंग लेकर सरकारी नौकरियां प्राप्त कर रहे हैं। प्रदेश सरकार ने 1 लाख 75 हजार युवाओं को पारदर्शिता के आधार पर सरकारी नौकरियां दी हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में प्रदेश के छोटे से छोटे गांवों में भी 5-6 युवाओं को सरकारी नौकरी मिली है। बड़े गांवों में तो यह संख्या 350-400 है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मानना है कि जो वे कहते हैं वे करते हैं। हरियाणा सरकार भी उन्हीं का अनुकरण कर रही है। मुख्यमंत्री की शपथ लेने से पहले हमने 26 हजार युवाओं को ज्वाइनिंग लैटर देकर चुनाव के दौरान नौकरी देने का युवाओं से किया वादा पूरा किया।

## 'आप भी दृढ़ निश्चय, मेहनत और सच्ची लगन की बदौलत इस मुकाम पर पहुंचे'

सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मानना है कि जो वे कहते हैं वे करते हैं। हरियाणा सरकार भी उन्हीं का अनुकरण कर रही है। मुख्यमंत्री की शपथ लेने से पहले हमने 26 हजार युवाओं को ज्वाइनिंग लैटर देकर चुनाव के दौरान नौकरी देने का युवाओं से किया वादा पूरा किया। आप भी दृढ़ निश्चय, कड़ी मेहनत और सच्ची लगन की बदौलत इस मुकाम पर पहुंचे हैं। इसके लिए मैं आप सभी को और आपके अभिभावकों को शुभकामनाएं देता हूं।

## नौकरी पाने वाले सफल युवाओं की कहानी, उन्हीं की जुबानी

**फतेहाबाद** जिले के ढाणी गोपाल गांव के रहने वाले अजय कोलिया ने कहा कि इससे पहले उन्हें हरियाणा सरकार में ग्राम सचिव की और उनके भाई को हरियाणा पुलिस में बिना खर्ची-बिना पर्ची के नौकरी मिली थी। सरकार की इस पादर्शिता के चलते वे नौकरी के साथ तैयारी करते रहे और अब यूपीएससी में सफलता हासिल की। इसी प्रकार फतेहाबाद के गांव ठरवा निवासी विजय लक्ष्मी ने कहा कि वे छोटे से गांव की रहने वाली है। उनके पिता किसान हैं और माता गृहणी हैं। इसके बावजूद अभिभावकों ने उसे पढ़ाई के लिए चंडीगढ़ भेजा। तब लोगों ने काफी ताने दिए थे कि लड़की की उम्र शादी की हो गई, लेकिन अब भी पढ़ाई करवा रहे हो। माता-पिता ने किसी की परवाह नहीं की और उसका साथ दिया।

# 16वें केंद्रीय वित्त आयोग की टीम ने किया हिसार दौरा

**निरीक्षण**

**आयोग के अध्यक्ष के नेतृत्व में टीम ने हिसार में कंसल्टेशन विजिट श्रृंखला के तहत विभिन्न स्थानों पर किया निरीक्षण**

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़ :** भारत सरकार द्वारा गठित 16वें केंद्रीय वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढ़िया के नेतृत्व में आयोग देशभर के विभिन्न हितधारकों से व्यापक परामर्श कर रहा है। इस सिलसिले में आयोग की कंसल्टेशन-विजिट श्रृंखला के तहत हरियाणा 24वां राज्य बना है, जहां आयोग ने दौरा किया। मंगलवार को आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढ़िया और अधिकारियों की टीम हिसार पहुंची। यहां मंडलायुक्त ए. श्रीनिवास और उपायुक्त अनीश यादव ने आयोग की टीम का स्वागत किया। गौरतलब है कि केंद्रीय वित्त आयोग राज्यों में विकास कार्यों, बुनियादी ढांचे और नवाचारों की वास्तविक स्थिति को समझने हेतु जमीनी स्तर पर इस प्रकार के दौरे कर रहा है। दौरे के दौरान आयोग की टीम ने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा केमरी रोड पर स्थापित 15 एमएलडी क्षमता के वाटर ट्रीटमेंट प्लांट और वाटर वर्क्स के द्वितीय चरण के रिनोवेशन कार्य का निरीक्षण किया।

कार्यों, जल गुणवत्ता, सप्लाई प्रणाली एवं प्रौद्योगिकी के बारे में आयोग को अवगत कराया। इसके उपरांत आयोग की टीम ने चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार स्थित विभिन्न शोध एवं नवाचार स्थलों का भ्रमण किया। टीम ने विश्वविद्यालय परिसर स्थित डॉ. मंगलसेन कृषि साइंस म्यूजियम एवं बायोटेक्नोलॉजी लेबोरेटरी का निरीक्षण किया।

## न्यूज फ्लैश

### पंजाब के मुख्यमंत्री भाखड़ा का पूरा पानी न देने की गीदड़ भभकी दे रहे हैं: चौ. अभय

**चंडीगढ़।** इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ. अभय सिंह चौटाला ने पंजाब के मुख्यमंत्री द्वारा हरियाणा को भाखड़ा का पानी 4 हजार क्यूसेक से ज्यादा न देने के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि बड़ी हैरानी की बात है कि पंजाब का मुख्यमंत्री गीदड़ भभकी दे रहा है और हरियाणा की भाजपा सरकार बजाय कोई बड़ी कार्रवाई करने के चुप्पी साधे बैठी है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार हरियाणा को एसवाईएल का पानी मिलना चाहिए था जो कि आज तक नहीं मिला है। एसवाईएल के पानी को लेकर हमने बहुत लंबी लड़ाई लड़ी है लेकिन भाजपा ने बजाय इस लड़ाई में हमारा साथ देने के उलटा इनेलो पार्टी को कमजोर करने के लिए तरह तरह के हथकंडे अपनाए और पार्टी को तोड़ने का काम किया। आज हरियाणा के साथ फिर से विश्वासघात किया जा रहा है और हरियाणा के किसानों को कमजोर करने की साजिश रची जा रही है। आज हरियाणा में मुख्य विपक्षी दल नाम की चीज नहीं है और जहां एसवाईएल को लेकर कांग्रेस चुप थी वहीं आज भाखड़ा के पानी को लेकर भी कांग्रेस चुप बैठी है। हाज हालात इस तरह के हैं कि सिरसा, फतेहाबाद, हिसार और कैथल जिला जहां भाखड़ा के पानी से सिंचाई होती है वहां के किसान पानी की कमी के कारण त्राहि त्राहि कर रहे हैं। अभय सिंह चौटाला ने कहा कि पंजाब की सरकार लातों के भूत है जो बातों से मानने वाले नहीं हैं। पंजाब के सीएम को यह भी नहीं पता कि वो क्या बोल रहे हैं और ऐसी ओछी बातें करके हरियाणा और पंजाब के किसानों को लड़ाने का प्रयास कर रहे हैं। हरियाणा के किसानों ने किसान आंदोलन में पंजाब के किसानों का तहे दिल से साथ दिया था अब समय आ गया है कि पंजाब के किसानों को हरियाणा के किसानों का साथ देना चाहिए। अगर हरियाणा को उसके हिस्से का पानी पंजाब नहीं देता है तो हमें मजबूर होकर पंजाब से हरियाणा होकर जाने वाले सभी रास्ते बंद करने पड़ेंगे और यह कोरी धमकी नहीं है। हरियाणा चौ. देवीलाल का बनाया हुआ प्रदेश है अगर हरियाणा के साथ कोई विश्वासघात करेगा तो हम कतई बर्दाशत नहीं करेंगे। हमने बहुत सह लिया है अब आगे और नहीं सहेंगे और फिर से बड़ा आंदोलन करेंगे और सडकों उतर कर हरियाणा के किसानों को उसके हिस्से का पानी दिलवाएंगे। हरियाणा और पंजाब की दोनों सरकारें प्रदेश का बड़ा नुकसान कर रही हैं और इसमें कांग्रेस भी शामिल है। इनेलो पार्टी हरियाणा के लोगों के साथ खड़ी है और हम सभी इका होकर इनको सबक सिखाने का काम करेंगे। हम उम्मीद करते हैं कि केंद्र की सरकार तुरंत इस पर संज्ञान लेगी और प्रदेश की भाजपा सरकार भी कोई कठोर कदम उठाएगी।

### हरियाणा में 710 पाकिस्तानियों का पता चला, अब तक सिर्फ 72 लौटे

**चंडीगढ़। हरियाणा** में पाकिस्तानियों को खोज रही सीआईडी को अब तक 710पाकिस्तानियों की मौजूदगी का पता चला है। इनकी मौजूदगी पांच जिलों में मिली है। अभी तक इनमें से 72 ही पाकिस्तान लौटे है। पहलगाम आतंकी हमले से पहले एक महीने के भीतर 250 पाकिस्तानी हरियाणा में आए। इसका खुलासा प्रदेश की सी आई डी रिपोर्ट से हुआ है। सी आई डी को इनकी मौजूदगी हिसार, रोहतक, फरीदाबाद, गुरुग्राम व नूंह जिलों में मिली है। रिपोर्ट को कार्रवाई के लिए सरकार को सौंपा गया है। इस रिपोर्ट के मुताबिक 460 पाकिस्तानी लंबे समय से हरियाणा में रह रहे हैं। पिछले महीने आए पाकिस्तानियों को मिलाकर प्रदेश में 710 पाकिस्तानी थे। इनमें से अभी तक 72 ही पाकिस्तान लौटे हैं। इसके बाद अब पुलिस विभाग सक्रिय हो गया है। टीमें अब इन पाकिस्तानी नागरिकों की तलाश कर रही हैं, ताकि पकड़कर उनके वतन भेजा जा सके।

# कनेक्टिविटी से लॉजिस्टिक और ट्रांजिट हब बनेगा फरीदाबाद : कृष्णपाल गुर्जर

**विकास कार्य**

**अंतिम व्यक्ति को नीति लाभ देने के लिए तीन गुणा रफ्तार से कार्यरत केंद्र व राज्य सरकार- केंद्रीय मंत्री**

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़ :** केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने जनहित को ध्यान में रखते हुए फरीदाबाद में बैक टू बैक विकास कार्यों की नींव रखी। वार्ड न-12 के अंतर्गत हार्डवेयर चौक से पंचकुईया रोड तक इंटरलॉकिंग टाइल्स द्वारा सर्विस रोड निर्माण कार्य और एनआईटी 01 स्थित रोज गार्डन के जीणोद्धार कार्य की विधिवत



शुरूआत बुजुर्गों से नारियल तुड़वाकर की। इसके अलावा मंगलवार को धौज क्रशर जोन सड़क के विशेष मरम्मत कार्य की भी औपचारिक रूप से शुरूआत की। केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री क्षेत्रिय विकास कार्यों पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि बड़खल विधानसभा के सबसे बड़े पार्क रोज गार्डन का जीणोद्धार कार्य अब तेजी से पूरा होगा। इसमें लगभग 01 करोड़ 6 लाख की लागत से सिंथेटिक ट्रैक, 18 लाख की लागत से 05 कियारी का निर्माण कार्य किया जाएगा। इसमें विभिन्न प्रकार के गुलाब के फूलों की महक होगी। साथ ही 70 लाख रुपये की लागत से लाईट व म्यूजिक सिस्टम लगाया जाएगा। इसी तरह 46 लाख की लागत से हार्डवेयर चौक से पंचकुइयां रोड तक इंटरलॉकिंग टाइल्स द्वारा सर्विस रोड के कार्य निर्माण कार्य का भी मंत्री ने विधिवत शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि जल्द ही विकास कार्य पूरे होंगे और क्षेत्र की एक बदली हुई सुंदर तस्वीर देखने को मिलेगी। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में लगभग 87 करोड़ रुपए लागत राशि के विकास कार्य बड़खल विधानसभा में कराए जाएंगे। केंद्र व प्रदेश स्तर की योजनाओं पर बात करते हुए मंत्री ने कहा कि सरकार द्वारा बनाई जा रही सभी योजनाएं नागरिक हितैषी हैं। सरकार की ओर से पूरे मंथन के बाद ही प्रत्येक नागरिक को ध्यान में रखकर योजना तैयार की जाती है। इन नीतियों में किसी प्रकार का भेदभाव नहीं है। सरकार का एकमात्र ध्येय अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का सीधा लाभ पहुँचना है। मौजूदा सरकार प्रयासों से फरीदाबाद की कनेक्टिविटी इतनी मजबूत हो गई है कि यहां से निकलने वाले हाईवे से देश के किसी भी कोने में पहुंचा जा सकता है।

## क्षेत्रीय व्यापार, रोजगार और पर्यटन को भी नई गति मिल रही

मंत्री ने कहा कि एक हाईवे को दूसरे हाईवे से सुनियोजित ढंग से जोड़ा गया है, जिससे सफर न केवल आसान हुआ है, बल्कि समय और ईंधन की बचत भी हो रही है। चाहे जयपुर जाना हो या मुंबई, चंडीगढ़ या वैष्णो देवी, फरीदाबाद से अब हर दिशा में निर्बाध और सुलभ कनेक्टिविटी उपलब्ध है। यह हाईवे कनेक्टिविटी फरीदाबाद को एक महत्वपूर्ण लॉजिस्टिक और ट्रांजिट हब के रूप में उभर रही है, जिससे क्षेत्रीय व्यापार, रोजगार और पर्यटन को भी नई गति मिल रही है। प्रत्येक नागरिक को ध्यान में रखकर योजना तैयार की जाती है। इन नीतियों में किसी प्रकार का भेदभाव नहीं है। सरकार का एकमात्र ध्येय अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का सीधा लाभ पहुँचना है।

# हरियाणा की नौकरियों पर होना चाहिए हरियाणवियों का पहला हक- हुड्डा

**मांग**

**दूसरे राज्य स्थानीयों को देते हैं प्राथमिकता, हरियाणा सरकार क्यों नहीं करती ऐसा- हुड्डा**

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा है कि हरियाणा की नौकरियों पर पहला हक हरियाणवियों का होना चाहिए। अगर तमाम राज्य अपनी नौकरियों में स्थानीयों को प्राथमिकता देते हैं तो हरियाणा की बीजेपी सरकार ऐसा क्यों नहीं करती? जबकि हमारे युवाओं को नौकरी की सबसे ज्यादा जरूरत है। क्योंकि हरियाणा बेरोजगारी के मामले में देश का नंबर वन राज्य है। हुड्डा ने कहा कि बीजेपी हरियाणवी युवाओं को नौकरियों से पूरी तरह वंचित करने की नीति पर आगे बढ़ रही है। इसीलिए जानबूझकर सरकारी भर्तियों के लिए ऐसे नियम बनाए जा रहे हैं, जिसका लाभ अन्य राज्य के युवाओं को हो सके। हाल ही में सिंचाई विभाग में हुई अस्सिटेंट इंजीनियर्स की भर्ती इसका स्पष्ट उदाहरण है। हैरानी की बात है कि इस भर्ती में सामान्य वर्ग के 42 पदों पर अन्य राज्यों के 28 लोगों को नौकरी दे दी गई। ये बेहद निंदनीय है कि इसी तरह एचपीएससी की लगभग 70 प्रतिशत नौकरियां नॉन-हरियाणवियों को दे दी जाती हैं। इससे पहले बिजली विभाग की एसडीओ, बीडीपीओ से लेकर लेक्चरर्स तक कई भर्तियों में स्थानीय युवाओं के साथ यही धोखा हो चुका है।

## मंगलवार को पूरे प्रदेश में मनाया गया इनेलो पार्टी का 27वां स्थापना दिवस

**चंडीगढ़:** चंडीगढ़ स्थित पार्टी मुख्यालय पर स्वर्गीय चौ. देवीलाल और स्वर्गीय चौ. ओमप्रकाश चौटाला की फोटो पर पुष्प अर्पित किए और झंडा फहराय। इस अवसर पर वरिष्ठ उपप्रधान आरएस चौधरी, पूर्व डीजीपी एमएस मलिक, प्रवक्ता सतबीर सैनी, पार्टी सचिव स. नछत्तर सिंह मलहान, इनेलो की छात्र इकाई आइएसओ के चंडीगढ़ के अध्यक्ष आर्यन बेनीवाल, पंजाब यूनिवर्सिटी से छात्र संघ का चुनाव लड़ चुके तेजस्वी दलाल व राकेश गोयल मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# नागरिकों को नहीं होने दी जाएगी पेयजल की कमी: कृष्ण बेदी

**आश्वस्त किया**

**यदि समस्या आती भी है, तो स्वयं अधिकारियों से मिलकर समस्या का समाधान करेंगे**

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि आमतौर पर गर्मियों के मौसम में पीने के पानी की कमी हो जाती है। उन्होंने पानी की इस कमी को देखते हुए नरवाना विधानसभा क्षेत्र के लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि किसी भी नागरिक को पानी की कमी नहीं होने दी जाएगी। यदि समस्या आती भी है, तो स्वयं अधिकारियों से मिलकर समस्या का समाधान करेंगे। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी पीने के पानी की समस्या को देखते हुए नरवाना में संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार ने हरियाणा में नहरी पानी रोकने का निर्णय लिया है, जो पूर्णतः गैर जिम्मेदाराना है। इस मामले में प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी लगातार नजर बनाए हुए हैं और जल्दी ही इसका हल निकाल लिया जाएगा। पानी रोकने की वजह से हरियाणा के नरवाना, बरवाला, नारनौंद, हांसी, हिसार, भिवानी सहित कुछ शहरी क्षेत्रों में पेयजल की थोड़ी बहुत परेशानी आ सकती है, लेकिन यह चिंता का सबब नहीं है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार एवं प्रशासन इस पर पूरी संजीदगी से लगा हुआ है और लोगों को समस्या नहीं आने दी जाएगी।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि अधिकारी पानी का शिड्यूल बनाकर क्षेत्र वाईज पानी की सप्लाई समय-समय पर करते रहें ताकि शहर व गांवों में पानी की कमी नहीं रहे। इस संबंध में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से भी बात हो चुकी है तथा संबंधित अधिकारियों को भी आदेश दिए गए है। पानी की समस्या का समाधान हो जाएगा। उन्होंने कहा कि अस्थाई तौर पर समस्या के समाधान के लिए संबंधित क्षेत्रों में पानी के टेंकर भेजने के लिए पब्लिक हैल्थ, पंचायत विभाग तथा लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को भी निर्देश दिए गए है।

इसके अलावा 24 घंटे पानी सप्लाई करने वाली मोटरें का भी प्रबंध भी ढाकल हेड पर कर दिया जाएगा, जिससे लगातार पानी की सप्लाई टैंक, टैंकरों एवं पाइप में भी रहेगी। सभी अधिकारियों की टीमें कार्य कर रही है। किसी भी ग्रामीण और नागरिकों को पानी की कमी से परेशान होने की जरूरत नहीं है।

# सरकार सिख गुरुओं की शिक्षाओं को प्रचारित कर रही: सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सिख समाज को आगे बढ़ाने का काम किया है। हरियाणा सरकार भी उन्हीं का अनुसरण करते हुए सिख समाज की भलाई के लिए अनेक कार्य कर रही है। प्रदेश सरकार सिख गुरुओं की शिक्षाओं को प्रचारित व प्रसारित करने का काम कर रही है और सिख समाज के इतिहास को संजों कर रखने का भी काम किया जा रहा है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आज अपने निवास स्थान संत कबीर कुटीर में सिख समाज के लोगों को संबोधित



कर रहे थे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि आज देश प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में विकास की राह पर तीव्र गति से बढ़ रहा है। इसी तरह से हरियाणा में भी विकास की गति का पहिया तेजी से घूम रहा है। इस विकास को और अधिक गति देने के लिए हम सभी ने मिलकर प्रयास करने होंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र व हरियाणा की सरकार किसानों की सच्ची हितैषी हैं। इसी का साक्ष्य है कि हरियाणा में किसानों की सभी फसलों की एमएसपी पर खरीद की जा रही है और पिछले साढ़े दस सालों में किसानों को फसलों के खराबे को लेकर सरकार 14500 करोड़ रुपये दे चुकी है, जबकि वर्ष 2014 से पहले कांग्रेस की सरकार में किसानों को फसल खराबे के तौर पर महज 1155 करोड़ रुपये दिए गए थे। उन्होंने कहा कि यमुनानगर में बन रहे मेडिकल कालेज का नाम श्री गुरु तेग बहादुर जी के नाम पर रखा गया है। इसी तरह से बाबा बंदा सिंह बहादुर जी के नाम से लोहगढ़ में म्यूजियम बनाने का काम जल्द शुरू हो जाएगा।

# कांग्रेस के बयान आतंकवादियों के हौंसले बढ़ाने वाले: मोहन लाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** कांग्रेस के एक्स अकाउंट पर एक फोटो शेयर को लेकर भारतीय जनता पार्टी हमलावर हो गई है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि कांग्रेस के बयान आतंकवादियों के हौंसले बढ़ाने वाले हैं। आतंकियों और कांग्रेस की मिली-जुली सोच बन गई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस द्वारा शेयर की गई फोटो सर तन से जुदा वाली घृणित मानसिका का प्रतिबिंब है। श्री बड़ौली मंगलवार को पंचकूला स्थित भाजपा के प्रदेश कार्यालय पंचकमल में जिला अध्यक्षों की मीटिंग लेने पहुंचे थे। यहां श्री बड़ौली ने मीडिया के सवालों का जवाब भी दिया और प्रदेश में चल रही संगठनात्मक गतिविधियों के बारे में जानकारी भी दी।
मीटिंग के बाद प्रदेश अध्यक्ष ने कांग्रेस को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सदा ही विभाजनकारी और तुष्टिकरण की राजनीति करती आई है। पहलगाम में निर्दोष लोगों पर हुए हमले पर उन्होंने कहा कि आतंकियों ने धर्म को टारगेट किया है। आतंकियों की भारत में हिंसा भड़काने की जो मंशा थी वह कभी पूरी होने वाली नहीं है। देश की 140 करोड़ जनता का आशीर्वाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ है। पीएम मोदी आतंकवाद को नेस्तानाबूद करने के लिए संकल्प के साथ आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पाकिस्तान के खिलाफ जो कड़े निर्णय लिए हैं जनता ने उनका स्वागत किया है।
श्री बड़ौली ने कहा कि कांग्रेस ने देश में लंबे समय तक शासन किया और उनके समय में आतंकवादी घटनाएं भी हुई। भाजपा ने विपक्ष में रहते हुए सदा सरकार का साथ दिया।

# भगवान परशुराम के आदर्शों का अनुसरण कर रही मोदी-नायब सरकार: डॉ अरविंद

**जन्मोत्सव**

**कैथल में 600 करोड़ रुपए की लागत से भगवान परशुराम मेडिकल कालेज का हो रहा निर्माण**

**टीम एक्शन इंडिया**
**गुहला-चीका:** सहकारिता, कारागार, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश में व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी प्रदेश में भगवान परशुराम के आदर्शों का अनुसरण कर रहे हैं। अन्याय के खिलाफ व जरूरतमंद की मदद करने के भगवान परशुराम के विचार पर जनता-जनार्दन का भरोसा जीतकर लगातार तीसरी बार भाजपा की केंद्र व प्रदेश में सरकार बनी है। मंगलवार को गुहला-चीका में खरौदी रोड स्थित भगवान श्री परशुराम धर्मशाला समिति द्वारा आयोजित भगवान परशुराम जन्मोत्सव में सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा मुख्यातिथि के तौर पर पहुंचे। कैबिनेट मंत्री डॉ



अरविंद शर्मा ने पहलगाम आतंकी हमले में जान गंवाने वाले वीर नागरिकों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की सरकार आतंकियों को उनके घर मे घुसकर खत्म करने की क्षमता रखती है। उन्होंने भगवान परशुराम के जन्मोत्सव की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा प्रदेश में सन्त-महापुरुषों के सम्मान व विचार प्रसार के मकसद से जयंतियां मनाने की परम्परा शुरू की गई थी, जिसका आज वर्तमान मुख्यमंत्री नायब इसिंघ सैनी अनुसरण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम ने हमेशा अन्याय के खिलाफ लड़ाई लड़कर धर्म की रक्षा करने का काम किया। उन्होंने अपनी दयालुता से समाज मे पात्र व जरूरतमंद की मदद करके हर वर्ग के उत्थान की भावना को मजबूत किया। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अंत्योदय की भावना के साथ हर वर्ग में जरूरतमंद की भलाई करने व समाज मे बराबरी का अधिकार दिलाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि आज योग्यता के आधार पर लाखों युवाओं के सामने रोजगार अवसर उपलब्ध हो रहे हैं, जोकि हमारे युवाओं के लिए वरदान से कम नहीं है।
सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि भगवान परशुराम के नाम से कैथल के सांपन खेड़ी में 600 करोड़ रुपए की लागत से निर्माण जोर-शोर से चल रहा है। इसी प्रकार भिवानी में पंडित नेकीराम शर्मा के नाम से मेडिकल कालेज से स्पष्ट हो जाता है कि सरकार सन्त-महापुरुषों का सम्मान करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार भाजपा सरकार महापुरुषों के विचार पर निरन्तर आगे बढ़ रही है।

# विश्व का कल्याण, भारतीय सोच को लेकर भावी शिक्षक तैयार करना: शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा

- 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाना हमारा लक्ष्य: शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा
- दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का हुआ समापन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : हरियाणा के शिक्षा** मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि विश्व का कल्याण तभी होगा जब भारतीय सोच को लेकर भावी शिक्षक तैयार किए जाएंगे। इसी सोच के तहत पूरी दुनिया के सामने हमने लक्ष्य रखा है कि 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाएंगे। विकसित भारत का रास्ता शिक्षकों ने तय करना है क्योंकि शिक्षा हर विषय के मूल में हैं। जब शिक्षक अपना धर्म निभाते हुए अच्छे शिष्य तैयार करेंगे और वो शिष्य उच्च शिक्षा ग्रहण कर भिन्न-भिन्न क्षेत्रों में आगे बढेंगे तो निश्चित तौर पर देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जो सपना देखा है वह विकसित भारत का सपना 2047 में



साकार होगा। हमें अपने संकल्प को सिद्धि तक ले जाना है। तभी विश्व में आदर्श भारत का निर्माण होगा। पूरे विश्व में भारत की नई पहचान बनी है व भारत ने पूरे विश्व को नई दिशा दी है। हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा मंगलवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में ऑडिटोरियम हॉल में नेशनल काउंसिल फॉर टीचर एजुकेशन, हरियाणा स्टेट हायर एजुकेशन काउंसिल तथा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में शिक्षक शिक्षा में परिवर्तन विकसित भारत 2047 की दिशा विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के समापन अवसर पर बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि भारत के विकास में कौशल आधारित शिक्षा का महत्वपूर्ण योगदान है। हमें मजबूत राजनीतिक सोच व छात्रों की प्रतिभा को पहचान कर आगे बढ़ना होगा। भारत की सोच बदल रही है। भारत के साथ नवीन चिंतन के साथ आगे बढ़ना होगा। किसी भी कालखंड में हम कमजोर नहीं थे। हम डटे रहे व मुकाबला किया। भारत की परम्परा को आगे बढ़ाकर विश्व गुरु बनाना हमारा संकल्प है। इस संकल्प को सिद्धि तक ले जाना हमारा कर्तव्य है। शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि आज दुनिया में कब्जा करने की होड़ लगी हुई है। संवेदनाएं समाप्त हो गई है। सारी दुनिया को भारत ने चुनौती दी है। भारतीय सोच जीवन दर्शन को आगे बढ़ाना है हमने किसी पर आक्रमण नहीं किया, किसी के जीवन में दखल नहीं दी। हमारे आचार-व्यवहार से किसी को नुकसान नहीं हुआ। हमारा संकल्प देश को शान्ति प्रदान करना है। हमारे विचार के कारण सारी दुनिया हमारे आगे झुक रही है। हमें चुनौतियों का सामना कर आगे बढ़ना है। अपने अंदर संकल्प व ईमानदारी लेकर आगे बढ़ना है। शिक्षक का कार्य व्यक्ति निर्माण करना है। भारत का नवनिर्माण कर दुनिया का सर्वश्रेष्ठ राष्ट्र बनाना हमारा संकल्प है। एनसीटीई के चेयरपर्सन प्रो. पंकज अरोड़ा ने कहा कि एनसीटीई राष्ट्र के सभी प्रदेशों को जोड़ते हैं और इस राष्ट्रीय मिशन का हिस्सा बनाते है। अध्यापक शिक्षा के माध्यम से हम विकसित भारत के उद्देश्य की तरफ बढ़ रहे हैं।

## उद्देशीपुर-चिरस्मी में सवा करोड़ के विकास कार्य की सौगात: विधायक



**गन्नौर। हलका विधायक देवेंद्र कादियान ने मंगलवार को** उद्देशीपुर और चिरस्मी गांव में सवा करोड़ रुपए से अधिक लागत के विकास कार्यों का शुभारंभ नारियल फोड़कर उद्घाटन और शिलान्यास किया। गांव के लोगों और पंच-सरपंचों ने फूलमालाओं से उनका स्वागत किया। विधायक ने पहले उद्देशीपुर गांव में करीब 80 लाख रुपए की लागत से बने बीसी चौपाल से बीपीएल प्लॉट बस्ती तक और वहां से श्मशान घाट तक बने रास्तों का उद्घाटन किया। इसके बाद चिरस्मी गांव में करीब 48 लाख रुपए की लागत से बनने वाले पार्क के हॉल निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। कादियान ने कहा कि उद्देशीपुर में रास्तों की खस्ता हालत से ग्रामीणों को परेशानी हो रही थी। अब रास्ते बन गए हैं तो लोगों को राहत मिलेगी। चिरस्मी में पार्क में हॉल निर्माण जल्द शुरू होगा। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में घटिया सामग्री का इस्तेमाल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि ठेकेदार ने ऐसा किया तो सैंपल लैब में जांच के लिए भेजा जाएगा। कमी मिलने पर कार्रवाई होगी। निर्माण में घटिया सामग्री लग रही है तो उन्हें सीधे फोन पर सूचना दें। वह खुद मौके पर पहुंचकर सैंपल भरवाकर जांच कराएंगे। विधायक कादियान ने कहा कि जनता के आशीर्वाद से उन्हें सेवा का मौका मिला है। सभी को साथ लेकर हलके को आगे बढ़ाना है। मैं कहीं भी जाता तो मैं विधायक नहीं जनता का सेवक बन कर जाता हूं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में गन्नौर बस अड्डे का नवीनीकरण कर उसे आधुनिक रूप दिया जाएगा। सरकार के सहयोग से विकास की गति को रुकने नहीं दिया जाएगा। इस मौके पर चेयरमैन अनिल कुमार, उद्देशीपुर सरपंच आजाद सिंह, भानाराम, फुलकंवार, प्रदीप पंच, सेक्रेटरी नवीन बूरा, सेक्रेटरी रजनी, चिरस्मी सरपंच जसबीर, बिजेंद्र, लहणा, धर्मबीर नंबरदार, सोनू, दिलबाग, धर्मपाल नंबरदार, गोपाल सहित कई लोग मौजूद रहे।

## बड़ी धूमधाम से मनाया गया भगवान परशुराम जन्मोत्सव



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरूक्षेत्र : हर वर्ष की तरह** इस वर्ष भी ब्राह्मण सभा सेक्टर 13 द्वारा भगवान परशुराम जन्मोत्सव कांग्रेस भवन कुरूक्षेत्र में बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के प्रसिद्ध ज्योतिष आचार्य विजय दूतावास की। मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला कार्यवाह संजय को बधाई दी गई ।। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में मोहन ने शर्मा कार्यकर्म की शोभा बढ़ाई । मंच संचालन अमित कौशिक ने किया ।। संजय कौशिक ने कहा कि हम भारतीय संस्कृति की रक्षा के लिए संघ के साथ जुड़ना चाहिए, सप्ताह में एक दिन मोबाइल का उपयोग न करें सप्ताह में काम से कम एक दिन परिवार के साथ खाना खाना चाहिए। व्ही ज्योतिष आचार्य महासभा ने आये सभी ब्राह्मण परिवार का स्वागत और अपनी याचिका में कहा ब्राह्मण सभा सेक्टर 13 पिछले 14 से कांतिवादी परशुराम जयंती मना रही है` उन्होंने कहा कि इस सभा में कोई भी प्रधान या नेता नहीं है, जो पूरी निष्ठा से कार्य कर रहा है विशिष्ट अतिथि ने सभी को समाज के लिए कार्य करने के लिए प्रेरित किया। सभी ने भगवान परशुराम जी के भजन गाए और भगवान परशुराम जी के भजन "धरती का भार हरण श्री राम आए सबसे पहले भगवान परशुराम आए" भजन पर सभी उपस्थित गण खूब झूमे। इस कार्यक्रम में चंद्रमणि अत्री , महेंद्र कौशिक , पितृसत्तात्मक शर्मा , भारत चक्रवर्ती शर्मा , दीनानाथ शर्मा , मिथ्या शर्मा , फकीरचंद शर्मा , निमेष भारद्वाज , विवेक शर्मा , गुलशन शर्मा , अशोक शर्मा , वीरभान शर्मा , राजेंद्र शर्मा , उषा शर्मा , धर्मपाल शर्मा , डॉक्टर सुभाष गौड़ शामिल रहे।

## जाट धर्मशाला की कानून व्यवस्था को करेंगे दुरुस्त: जसमेर

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : जाट सभा के** चुनाव को लेकर कश्यप धर्मशाला में जाट धर्मशाला के प्रधान पद के प्रत्याशी जसमेर घराडसी ने समाज के लोगों के साथ बैठक की और कहा कि हमारा पैनल बनने के बाद धर्मशाला की स्थाई व्यवस्था को ठीक करेंगे, धर्मशाला में लाइब्रेरी खोलेंगे । धर्मशाला की सफाई व्यवस्था को ठीक करेंगे, धर्मशाला में यात्रियों की सुविधाओं के लिए अच्छा रहन-सहन व अच्छे भोजन की व्यवस्था करेंगे। अनुशासित स्टाफ रखेंगे व धर्मशाला की कानून व्यवस्था



ठीक की जाएगी। महिलाओं के लिए अलग से रहन-सहन की व्यवस्था की जाएगी। यात्रियों के लिए ठहरने के लिए ऑनलाइन बुकिंग की व्यवस्था की जाएगी ।धर्मशाला के लिए पहले की तरह अनाज इकट्ठा करने की व्यवस्था करेंगे जो पिछले कई साल से ठप पड़ी हुई है । पढ़ने वाली लड़कियों व लड़कों को धर्मशाला में ठहरने के लिए निशुल्क व्यवस्था करेंगे। धर्मशाला का लेखा जोखा पारदर्शी ऑनलाइन करेंगे ।जाट समाज की एकता अखंडता भलाई और विकास हमारा मुद्दा है हमारे नवयुवक युवती आगे बढ़े उनके भविष्य शिक्षा सुरक्षा रोजगार की व्यवस्था करेंगे। धर्मशाला को फाइव स्टार का दर्जा दिलवाएंगे। मनीष मलिक सारसा, कृष्ण कुमार किरमच, जसमेर सिंह जुलानी खेड़ा, गुरदयाल मलिक, कप्तान सिंह, सतीश कुमार बारना, करमजीत मढान, सूरजमल नैन, फूल कुमार, अंग्रेज सिंह, जगतार काजल, विशाल कुमार, रमेश किरमच, गुलाब सिंह समाज के मौजिज लोग मौजूद थे।

## नगर पालिका ने वार्ड नंबर चार में चलाया सफाई अभियान

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। स्वच्छ भारत** अभियान के तहत नगर पालिका ने शहर के वार्ड नंबर चार में सफाई अभियान चलाया। अभियान के तहत वार्ड में गलियों, नालियों व सड़कों की सफाई की गई। नगर पालिका सचिव अनिल कुमाार ने कहा कि सफाई अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों को साफ सफाई के प्रति जागरूक करना है। लोगों की भागीदारी से ही शहर को गंदगी से मुक्त किया जा सकता है। शहर के विभिन्न वार्डों में सफाई कर लोगों को अभियान के साथ जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि सफाई हमारे स्वस्थ्य का आधार स्तंभ है। घरों आसपास नियमित रूप से सफाई करने से बिमारियां नहीं फैलती हैं। लोगों को कचरा सड़क अथवा गली में डालने के स्थान पर डस्टबीन में एकत्रित करके नगर पालिका के डोर-टू-डोर वाहन में डालना चाहिए, ताकि शहर की सड़कों पर गंदगी ने फैले। उन्होंने सफाई कर्मचारियों को सभी वार्डों में नियमित रूप से गलियों एवं नालियों की सफाई करने के निर्देश दिए और कहा कि आसपास सफाई रहेगी तो हम सभी स्वस्थ रहेंगे।

## पीपली बाजार में धूमधाम से मनाया भगवान परशुराम जन्मोत्सव

**टीम एक्शन इंडिया**

**मनीष कुमार अम्बाला : भगवान** परशुराम मंदिर पीपली बाजार में दो दिवसीय भगवान परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के प्रथम दिन पूरे अम्बाला शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गयी उसके उपरांत कार्यक्रम के दूसरे दिन महिलामंडल द्वारा मंदिर में सुन्दर कांड का पाठ किया गया। उसके उपरांत पंडित पंकज डिमरी ने विधिविधान से हवन यज्ञ करवाया। इसके उपरांत अमृतसर से पधारे महाराज आरती देवा जी महाराज ने अपने मुखारविंद से प्रवचन सुना



कर सभी भक्तों को भाव विभोर कर दिया। इसके पश्चात मंदिर में अटूट लंगर प्रशाद बांटा गया। मंदिर के प्रधान दविंदर शर्मा और महेश दत्त वशिष्ठ ने कार्यक्रम के इस सफल आयोजन के लिए सबको बधाई दी। कार्यक्रम में मुख्यतः आरती देवा जी महाराज, दविंदर शर्मा, महेश दत्त वशिष्ठ, सतीश कुमार, तिलक राज शर्मा, वेद प्रकाश शर्मा, माधव व समस्त युवा मण्डल, पंडित पंकज डिमरी व समस्त महिला मण्डल का योगदान सराहनीय रहा।

## सड़क मार्ग निर्माण में पुरानी टाइल लगाने व अनियमिता से परेशान लोग

**मांग**

- सड़क को चौड़ा करने के लिए बनाई जा रही सड़क निर्माण में भारी अनियमितता सामने आई



**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर । राजलू गढ़ी गांव से** भोगीपुर गांव तक सड़क को चौड़ा करने के लिए बनाई जा रही सड़क निर्माण में भारी अनियमित सामने आई है। लोगों ने विधायक से तुरंत संबंधित अधिकारी व ठेकेदार पर कार्रवाई करने की मांग की है। भोगीपुर गांव के सरपंच सरवन के नेतृत्व में ग्रामीणों ने निर्माण में अनियमितता बरतने पर रोष जताया । ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क निर्माण के दौरान ठेकेदार ने पुरानी टाइल ही लगा दी है जो कई वर्षों से इसी सड़क में गांव की आबादी के अंदर लगी हुई थी। पुरानी टाइल भी समतल नहीं बिछाई है, उनके ऊपर रेत भी डाल दिया है ताकि किसी को उनका लेवल दिखाई ही ना दे। ग्रामीणों ने जब पुरानी टाइल लगाने का विरोध किया तो विभाग द्वारा उसका काम भी बंद करवा दिया है,अब लोग 15 दिन से सड़क पर उड़ती धूल से परेशान है । ग्रामीणों की मांग पर ठेकेदार द्वारा गांव की आबादी के अंदर ही छिड़काव कर खाना पूर्ति कर ली जाती है। गांव से निकलने के बाद भोगीपुर गांव तक कोई छिड़काव नहीं किया जाता । जिस कारण वाहन चालक भी उड़ती धूल से परेशान रहते हैं । ग्रामीणों ने मांग की है कि सड़क का निर्माण कार्य जल्दी शुरू करवाया जाए और पुरानी व कंडम हो चुकी जो टाइल बिछा दी गई है उनको हटाया जाए । ग्रामीण रूपेश, अमित, त्रिलोकचंद, राजेश, विकास, महेंद्र, सतबीर वीरेंद्र आदि ने विधायक से मांग की है कि सड़क निर्माण की जांच कर पुरानी टाइल बिछाने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए । उड़ती धूल के कारण पानी छिड़काव को लेकर जे ई धर्मेंद्र राठी का कहना कि जहां मकान है वहां छिड़काव होगा बाकी सड़क पर छिड़काव नहीं होता, धूल केवल गांव में उड़ती है ।

**निर्माण जल्दी शुरू होगा और सारी कमियां दूर करवाएंगे : एस डी ओ**

इस बारे में एसडीओ ने बताया कि पुरानी टाइल जहां लगाई है वहां पुरानी टाइल का ही टेंडर लगाया गया है, उसमें कोई गड़बड़ी नहीं की है। पुरानी टॉयल टेंडर में ही दिखाई गई है। जहां पुरानी टॉयल ठीक ढंग से नहीं बिछाई है, उन सभी को उखाड़ कर दोबारा से बिछाया जाएगा।
पुरानी टाइल पर रेत अगर घटिया किस्म का डाला गया है उसको उठाकर फाइन साइन रेत डलवाया जाएगा।

## जैन कन्या महाविद्यालय में आयोजित फेयरवेल पार्टी में छात्राओं ने मचाया धमाल

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर । जैन** कन्या महाविद्यालय में मंगलवार को फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। जिसमें बीए व बीकॉम तृतीय वर्ष की छात्राओं को प्रथम वर्ष व द्वितीय वर्ष की छात्राओं द्वारा विदाई दी गई। आयोजित कार्यक्रम में छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में छात्राओं को प्रोत्साहित करने के लिए योग्यता के आधार पर बीए तृतीय वर्ष की छात्राओं को होनहार बेटी के सम्मान देकर पुरस्कृत किया गया। महाविद्यालय के प्रधान आनंद जैन,डायरेक्टर भूषण भाटिया,प्रिंसिपल डॉ.मनोज व वाइस प्रिंसिपल शालिनी जैन ने सभी छात्राओं को उनके उज्जवल



भविष्य के लिए आर्शिवाद दिया । इस अवसर पर प्रिंसिपल डॉक्टर मनोज ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि आपको चुनौतियों का सामना करते हुए बुलन्दियों को छू कर महाविद्यालय का नाम रोशन करना हैं। उन्होंने छात्राओं को मेहनत और लगन से आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा का आशीर्वाद दिया। कॉलेज डायरेक्टर भूषण भाटिया ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि कॉलेज की जो छात्रा यूपीएससी या अन्य किसी परीक्षा पास करती है तो उसको कॉलेज में बतौर मुख्यातिथि बुलाकर सम्मानित किया जायेगा। इस मौके पर जैन संस्था के प्रधान आनंद जैन ने कहा कि उनकी संस्था का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को बेहतर शिक्षा के साथ बेहतर संस्कार देना है।

**परचल लहरयें**

- चुनौतियों का सामना करते हुए बुलन्दियों को छू कर महाविद्यालय का नाम रोशन करना हैं

## मोबाइल मेडिकल यूनिट ने तिगरी और सुरखपुर में 100 लोगों को पहुंचाया स्वास्थ्य लाभ

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र/शाहाबाद मारकंडा : सांसद नवीन जिन्दल द्वारा** कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए संकल्पबद्ध हैं। इसी उद्धेश्य से संसदीय क्षेत्र में मोबाइल मेडिकल युनिट चलाई जा रही हैं। इस श्रृंखला में आज शाहबाद मारकंडा हल्के के गांव तिगरी और सुरखपुर में पहुंच कर लोगों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाया। सांसद नवीन जिन्दल के कार्यालय प्रभारी श्री धर्मवीर सिंह ने बताया कि आज मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा 100 मरीजों को परामर्श और जांच के बाद नि:शुल्क दवाईयों के साथ साथ रक्त एवं युरिन के टेस्ट भी किए गए। उल्लेखनीय है कि सांसद नवीन जिन्दल



की पहल पर नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा स्वस्थ कुरुक्षेत्र अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत लोगों को नि:शुल्क दवाइयों, परामर्श और रक्त एवं मूत्र जांच के साथ साथ खान-पान से संबंधित स्वास्थ्यवर्धक आदतों को अपनाने के लिए भी प्रेरित किया जा रहा है। आज दोनों गांवों में मोबाइल मेडिकल यूनिट के कैंपों के सफल आयोजन लिए गांव सुरखपुर से मदन लाल सैनी सरपंच, सुरेंद्र पंच, श्यामलाल, मीना कुमारी, हंस लाल सैनी, रेखा रानी और गांव तिगरी से अशोक सरपंच, बलविंदर प्रजापत, मीत चौकीदार, दर्शन लाल पंच, सत्यपाल व रघुवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

## कबीरपंथी समाज द्वारा किया गया सभा का आयोजन

**पानीपत , ( कमाल हुसैन ) राष्ट्रीय कबीरपंथी जुलाहा** विकास महासभा एव श्री सद्गुरु कबीर जनसेवा समिति (रजि0), के संयुक्त तत्वाधान में कबीर आश्रम 68, ग्रीन पार्क, तहसील कैंप, पानीपत मे जम्मू कश्मीर के पहलगाम के 28 पर्यटकों के साथ घटित हुई दुर्घटना में शहीद हुये व्यक्तियों की दिवंगत आत्माओ की शांति के लिये एक मौन प्रार्थना सभा के रूप में श्रद्धांजलि सभा एव उनके परिवारों के प्रति अपनी सवेदना प्रकट हेतु महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ0 ओमवीर सिंह पंवार अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजन किया गया।

## पक्के होंगे 27 किमी के गांव को गांव से जोड़ने वाले रास्ते

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। सतनाली एवं** महेंद्रगढ़ क्षेत्र में गांव को गांव अथवा ढाणी से जोड़ने वाले पांच करम के 27 किलीमीटर के विभिन्न कच्चे रास्तों को पक्का बनाने का कार्य शुरू हो गया है। इस बारे में जानकारी देते हुए विकास एवं निगरानी समिति सदस्य संदीप मालड़ा ने बताया कि पिछले वर्ष हुए लोकसभा चुनावों से पहले उन्होंने 'गांव से गांव जोड़ो' अभियान के तहत विभिन्न गांवों के सरपंचों एवं मार्केटिंग बोर्ड के अधिकारियों के साथ अनेक बैठक की थी, जिसके बाद इन रास्तों के ऐस्टिमेट भिजवाए गए थे। ऐस्टिमेट मुख्यालय पहुंचने के बाद सांसद धर्मबीर से मुलाकात



कर इन सभी रास्तों को पक्का करवाने की मंजूरी दिलाने बारे मांग पत्र सौंपा था। सांसद धर्मबीर सिंह ने तत्कालीन मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर इन सभी रास्तों को पक्का बनाने बारे निवेदन किया था। संदीप मालड़ा ने बताया कि उसके बाद लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लग गई थी। चुनाव पूर्ण होने के बाद पुनः मार्केटिंग बोर्ड के मुख्यालय पहुंचकर इन रास्तों का अपडेट लिया। जिसके परिणामस्वरूप इन सभी रास्तों को पक्का करने की प्रशासनिक मंजूरी हरियाणा प्रदेश चुनाव की आचार संहिता लागू होने से पूर्व ही आ गई। प्रदेश सरकार के गठन के बाद बाकी की सभी प्रक्रिया पूरी करने उपरांत अब ठेकेदारों ने इन सभी रास्तों को पक्का बनाने का कार्य प्रारंभ कर दिया है। संदीप मालड़ा ने बताया कि इन सभी रास्तों के पक्का बनने से दो दर्जन से भी अधिक गांवों के लगभग 50 हजार लोगों को सीधा लाभ होगा। हरियाणा सरकार गांवों में भी शहरों की तर्ज भी सुविधाएं दे रही है। इन सभी रास्तों के पक्का बनने से किसानों को अपनी फसल मंडी तक ले जाने में सुविधा होगी। जिससे उसे फसल के अच्छे दाम भी मिलेंगे।

**विकास पर बल**

- इन सभी रास्तों के पक्का बनने से किसानों को अपनी फसल मंडी तक ले जाने में सुविधा होगी

# सिंधु जल संधि निलंबन के आईने में पाकिस्तान का भविष्य



प्रसांतवीरसिंह

"अब, जबकि भारत ने सिंधु जल संधि को अनिश्चित काल हेतु निलम्बित कर दिया है, भारत के इस निर्णय का पाकिस्तान की कृषि, अर्थव्यवस्था एवंघरेलू स्थिरता परत्रिआयामी दुष्प्रभावपड़ना निश्चित है। यदि हम पाकिस्तान की कृषिकी बात करें तो, विश्व बैंक, 2023 के अनुसार, यह पाकिस्तान की सकल घरेलू उत्पाद में 19.2 फीसदीका योगदान करती है और 38.5 फीसदी कार्यबल को रोजगार प्रदान करती है, जो पूरी तरह से सिंधु बेसिन पर निर्भर है। इसके अतिरिक्त खाद्य एवं कृषि संगठन, 2021 के अनुसार, सिंधु जल संधि पाकिस्तान को प्रतिवर्ष 135 मिलियन एकड़ फीट जल सुनिश्चित करती है, जो पाकिस्तान की 90 फीसदी कृषि भूमि को सिंचित करता है। अतः संधि का निलंबन निश्चित तौर पर पाकिस्तानी कृषि के पतन एवं खाद्य सुरक्षा पर संकट का कारक बनेगा"

**हाल** ही में पाकिस्तान स्थित प्रतिबंधित लश्कर-ए-तैयबा के सहयोगी संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट द्वारा जम्मू कश्मीर की बैसरन घाटी (पहलगाम) में किये गए क्रूर एवं घृणित आतंकी हमले में दो दर्जन से अधिक भारतीय एवं विदेशी नागरिकों की नृशंस हत्या के पश्चात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में सुरक्षा मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने आरम्भिक जवाबी कदम उठाते हुए पाकिस्तान के खिलाफ पाँचसूत्री कुटनीतिक कार्य योजना को मंजूरी दिया। जिसमें प्रमुख तौर पर भारत द्वारा सिंधु जल संधि को तब तक के लिये निलम्बित करना है, जब तक कि पाकिस्तान सीमा पार आतंकवाद को समर्थन देना बंद नहीं करता है। ध्यातव्य है कि सिंधु जल संधि, सिंधु एवं इसकी पांच सहायक नदियोंके जल का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करने हेतु भारत और पाकिस्तान के मध्य किया गया एक समझौता है, जो 19 सितम्बर, 1960 को विश्व बैंक की मध्यस्थता में भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू और पाकिस्तान के राष्ट्रपति अयूब खान द्वारा कराची में हस्ताक्षरित किया गया था।इस संधि के अंतर्गत तीन पश्चिमी नदियाँ अर्थात सिंधु, झेलम और चिनाब पाकिस्तान को अप्रतिबंधित उपयोग हेतु आवंटित हुईं, जबकि भारत को तीन पूर्वी नदियाँ अर्थात रावी, व्यास और सतलुज विशेष उपयोग हेतु अधिकृत की गईं। इसके साथ-साथ भारत को कुछ शर्तों के अधीन घरेलू, कृषि और जलविद्युत प्रयोजनों हेतु उक्त पश्चिमी नदियों के सीमितगैर-उपभोग्य उपयोग की अनुमति भी दी गई। अतः इस संधि द्वारा सिंधु बेसिन की सम्पूर्ण जल मात्रा का लगभग 80 फीसदीहिस्सा पाकिस्तान को प्राप्त हुआ, जबकि शेष 20 फीसदी हिस्सा भारत को मिला।

किंतु अब, जबकि भारत ने सिंधु जल संधि को अनिश्चित काल हेतु निलम्बित कर दिया है, भारत के इस निर्णय का पाकिस्तान की कृषि, अर्थव्यवस्था एवंघरेलू स्थिरता परत्रिआयामी दुष्प्रभावपड़ना निश्चित है। यदि हम पाकिस्तान की कृषिकी बात करें तो, विश्व बैंक, 2023 के अनुसार, यह पाकिस्तान की सकल घरेलू उत्पाद में 19.2 फीसदीका योगदान करती है और 38.5 फीसदी कार्यबल को रोजगार प्रदान करती है, जो पूरी तरह से सिंधु बेसिन पर निर्भर है। इसके अतिरिक्त खाद्य एवं कृषि संगठन, 2021 के अनुसार, सिंधु जल संधि पाकिस्तान को प्रतिवर्ष 135 मिलियन एकड़



फीट जल सुनिश्चित करती है, जो पाकिस्तान की 90 फीसदी कृषि भूमि को सिंचित करता है। अतः संधि का निलंबन निश्चित तौर पर पाकिस्तानी कृषि के पतन एवं खाद्य सुरक्षा पर संकट का कारक बनेगा। इसकी पुष्टि अंतरराष्ट्रीय जल प्रबंधन संस्थान, 2022 एवं विश्व खाद्य कार्यक्रम, 2023 की उन आख्याओं से भी होती है, जिनमें क्रमशः कहा गया था कि सिंधु के प्रवाह में 30 फीसदी कमी से पाकिस्तान में गेहूं की पैदावार 40 फीसदी और चावल की पैदावार 35 फीसदी घट सकती है एवं 10 से 15 मिलियन टन खाद्यान्न की कमी से खाद्य कीमतों में 25 फीसदी से 30 फीसदी की वृद्धि हो सकती है, जिससे लगभग साढ़े तीन करोड़ से अधिक लोग खाद्य असुरक्षा का शिकार होंगे। वहीं अगर पाकिस्तानी अर्थव्यवस्था की बात करें तो,अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, 2023 के अनुसार, 124 अरब डॉलर के कर्ज से जूझ रही पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को सिंधु जल प्रवाह की सुनिश्चतता के बिना भीषण नुकसान होगा। इसके अतिरिक्त पाकिस्तान जल एवं विद्युत विकास प्राधिकरण, 2022 के एक आंकलन के अनुसार, सिंधु बेसिन, जो पाकिस्तान की 35 फीसदी बिजली उत्पादितकरती है, प्रवाह कम होने से जलविद्युत उत्पादन में 50 फीसदीकी कमी होगी, मसलन उन्हें ऊर्जा आयात के विकल्प पर विचार करना होगा लेकिन वहीं स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान, 2023, ने पाकिस्तानी हुकूमत को सचेत कर रखा है कि ऊर्जा आयात बढ़ने से चालू खाता घाटा 4 से 5 अरब डॉलर प्रतिवर्ष बढ़ेगा। मसलन अंतरराष्ट्रीय श्रम संघ, 2023 के अनुसार, ऊर्जा की कमी से पाकिस्तान में टेक्सटाइल (निर्यात का 60 फीसदी) और कृषि-प्रसंस्करण उद्योग सिकुड़ेंगे, जिससे 15 लाख नौकरियों कोसंकट का सामना करना होगा। परिणामतः अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोषकंट्री रिपोर्ट, 2023 के अनुसार, पाकिस्तानी सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि 2 फीसदी से गिरकर माइनस 3 फीसदी हो सकती है, जिससे पाकिस्तानी आवाम को अति मुद्रास्फीति और मुद्रा अवमूल्यन जैसी आर्थिक संकटों का सामना करना पड़ेगा। कुल मिलाकर उक्त आर्थिक संकट पाकिस्तान की कमर तोड़ देगी। यदि हम घरेलु स्तर पर पाकिस्तान के जल संकट की बात करें तो वर्ल्ड रिसोर्सेज इंस्टीट्यूट, 2023 के अनुसार, पाकिस्तान पहले से ही दुनिया का तीसरा सबसे अधिक जल-तनावग्रस्त देश है। ऐसे में सिंधु जल संधि का निलंबनपेयजल हेतु इसकी 97 फीसदी निर्भरता को प्रभावित करेगा, जो अत्यंत भयावह होगा। मसलन यूनिसेफ, 2022 के अनुसार, कराची, लाहौर और इस्लामाबाद जैसे प्रमुख शहर 70 फीसदी जल हेतु सिंधु नदी पर निर्भर हैं। जिसमें 20 फीसदीकी भी आपूर्ति बाधित होने से 2.5 करोड़ शहरी निवासी पाइपलाइन जल के बिना रह जाएँगे। वहीं संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायुक्त, 2023 के अनुसार, पाकिस्तान की 62 फीसदी आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है, जो नहर सिंचाई पर निर्भर है। जल की कमी से एक से डेढ़ करोड़ लोग विस्थापित हो सकते हैं, जिससे आंतरिक पलायन का संकट उत्पन्न होगा, जबकि पहले से ही पाकिस्तान भीषण आंतरिक संघर्षों का सामना कर रहा है, ऊपर से घरेलू जल संकट इन संघर्षों को और उत्प्रेरित करेगा। इसकी पुष्टि इंटरनेशनल क्राइसिस ग्रुप, 2023 की एक अध्ययन करती है, जो बताती है कि सिंध और पंजाब ऐतिहासिक रूप से जल बँटवारे को लेकर संघर्ष करते आए हैं, ऐसे में सिंधु जल प्रवाह में 30 फीसदी कमी से हिंसा भड़क सकती है, जिससे संघीय व्यवस्था अस्थिर होगी। वहीं यदि पारिस्थितिकी मोर्चे पर देखें तो सिंधु डेल्टा, जहाँ लगभग 12 लाख लोग रहते हैं और पाकिस्तान के 25 फीसदी मैंग्रोव स्थित हैं, अस्तित्व के संकट से जूझ रहा है। वर्ल्ड वाइड फंड फॉर नेचर, 2023 के अनुसार, वर्ष 1950 से अब तक, मीठे पानी के प्रवाह में कमी से 23 लाख एकड़ डेल्टा भूमि नष्ट हो चुकी है। ऐसे में सिंधु जल संधि के पूर्ण निलंबन से शेष मैंग्रोव समाप्त हो जाएँगे, जिससे मछली प्रजनन क्षेत्र और लगभग 5 लाख मछुआरों की आजीविका नष्ट हो जाएगी, जो भयावह होगा।सिंधु जल संधि के निलंबन के पश्चातपाकिस्तान के पास संकट न्यूनीकरण प्रयास के रूप में जो सीमित विकल्प उपलब्ध हैं, उन पर भी अपने अलग संकट हैं। मसलन पाकिस्तान यदि आसन्न जल संकट का सामना करने हेतु जल संरक्षण के विकल्प का चयन करता है तो,विश्व बैंक, 2023 के एक आंकड़े के अनुसार, बुनियादी ढाँचा आधुनिकीकरण से प्रतिवर्ष 15 से 20 मिलियन एकड फीट पानी बचाया जा सकता है, लेकिन इसके लिए 10 अरब डॉलर की आवश्यकता होगी, जो उपलब्ध नहीं है। कारणवश पाकिस्तान में 30 फीसदीजल टूटी नहरों के कारण बर्बाद हो जाता है। वहीं यदि कूटनीतिक मोर्चे की बात करें तो अल जजीरा, 2023की एक आख्या के अनुसार, भारत के विरुद्ध पाकिस्तान द्वारा इस्लामिक सहयोग संगठन से राजनीतिक समर्थन प्राप्त करने के प्रयास की प्रभावशीलता, खाड़ी देशों के साथ भारत के बेहतर सम्बंधों की वजह से सीमित हो जाती है।हालाँकि पाकिस्तान सिंधु जल संधि के निलंबन पर अंतरराष्ट्रीय न्यायालय का रुख कर सकता है, लेकिन अंतरराष्ट्रीय न्यायालय के ऐतिहासिक आंकड़ों (2023) के अनुसार, इस मुद्दे पर अंतिम निर्णय आने में कम से कम 5 से 7 साल लग सकते हैं और यदि निर्णय पाकिस्तान के पक्ष में रहा तो भी तब तक आसन्न संकट को रोकने में बहुत देर हो चुकी होगी।

**निष्कर्षतः** सिंधु जल संधि का निलंबन पाकिस्तान को त्रिआयामी संकटकृषि के पतन, आर्थिक अस्थिरता एवं सामाजिक संघर्ष में धकेल देगा, जिसके दुष्प्रभाव निश्चित तौर पर केवल पाकिस्तान तक सीमित नहीं रहेंगे।

इसके अतिरिक्त रैंड कॉर्पोरेशन ने अपने एक अध्ययन ( 2023 ) में बताया है कि जल संकट से भारत और पाकिस्तान संघर्ष का जोखिम 40 फीसदीतक बढ़ जाता है। हालाँकि भारत आतंकवाद के वालिद पाकिस्तान से किसी भी स्तर पर निपटने हेतु पूरी तरह सक्षम एवं तैयार है।

## संपादकीय

# त्रेता और द्वापर युग से चिरंजीवी हैं भगवान परशुराम

**भगवान** विष्णु के अवतार भगवान परशुराम चिरंजीवी हैं। वे भगवान श्रीराम के समय भी थे और भगवान श्रीकृष्ण के समय भी मौजूद रहे, आज भी उन्हें साक्षात जीवित देव माना जाता है। भगवान परशुराम ने ही श्रीकृष्ण को सुदर्शन चक्र उपलब्ध कराया था। किदवदन्ति है कि महेंद्रगिरि पर्वत भगवान परशुराम की तपस्या स्थली रही है और उसी पर्वत को कल्पांत तक तपस्या के लिए उन्होंने चुना। कहते है, एक बार भगवान गणेश ने परशुराम को शिव दर्शन करने से रोक दिया था, जिससे रुष्ट होकर परशुराम ने उन पर अपने फरसे से प्रहार किया, जिससे उनका एक दांत टूट हो गया और तभी से वे एकदंत हो गए। त्रेतायुग में सीता स्वयंवर में शिव धनुष टूटने पर वे पहले बहुत नाराज हुए और फिर क्रोध शांत होने पर श्रीराम का सम्मान भी किया। द्वापर युग में उन्होंने असत्य वचन के लिए दंड स्वरूप कर्ण को सारी विद्या विस्मृत होने का श्राप दिया था, साथ ही भीष्म, द्रोण व कर्ण को शस्त्र विद्या प्रदान की थी। भगवान परशुराम को विष्णु का छठा 'अवतार' माना जाता है। जबकि श्रीराम सातवें अवतार थे। भगवान परशुराम का जन्म 5142 वि.पू. वैशाख शुक्ल तृतीया के प्रथम प्रहर में हुआ था। इनका जन्म सतयुग और त्रेता का संधिकाल भी माना जाता है। भगवान परशुराम का जन्म 6 उच्च ग्रहों के योग के समय में हुआ। जन्म तिथि अक्षय तृतीया होने कारण इसी दिन परशुराम जयंती मनाई जाती है। साहित्यकार शिवकुमार सिंह कौशिकेय द्वारा किये गए एक शोध के तहत परशुराम का जन्म वर्तमान बलिया के खैराडीह में बताया गया है। उत्तर प्रदेश के शासकीय बलिया गजेटियर में परशुराम का चित्र सहित संपूर्ण विवरण उपलब्ध होना बताया गया है। एक किंवदंती में मध्य प्रदेश के इंदौर के पास स्थित महू से कुछ ही दूरी पर स्थित जानापाव की पहाड़ी पर भगवान परशुराम का जन्म होना बताया गया है। यहां पर परशुराम के पिता ऋर्षि जमदग्नि का आश्रम है। कहते हैं कि प्राचीन काल में इंदौर के पास ही मुंडी गांव स्थित रेणुका पर्वत पर माता रेणुका रहती थीं। एक अन्य मान्यता में छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में घने जंगलों के बीच कलचा गांव में एक शतमहला है। जमदग्नि ऋषि की पत्नी रेणुका इसी महल में रहती थीं और भगवान परशुराम को उन्होंने यहीं जन्म दिया था। शाहजहांपुर के जलालाबाद में जमदग्नि आश्रम से करीब दो किलोमीटर पूर्व दिशा में हजारों साल पुराने मन्दिर के अवशेष मिलते हैं जिसे भगवान परशुराम की जन्मस्थली कहा जाता है। महर्षि ऋचीक ने महर्षि अगत्स्य के अनुरोध पर जमदग्नि को महर्षि अगत्स्य के साथ दक्षिण में कोंकण प्रदेश में धर्म प्रचार का कार्य करने लगे। कोंकण प्रदेश का राजा जमदग्नि की विद्वता पर इतना मोहित हुआ कि उसने अपनी पुत्री रेणुका का विवाह इनसे कर दिया। इन्ही रेणुका के पांचवें गर्भ से भगवान परशुराम का जन्म हुआ। जमदग्नि ने गृहस्थ जीवन में प्रवेश करने के बाद धर्म प्रचार का कार्य बन्द कर दिया और राजा गाधि की स्वीकृति लेकर इन्होंने अपना जमदग्नि आश्रम स्थापित किया और अपनी पत्नी रेणुका के साथ वहीं रहने लगे। राजा गाधि ने वर्तमान जलालाबाद के निकट की भूमि जमदग्नि के आश्रम के लिए चुनी थी।

## कविता

### सांझ में ढलती परछाइयां।

उगते सूरज और धूप में
बनती कभी उभरती परछाई
लौटती नहीं
सांझ होते ही लुप्त हो जाती,
काली स्याह परछाइयों की
कोई छवि नहीं होती
सदैव निर्विकार होती हैं
परछाइयां,
परछाइयों के कोई विचार,
शब्दावली नहीं होती,
केवल ओझल होने
वाली सीमाएं होती हैं,
केवल उजालों की स्मृतियां
शेष रह जाती हैं,
हवा को दोनों हथेलियों से
नहीं समेट सका है कोई,
यादों की तरह परछाइयां भी
उड़ जाती हैं हवाओं में,
सूखी नदियां कभी
समंदर में नहीं मिलती,
छलकता पानी ही मिल पाता है
छूट जाती है
रेतीली नदियां पीछे,
इसी तरह आकाश भी
परछाई विहीन होता है,
शायद बिंब भी नहीं बनते,
लबालब नदी में पैरों के

संजीव

---

# पौराणिक महत्व का त्योंहार है अक्षय तृतीया

**रमेश सर्राफ धमोरा**

**अक्षय** तृतीया वैशाख महीने में शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाया जाता है। हिंदू शास्त्रों और पुराणों के अनुसार चार युग का चक्र होता है, जिसे सतयुग, त्रेतायुग, द्वापरयुग और कलियुग के नाम से जाना जाता है। अक्षय तृतीया के दिन सतयुग जिसे इंसान के जीवन का सुनहरा दौर कहा जाता है वो समाप्त हो जाता है और त्रेतायुग शुरू हो जाता है। इसलिए अक्षय तृतीया को युगादि तिथि भी कहा जाता है। हिंदू परिवारों के लिए यह दिन बहुत ज्यादा महत्व रखता है। अक्षय शब्द का अर्थ होता है कभी न मिटने या कम होने होने वाला। संस्कृत में अक्षय (अक्षय) शब्द का अर्थ समृद्धि, आशा, खुशी, सफलता होता है। जबकि तृतीया का अर्थ है चंद्रमा का तीसरा चरण। इसका नाम हिंदू कैलेंडर में वैसाख के वसंत महीने के तीसरे चंद्र दिवस के नाम पर रखा गया है। इस त्योहार को हम अपनी भाषा में आखातीज नाम से भी जानते हैं। जिसका अर्थ होता है जो कभी खत्म ना होने वाला। इसलिए माना जाता है की यह दिन हमारे लिए वस्तुओं की खरीदारी का सबसे शुभ दिन माना जाता है। "अक्षय" शब्द का अर्थ होता है जो कभी खत्म न हो। इसी कारण इस दिन किए गए सभी अच्छे कार्यों, जैसे जप, यज्ञ, दान-पुण्य, का पुण्य कभी भी समाप्त नहीं होता। माना जाता है कि अक्षय तृतीया का दिन व्यक्ति को अनंत सुख और समृद्धि की प्राप्ति करता है। इस दिन जितने पुण्य किए जाए उतने हमें हमारे लिए कम है। हमारे देश में समय-समय पर बहुत से त्यौहार मनाये जाते हैं। इसलिए हमारे देश को त्योहारों का देश भी कहते है। हिन्दू धर्मावलम्बियोंके प्रमुख त्योहारों में से एक अक्षय तृतीया है जिसे हम आखा तीज भी कहते हैं। अक्षय तृतीया देश भर में हिंदुओं द्वारा मनाए जाने वाले सबसे पवित्र और शुभ दिनों में से एक है। माना जाता है कि इस दिन से जो भी कार्य इस शुरू होता है वो हमेशा पूर्ण होता है। यह त्यौहार हर वर्ष वैशाख महीने में शुक्ल पक्ष के तृतीया को आता है। इस वर्ष अक्षय तृतीया 22 अप्रैल को है। अक्षय तृतीया को शादी का अबूझ मुहुर्त माना जाता हैं। क्योंकि इस दिन शुभ कार्य करने के लिए मुहूर्त नहीं देखना पड़ता। इसी कारण अक्षय तृतीया को बहुत अधिक शादियां होती हैं। अक्षय तृतीया का पर्व बसंत और ग्रीष्म के संधिकाल का महोत्सव है। इस तिथि में गंगा स्नान, पितरों का तिल व जल से तर्पण और पिंडदान भी पूर्ण विश्वास से किया जाता है जिसका फल भी अक्षय होता है। इस तिथि की गणना युगादि तिथियों में होती है। क्योंकि सतयुग की समाप्ती पर त्रेतायुग का आरंभ इसी तिथि से हुआ है। माना जाता है कि इस दिन भगवान विष्णु ने परशुराम के रूप में जन्म लिया था। इसीलिये इस दिन को परशुराम जयंती के रूप में मनाते हैं। मान्यता है कि आखा तीज के दिन राजा भागीरथ गंगा नदी को पृथ्वी पर लाये थे। अक्षय तृतीया के दिन भगवान विष्णु तथा उनकी धर्मपत्नी लक्ष्मी जी की पूजा की जाती है।

## विचार

# वन्य जीवों और पेड़ों के लिए अपनी जान पर खेलता बिश्नोई समाज

**डॉ. सत्यवान 'सौरभ'**

**भारत** में जब पर्यावरण संरक्षण की बात होती है, तो राजस्थान के बिश्नोई समाज का नाम बड़े सम्मान के साथ लिया जाता है। सदियों से यह समाज पेड़-पौधों और वन्य जीवों के संरक्षण में अपनी जान तक न्यौछावर करता आया है। बिश्नोई समाज न केवल प्रकृति का रक्षक है, बल्कि वह उसे ईश्वर के रूप में पूजता भी है। राजस्थान के रेतीले धोरों में फैले इस समाज की जीवटता और प्रकृति प्रेम की मिसालें आज भी दिल को छू जाती हैं।

**हिरण के बच्चों की ममता भरी देखभाल**

बिश्नोई समाज की महिलाओं का हिरणों के प्रति प्रेम किसी भी मानवीय रिश्ते से कम नहीं है। यहां की महिलाएं अनाथ या घायल हिरण के बच्चों को अपने शिशु की तरह पालती हैं – उन्हें न सिर्फ अपने घर लाती हैं, बल्कि अपना दूध पिलाकर उनका पालन-पोषण करती हैं। यह दृश्य जितना अद्भुत लगता है, उतना ही हृदयस्पर्शी भी है। पांच सौ वर्षों से चली आ रही इस परंपरा में, ममता और प्रकृति के बीच का अदृश्य रिश्ता हर दिन जीवित रहता है। यहां के बच्चे जानवरों के साथ बड़े होते हैं, खेलते हैं, सीखते हैं कि पेड़ और पशु उनके जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं। बिश्नोई समाज में हिरण को भगवान श्रीकृष्ण का अवतार माना जाता है। इसीलिए, यहां के लोग हिरणों को पूजते हैं और उनकी रक्षा को अपना धर्म समझते हैं।

**बिश्नोई आंदोलनः पर्यावरण संरक्षण की पहली चिंगारी**

पर्यावरण आंदोलन के इतिहास में बिश्नोई समाज का योगदान अतुलनीय है। 1730 के दशक में, जोधपुर के राजा अभय सिंह ने अपने नए महल के निर्माण के लिए खेजड़ी के वृक्षों को काटने का आदेश दिया। जब सैनिक पेड़ों को काटने आए, तो खेजड़ली गांव की अमृता देवी बिश्नोई ने अपनी तीन बेटियों के साथ मिलकर पेड़ों से लिपटकर उनका बचाव किया। सैनिकों ने उनके प्राणों की भी परवाह नहीं की। देखते ही देखते, 363 बिश्नोई पुरुषों, महिलाओं और बच्चों ने वृक्षों की रक्षा करते हुए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। इस बलिदान ने भारत के सामाजिक और सांस्कृतिक इतिहास में एक अमिट छाप छोड़ी। अमृता देवी के नेतृत्व में हुआ यह बलिदान बाद के चिपको आंदोलन का भी प्रेरणास्त्रोत बना। आज भी भारत सरकार अमृता देवी बिश्नोई वन्यजीव संरक्षण पुरस्कार के माध्यम से इस महान विरासत को याद करती है।

**29 नियमों पर आधारित जीवनशैली**

बिश्नोई समाज की जीवनशैली 'जाम्भोजी महाराज' द्वारा प्रतिपादित 29 नियमों पर आधारित है।

'बीस' और 'नौ' से मिलकर बना 'बिश्नोई' शब्द, इन नियमों के प्रति समाज की अटूट निष्ठा का परिचायक है। इन नियमों में शाकाहार, जीवों की रक्षा, पेड़ों की पूजा, पानी का संरक्षण और सरल जीवनशैली पर विशेष बल दिया गया है। बिश्नोई समाज का प्रत्येक व्यक्ति, चाहे वह पुरुष हो या महिला, इन आदर्शों को अपने जीवन का आधार बनाता है।

**संगठित प्रयासः जीव रक्षा से टाइगर फोर्स तक**

समाज के भीतर ही नहीं, बिश्नोईयों ने अपने संगठनों के जरिये भी बड़े पैमाने पर संरक्षण का कार्य किया है। 'अखिल भारतीय जीव रक्षा बिश्नोई महासभा' और 'बिश्नोई टाइगर फोर्स' जैसी संस्थाएं चौबीसों घंटे वन्यजीवों की रक्षा में लगी रहती हैं। शिकारियों को पकड़ना, कानूनी कार्यवाही कराना और आम लोगों में जागरूकता फैलाना – ये इनके नियमित कार्य हैं। आज जब दुनिया भर में पर्यावरण संरक्षण की बातें हो रही हैं, तब भी बिश्नोई समाज नारे नहीं, अपने कर्मों से उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है। इनके लिए संरक्षण कोई अलग अभियान नहीं, बल्कि सांस लेने जैसा स्वाभाविक कार्य है।

**बिश्नोई समाज से मिलने वाली प्रेरणा**

जहां आधुनिक सभ्यता के दबाव में मनुष्य और प्रकृति के बीच की दूरी बढ़ती जा रही है, वहीं बिश्नोई समाज यह सिखाता है कि इंसान प्रकृति का अभिन्न अंग है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

एक्शन इंडिया में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# दुश्मन के मानसिक नियंत्रण पर प्रहार'

**संजीव**

**हर** देश में राष्ट्र के प्रति और राष्ट्रहित के प्रति चिंतन करने वालों का समूह होना चाहिए,जो प्रजातांत्रिक लोकतांत्रिक तथा राष्ट्रहित के विचारों और विकास के मूल मंत्र को नई ऊर्जा ताजा हवा और आगे बढ़ने की सच्चाई को इंगित कर सकें' बिना संस्कृति ,संस्कार और वैचारिक क्षमता के कोई भी राष्ट्र वैश्विक स्तर पर अंतरराष्ट्रीय प्रगति करने की सोच भी नहीं सकता' वैचारिक और सैद्धांतिक अंतरधारा, सिद्धांतों को कुचला या नष्ट नहीं किया जा सकता। व्यक्तिगत वैचारिक अभिव्यक्ति भारत के संदर्भ में गणतंत्र की मूल आत्मा है। विचार और सिद्धांत व्यक्ति की अंतःप्रज्ञा होती है। यह सिद्धांत तथा अंतः विचारधारा जनमानस तक पहुंचने से बाधित किया जाए तो अंतरात्मा को प्रभावित करती है। इसके गहरे प्रभाव से व्यक्ति वह सब कर सकता है, जो बिना मार्गदर्शन के व्यक्ति नहीं कर सकता। प्राचीन काल से अब तक मनीषियों के वैचारिक सिद्धांत और विचारधारा सदैव समाज के दिग्दर्शक मार्गदर्शक रहे हैं। इनकी भूमिका सदैव महत्वपूर्ण रही है।यदि यही सिद्धांत और अंतः प्रज्ञा जनमानस आत्मसात कर लेता है, तो इसका प्रभाव एक जन आंदोलन का रूप ले लेता है और यहीं से युग परिवर्तन की लहर उत्पादित होती है। प्राचीन यूनान में एक बहुत ही कुरूप किंतु विद्वान व्यक्ति रहते थे,उनके विचारों में मौलिकता,नयापन जनजागृति की अद्भुत क्षमता थी। उनकी विद्वता के कारण आम जनमानस होने राजा से ज्यादा महत्व और बुद्धिमान मानते थे। राजकीय तानाशाही के चलते उनके विचारों के कारण उनको मृत्युदंड दे दिया गया।

जहर का प्याला पीने के बाद भी विद्वान, चिंतक, सुकरात अमर हो गए, उनकी विचारधारा आज भी जीवित है, एवं लोग उसे अपनाकर अपना जीवन सुधारने में इसका उपयोग करते हैं। अब्राहम लिंकन ने अमेरिकी स्वतंत्रता के बाद दास प्रथा के बारे में कहा था कि दास भी मनुष्य हैं, उन्हें भी उतना ही जीने का अधिकार है जितना स्वामी को है। अब्राहम लिंकन के आंदोलनकारी विचार से तत्कालीन समय में अमेरिका के लोग घबरा गए थे,और उनकी हत्या कर दी गई थी।

# अन्न के अभाव में उत्सव

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा**

**गाँव** के मशहूर चौराहे पर, जहां कभी हलचल और रौनक का आलम हुआ करता था, आज सन्नाटा पसरा था। गुलाबी गमछे में मुँह ढांपे रामलाल खाट पर बैठे-बैठे सोच रहा था कि उसकी खाली थाली कब भर पाएगी। हर चुनाव के दौरान उसी चौपाल पर नेताजी का वादा हुआ करता था - सबको मिलेगा भरपेट अन्न। लेकिन इन वादों की परतें उतनी ही झूठी थीं, जितना नेताजी का हर बार का नया सूट। चूल्हे में दो दिन से कोई लकड़ी नहीं जली। मोहल्ले में बच्चों ने हंसना छोड़ दिया था। खेतों के डरावने सन्नाटे में मजदूरों की हंसी की गूंज अब कभी-कभार सुनाई देती थी। हर साल, बुआई के बाद किसानों की कहानियाँ, उनके खेतों की, बाजारों की रोचक चर्चाएँ करते थे। पर अब केवल सूखे खेतों की धूल थी और उन खेतों पर टूटे सपने। कहीं किसी घर की दीवार पर एक तवा टंगा था, जो अब केवल डेकोरेशन का हिस्सा बन चुका था। सुबह ही एक स्कूल का कार्यक्रम देखने सरकारी बाबू आए थे।

बच्चों को मिठाई बांटी गई। लेकिन उन मिठाइयों के लिए लाइन में खड़े लोग बच्चों से ज्यादा थे। अरे, छोटू! ये मिठाई तो नेताजी के वादों की तरह लगती है ऊपर से मीठी, अंदर से खोखली, पास खड़े आदमी ने हंसते हुए कहा, पर उसकी हंसी में दर्द छिपा था। छोटे-से छोटू ने इसे पकड़ा और घर की ओर भागा, शायद मां के लिए। शाम को रामलाल के दरवाजे पर एक आदमी आया। सुना है, चुनाव आ रहे हैं। नेताजी ने वादा किया है कि इस बार सबके घर में खाना होगा। लो, ये चावल। रामलाल ने चावल की बोरी को देखा, पर उसकी आंखों में खुशी नहीं झलकी। भाई साहब, नेताजी हर बार की तरह इस बार भी वोट मांगने आएंगे, पर क्या चावल कभी हमारी भूख को समझ पाएंगे? रामलाल ने हंसने की कोशिश की, पर उसकी हंसी गले में अटक गई। आसमान में गिद्धों का झुंड चक्कर काट रहा था। शायद वो भी समझ गए थे कि इस गाँव में पेट भरने का इंतजार अब केवल एक सपना है। भाई साहब, जब पेट खाली हो, तो दुनिया का हर रंग काला ही नजर आता है, रामलाल की बातों में एक अजीब-सी गहराई थी।

## न्यूज फ्लैश

### दिल्ली मशीन टूल और मैन्युफैक्चरिंग टेक्नोलॉजी एक्सपो और फैक्ट्री इक्विपमेंट एक्सपो

**गुरुग्राम:** भारतीय मशीन टूल निमार्ता संघ दिल्ली में दिल्ली मशीन टूल और मैन्युफैक्चरिंग टेक्नोलॉजी एक्सपो का पाँचवाँ संस्करण और फैक्ट्री इक्विपमेंट एक्सपो का दूसरा संस्करण आयोजित कर रहा है। ये दोनों प्रमुख आयोजन 8 से 11 मई 2025 तक भारत मंडपम (पूर्व में प्रगति मैदान), नई दिल्ली में आयोजित किए जाएंगे। करीब 15,000 वर्ग मीटर प्रदर्शनी क्षेत्र में फैले इस एक्सपो में लगभग 250 प्रदर्शक भाग लेंगे और 15,000 से अधिक आगंतुकों के आने की उम्मीद है। एक्सपो में धातु प्रसंस्करण मशीनों, सहायक उपकरणों और विभिन्न घटकों की नवीनतम तकनीकों का प्रदर्शन किया जाएगा, जिनमें कटिंग मशीन, फॉर्मिंग मशीन, वेल्डिंग तकनीक, इंडस्ट्री 4.0 से जुड़ा सॉफ्टवेयर व हार्डवेयर, 3डी प्रिंटिंग और एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग जैसी अत्याधुनिक प्रणालियाँ शामिल होंगी। वहीं, फैक्ट्री इक्विपमेंट एक्सपो 2025 में आधुनिक फैक्ट्री उपकरण, सामग्री भंडारण व प्रबंधन, और सतत व पर्यावरणीय समाधान जैसी तकनीकों का प्रदर्शन किया जाएगा, जो भविष्य की फैक्ट्रियों को सशक्त बनाने में मदद करेंगे। इंडियन मशीन टूल मैन्युफैक्चरर एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र एस. राजमाने ने कहा, दिल्ली मशीन टूल और मैन्युफैक्चरिंग टेक्नोलॉजी एक्सपो 2025 और फैक्ट्री इक्विपमेंट एक्सपो 2025 उत्तर भारत के उद्योगों के लिए नवीनतम तकनीकों और समाधानों से परिचित होने तथा नेटवर्किंग के महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करेंगे, जो आने वाले वर्षों में विनिर्माण क्षेत्र को आगे बढ़ाएंगे।




### भगवान परशुराम का जीवन आदर्श, प्रेरणा ले युवा पीढ़ी: डॉ अरविंद शर्मा

**एक्शन इंडिया, गोहाना (भंवर सिंह)**

सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि भगवान परशुराम के जीवन से साहस, आक्रामकता, युद्ध कौशल, शांति, धैर्य, विवेक जैसे गुणों से भरपूर व्यक्तित्व की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि उनके आदर्श जीवन को अपनाने के लिए हमें मिलकर युवा पीढ़ी को प्रेरित करना होगा, तभी समाज में न्याय व समता की स्थापना होगी। वह सोनीपत रोड टी पॉइंट पर स्थित भगवान परशुराम चौक पर भगवान परशुराम जन्मोत्सव समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे थे।



इससे पूर्व उन्होंने पहलगाम में आतंकी हमले में जान गंवाने वाले वीर नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम का जीवन सदैव आदर्श रहा है। भगवान परशुराम ने हमेशा अन्याय के खिलाफ लड़ाई लड़ते हुए धर्म की स्थापना की। उनका लक्ष्य सभी को साथ लेकर चलने और जरूरतमंद की भलाई करने का रहा। उन्होंने समाज की बुराईयों के खिलाफ लड़ाई लड़ी और हमें आज उनके बताए मार्ग पर समाज को एक-एक करके आगे बढाने की आवश्यकता है। सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि पहलगाम में आतंकी हमले से पाकिस्तान का मानवता विरोधी चेहरा सामने आया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सरकार उनकी कायराना हरकत का मुंहतोड़ जवाब देगी। उन्होंने कहा कि देश की 140 करोड़ जनता एकजुट होकर आतंकी हमले की निंदा कर रही है। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता माईराम कौशिक, नप चेयरपर्सन रजनी विरमानी, डॉ गजराज कौशिक, इसराना सेएसडीएम आशीष वशिष्ठ, सुभाष शर्मा, श्यामलाल वशिष्ठ, राजकुमार शर्मा, डॉ कपूर नरवाल, बलराम कौशिक, डॉ ओमप्रकाश शर्मा, शिवकुमार, भानुप्रकाश शर्मा, राजबीर शर्मा, भूपेंद्र मुदगिल, प्रवीण खुराना, रीना शर्मा, रामदिया, चांद वशिष्ठ, कुलदीप कौशिक, सुभाष भारद्वाज, जयकिशन शर्मा, जगबीर जैन आदि मौजूद रहे।

# नरेश टिकैत के देशद्रोही बयानबाजी के खिलाफ देशभर में आक्रोश: पवन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। भाजपा किसान मोर्चा** जिला अध्यक्ष ने बैठक कर नरेश टिकैत के देशद्रोही बयान की कड़ी निंदा की। टिकैत ने कहा कि भारत सरकार को सिंधु जल संधि को रद्द नहीं करना चाहिए था, क्योंकि भारत और पाकिस्तान का किसान एक है। भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष पवन खेरवाल ने मीटिंग कर नरेश टिकैत के बयान की कड़ी निंदा करते हुए कहा, पहलगाम में पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों द्वारा 26 हिंदू तीर्थयात्रियों की निर्मम हत्या के बाद पूरा देश आक्रोशित है। देश की जनता एकजुट होकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पाकिस्तान को करारा जवाब देने की मांग कर रही है। भारत सरकार ने कठोर निर्णय लेते हुए पाकिस्तान



के साथ राजनीतिक संबंध समाप्त कर दिए हैं, बाघा-अटारी बॉर्डर पर बीटिंग रिट्रीट समारोह को रद्द कर दिया गया है। सभी पाकिस्तानियों के वीजा रद्द कर दिए गए हैं और उन्हें भारत छोड़ने के लिए निर्देशित किया गया है। इसके अतिरिक्त, भारत ने सिंधु जल संधि 1960 को तत्काल प्रभाव से निरस्त करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ने सिंधु जल संधि के अनुच्छेद 12(3) के तहत संधि में संशोधन की औपचारिक मांग करते हुए स्पष्ट कर दिया है कि आतंकवाद और बातचीत एक साथ नहीं चल सकते। ऐसे समय में जब पूरा देश एकजुट है, कुछ तथाकथित किसान नेता राष्ट्र विरोधी बयान देकर देश के जख्मों पर नमक छिड़कने का कार्य कर रहे हैं।

नरेश टिकैत ने कहा कि भारत सरकार को सिंधु जल संधि को रद्द नहीं करना चाहिए था, क्योंकि भारत और पाकिस्तान का किसान एक है। हम नरेश टिकैत से पूछना चाहते हैं-जो देश हमारे निर्दोष नागरिकों की हत्या करवा रहा है, उसके हुक्का-पानी को बंद क्यों न किया जाए? बार-बार भारत की पीठ में छुरा घोंपने वाले पाकिस्तान के प्रति प्रेम का आखिर क्या औचित्य है? यदि पाकिस्तान से इतना ही प्रेम है, तो नरेश टिकैत पाकिस्तान चले जाना चाहिए। नरेश टिकैत का यह बयान शहीदों और उनके परिवारों का अपमान है। भाजपा किसान मोर्चा पूरे देश की जनता की ओर से मांग करता है कि ऐसे तथाकथित किसान नेता नरेश टिकैत को देश और किसानों से सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए।

## सीवरेज की समस्या का होगा समाधान: मेयर राजीव जैन



**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत। मयूर विहार,** शास्त्री कॉलोनी, प्रगति नगर, अशोक विहार समेत अनेकों कालोनियों में सीवरेज की गंभीर हो चुकी समस्या से निजात दिलाने के लिए जल्द ही तिरंगा चौक तथा 23 सेक्टर डिस्पोजल की लाइन को महलाना रोड पर ककरोई सिथत सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट को जाने वाली लाइन से जोड़ा जायेगा, इसके लिए निर्माण विभाग ने रोड कट की मंजूरी प्रदान कर दी है। नगर निगम मेयर राजीव जैन ने मयूर विहार की गली नंबर 22, 23, 24,25 में गलियों में भरे सीवरेज के गंदे पानी की समस्या को देखने के बाद यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि अगले दस दिनों के भीतर इस कार्य को पूरा करने के निर्देश निगम अधिकारियों को दिए गए हैं। कालोनीवासियों ने शिकायत की कि उनकी गलियों में सीवर प्रॉपर्टी डीलरों द्वारा डाले गए थे जोकि गलियों में घूम घूम कर मैन रोड तक जा रहे हैं और कई गलियों का सीवरेज कनेक्शन मैन रोड पर नहीं किया गया है जिससे समस्या उत्पन्न होती रहती है। राजीव जैन ने आश्वासन दिया कि वह स्वयं संज्ञान लेकर कॉलोनी में पंहुचे हैं।

## छात्रों को नशे के खिलाफ जानकारी देकर जागरूक किया

**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**

**पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र** सिंह के मार्गदर्शन में जिला पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाई गई मुहिम के तहत पुलिस टीम ने मंगलवार को बिशन स्वरूप कॉलोनी स्थित आईसीएस कोचिंग सेंटर में छात्रों को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी देकर जागरूक किया। नशा मुक्त अभियान के जिला में नोडल अधिकारी उप पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सिंह ने कहा कि छात्र नशे से दूर रहकर पढ़ाई के साथ साथ खेलों में हिस्सा लेकर जीवन को सवारें। खेल हमे नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करते है।

## 'भगवन परशुराम शास्त्र और शस्त्र दोनों के ज्ञाता'

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत : विधायक निखिल मदान मंगलवार को शहर** के रोहतक फ्लाईओवर के पास बने परशुराम चौक पर पहुंचे। इस अवसर पर उन्होंने वहां उपस्थित सभी लोगों को भगवान परशुराम के जन्मोत्सव और अक्षय तृतीया के पर्व की शुभकामनाएं दी। विधायक निखिल मदान ने इस अवसर पर भगवान परशुराम की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। विधायक निखिल मदान ने कहा कि विष्णु जी के अवतार, धर्म और न्याय की स्थापना करने वाले, चिरंजीवी, भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर आज वो उनका आशीर्वाद



लेने पहुंचे है। विधायक निखिल मदान ने कहा कि भगवान परशुराम का जीवन सत्य के रास्ते पर चलकर, अन्याय के खिलाफ संघर्ष और विजय पाने का प्रतीक है। भगवान परशुराम का जीवन तप,त्याग ,तपस्या और वीरता का अनुकरणीय उदाहरण है। भगवन परशुराम शास्त्र और शस्त्र दोनों के ज्ञाता है। भगवान परशुराम का आशीर्वाद सभी देश वासियों पर बना रहे ऐसी वो कामना करते हैं। साथ ही अक्षय तृतीया के मांगलिक पर्व पर माता लक्ष्मी जी और विष्णु जी का आशीर्वाद भी सभी देशवासियों पर बना रहे और सबके घरों में धन वैभव और सुख समृद्धि का वास हो ऐसी प्रार्थना करते हैं। इस अवसर पर ब्राह्मण सभा सोनीपत द्वारा परशुराम चौक पर हवन यज्ञ भी किया गया और भंडारे में प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके ब्राह्मण सभा सोनीपत प्रधान अशोक शर्मा, सचिव राजेंद्र शर्मा, नरेंद्र गौतम, राजेंद्र गौतम, मंडल अध्यक्ष राजकुमार शर्मा, भगवान सिंह वत्स, ईश्वर कौशिक, हवा सिंह,भारत शर्मा, मास्टर दिलबाग सिंह,सुरेश वत्स,रामकुमार शर्मा,सत्यनारायण शर्मा, कुलदीप वत्स,शुभम वशिष्ठ आदि लोग

## श्रमिक के मोबाइल छीनने वाला आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**

**सीआईए वन पुलिस** टीम ने काकौदा गांव में पैदल जा रहे श्रमिक से मोबाईल छीनने वाले आरोपी को सोमवार देर शाम मिली गुप्त सूचना पर दबिश देकर सेक्टर 18 में शराब ठेके के पास से गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान अखलेश उर्फ गोतम निवासी दिहुली फिरौजाबाद यूपी के रूप में हुई। सीआईए वन प्रभारी सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया उसके पास खुद का मोबाइल फोन नहीं था। मोबाइल का शौक पूरा करने के लिए आरोपी ने मोबाइल छीनने की उक्त वारदात को अंजाम दिया। आरोपी के कब्जे से छीना गया मोबाइल फोन बरामद कर मंगलवार को पूछताछ के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया जहा से उसे न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया गया।

**यह है मामला**

थाना इसराना में नरेंद्र पुत्र बिशुन दयाल निवासी मोहम्मदपुर नेपाल हाल भोला नाथ राईस मील काकौदा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि वह 7जनवरी की रात करीब 9 बजे काकौदा अड्डा से सामान लेकर लिंक रोड से होते हुए कमरे पर जा रहा था। अड्डा से थोड़ा चलते ही दो अज्ञात लड़के मिले। दोनों लड़को ने कहा कि उनका एक नंबर मिला दो।

## भगवान परशुराम ने आतताई शक्तियों का किया खात्मा: अरोड़ा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : भगवान परशुराम** जयंती के अवसर पर थानेसर के विधायक एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अशोक अरोड़ा के नेतृत्व मे सर्वजातीय समाज के गणमान्य लोगों ने रेलवे रोड स्थित भगवान परशुराम चौक पर माल्यार्पण कर भगवान परशुराम को पुष्पांजलि अर्पित की। अशोक अरोड़ा ने मंत्रोच्चारण के बीच पूजन किया। देश व प्रदेश वासियों को भगवान परशुराम जयंती की शुभकामनाएं देते हुए अशोक अरोड़ा ने पत्रकारों से वातार्लाप करते हुए कहा कि भगवान



परशुराम ने ऐसे समय मे कमजोर लोगों की मदद की जब कमजोर वर्ग के लोगों को यह मानकर छोड दिया जाता था कि इनकी तो कोई पहचान नही है। भगवान परशुराम ने कमजोर लोगों की मदद करके उचित मान सम्मान और स्थान दिलवाया। उस समय आतताई शक्तियों का बोलबाला था इन शक्तियों के अत्याचार से जनमानस दुखी था। भगवान परशुराम ने आतताई शक्तियों का खात्मा किया। अशोक अरोड़ा ने कहा कि आज फिर देश मे आतताई शक्तियां सिर उठा रही हैं। उनके खात्मे के लिए भगवान परशुराम की शिक्षाओं पर चलना होगा। महापुरुष किसी जाति या धर्म के नही होते। वे तो संपूर्ण मानव जाति के कल्याण के लिए अवतार लेते हैं। भगवान परशुराम ने शस्त्र और शास्त्र दोनो की शिक्षा लेने पर बल दिया। आज देश मे जो हालात बन रहे हैं ऐसे हालात मे भगवान परशुराम जैसे महापुरुष का अवतार होना जरूरी है। इस अवसर पर इंम्प्रुवमेंट ट्रस्ट के पूर्व चेयरमैन जलेश शर्मा, रामपाल शर्मा, चंद्रप्रकाश काकू, दीपक मिश्रा, मनोज कौशिक, राजेश जोशी, नगर पार्षद मनू जैन, पूर्व पार्षद पंकज चोचड़ा, पूर्व पार्षद गौरव शर्मा गौरी, अश्वनी रीतवाल, सतीश शर्मा, शशिकांत, अश्वनी कौशिक, अशोक रीतवाल, पवन लीला, विशाल मौदगिल, संदीप गौत्तम, रितेश शर्मा, संदीप गौड, नवीन शर्मा, विवेक भारद्वाज डब्बू, सुनील मोदगिल, गुरु रविदास सभा के पूर्व प्रधान सुरजभान नरवाल, सुभाष पाली, टेकचंद बारना, सुरेंद्र सैनी भिवानीखेड़ा, विरेंद्र रोहिल्ला, सुनील राणा, राजेश बंसल, गौरव शर्मा, सतीश टामक, नवनीत नरवाल सहित सर्वजातीय समाज के गणमान्य लोगों ने भगवान परशुराम को पुष्पांजलि अर्पित की।

## नशीला पदार्थ सप्लाई करने की दो महिला आरोपी काबू

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : कुरुक्षेत्र पुलिस** ने नशीला पदार्थ सप्लाई करने की दो महिला आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल के कुशल मार्ग-दर्शन में अपराध अन्वेषण शाखा-1 की टीम ने नशीला पदार्थ सप्लाई करने के आरोप में इंद्रा कालोनी थानेसर वासीयान दो महिलाओं को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 20 अप्रैल 25 को अपराध अन्वेषण शाखा- 1 प्रभारी निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार के मार्ग-निर्देश में सहायक उप निरीक्षक



गिरवर शर्मा, मुख्य सिपाही कृष्ण कुमार, सिपाही विकास कुमार, सतवीर, एसपीओ गुरमीत सिंह व गाड़ी चालक मुख्य सिपाही प्रदीप कुमार की टीम जिंदल चौंक कुरुक्षेत्र पर मौजूद थी। पुलिस टीम ने गुप्त के आधार पर सैक्टर-2/3 कट के पास से कुनाल, धन्जय मिश्रा व मनीष कुमार वासीयान इटावा यूपी को कार नंबर यूपी-79-एटी-1912 सहित काबू किया था। पुलिस द्वारा राजपत्रित अधिकारी के सामने आरोपियों व उनकी कार की तलाशी लेने पर उसके कब्जा से 16 किलोग्राम गांजापत्ती बरामद हुई थी। आरोपियों के विरुद्ध थाना सदर थानेसर में नशीली वस्तु अधिनियम के तहत मामला दर्ज करके आरोपियो को गिरफ्तार कर लिया था। दिनांक 22 अप्रैल 25 को अपराध अन्वेषण शाखा-1 की टीम ने नशीला पदार्थ मंगवाने के आरोपी श्री प्रसाद विश्वनाथ वासी नादेंड महाराष्ट हाल वासी एनआईटी कुरुक्षेत्र व सारांश जायसवाल वासी गौरखपुर यूपी को गिरफ्तार कर लिया था। आरोपियों को माननीय अदालत में पेश करके अदालत के आदेश से कारागार भेज दिया था। दिनांक 27 अप्रैल 25 को उप निरीक्षक सतविन्द्र सिंह की टीम ने मामले में शिबू को गिरफ्तार कर लिया।

## दो मई को होगा कॉलेज बड़ोता का दीक्षांत समारोह

**समारोह**

**कॉलेज का पहला दीक्षांत समारोह मनाने जा रहे हैं। साथ ही पुरस्कार वितरण समारोह का भी आयोजन किया जाएगा**

**एक्शन इंडिया, गोहाना (भंवर सिंह)**

**गांव बडोता** में स्थित राजकीय कॉलेज बड़ोता में दीक्षांत समारोह आयोजित किया जाएगा। यह समारोह दो मई को आयोजित किया जाएगा। कॉलेज प्रशासन समारोह की तैयारियों में जुटा हुआ है। पहली बार दीक्षांत समारोह आयोजित किया जा रहा है। यह जानकारी कॉलेज प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार ने दी।

उन्होंने कहा कि कॉलेज को बने करीब आठ साल हो चुके हैं। कॉलेज का पहला दीक्षांत समारोह मनाने जा रहे हैं। साथ ही पुरस्कार वितरण समारोह का भी आयोजन किया जाएगा। समारोह को लेकर कॉलेज का टीचिंग और नान टीचिंग स्टाफ उत्साहित है। समारोह में गांव भैंसवाल कलां स्थित राजकीय कॉलेज के प्राचार्य सूरज प्रकाश यादव मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। वह अपने हाथों से बच्चों को डिग्रियां व पुरस्कार वितरण करेंगे। कॉलेज से पास आउट बच्चों को डिग्रियां वितरित की जाएंगी। इसके अलावा जिन बच्चों ने अलग-अलग गतिविधियों में पोजीशन प्राप्त की है। उन बच्चों को सम्मानित किया जाएगा। इसकी तैयारियों में पूरा स्टाफ जुटा हुआ है। इस मौके पर प्राध्यापक सरिता मलिक, साहिल सबरवाल, प्रदीप कुंडू, विजेंद्र दुग्गल, मीना देवी आदि मौजूद रही।



## 17 से 19 मई तक श्री हनुमंत कथा का होगा आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत, ( कमाल हुसैन ) अखिल भारतीय श्री राम–नाम** जागरण मंच एवं बागेश्वर धाम सेवा मंडल पानीपत के तत्वाधान में आज स्काईलार्क में जहां नगर की विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं के साथ बैठक की गई। वहीं पत्रकार वार्ता भी आयोजित की गई। पत्रकार वार्ता में अखिल भारतीय श्री राम–नाम जागरण मंच के अध्यक्ष पंडित निर्मल शास्त्री ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा के पानीपत में सेक्टर 13 17 के हुडा मैदान में आगामी 17 से 19 मई तक श्री हनुमंत कथा अमृत महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें कथा व्यास पूज्य बागेश्वर धाम सरकार पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री जी महाराज होंगे। इस दौरान 108 कुण्डीय अखंड 72 घंटे श्री



हनुमंत कृपा महायज्ञ भी होगा। जिसमें पानीपत के 6000 परिवार भाग लेंगे। शास्त्री जी ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान दो दिन हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी कथा में मौजूद रहेंगे। इसके अलावा विभिन्न मंत्री व विधायक एवं संस्थाओं के सम्मानित सदस्य भी कथा में मौजूद रहेंगे। वहीं 18 मई को बालीजी का भव्य दरबार सजाया जाएगा। जिसमें पर्ची निकालकर श्रद्धालु को मंच पर जाने का मौका मिलेगा। तीन दिवसीय इस कथा के दौरान लंगर रूपी रसोई श्रद्धालुओं के लिए चलती रहेगी। कथा स्थल में करीब तीन लाख श्रद्धालुओं के बैठकर कथा सुनने की व्यवस्था की गई है। प. निर्मल शास्त्री जी ने बताया कि कथा के इस आयोजन को उत्तर भारत का भव्य आयोजन बनाने के लिए नगर की सभी प्रमुख धार्मिक, शैक्षणिक एवं सामाजिक संस्थाओं का सहयोग में मिल रहा है। इसके अलावा स्थानीय प्रशासन का सहयोग भी प्राप्त हो रहा है। उन्होंने सभी बालाजी प्रेमी एवं श्रद्धालुओं से प्रार्थना की है कि वह 17 ,18 एवं 19 मई को सांय 5 :30 बजे से होने वाली श्री हनुमंत कथा के अमृत को अवश्य चखे व पुण्य के भागी बनें। वहीं धार्मिक,सामाजिक एवं शैक्षणिक संस्थाओं की बैठक में भी पंडित निर्मल शास्त्री ने सभी संस्थाओं को अब तक दिए गए सहयोग के लिए धन्यवाद किया एवं कथा के समापन तक उनको इसी प्रकार से सहयोग मिलते रहने की उम्मीद जताई। बैठक का शुभारंभ सुर सम्राट लेखराज जताना द्वारा श्री हनुमान चालीसा का पाठ करके की गई। इस दौरान ब्राह्मण सभा के प्रदेश अध्यक्ष सतीश गौतम, हरिओम शास्त्री, सर्व संगठन सेवा संस्थान से सुरेश काबरा, दीपक शर्मा, जतिन रहेजा, अविनाश कुमार,राजू श्रीवास्तव,श्री सनातन धर्म संगठन के प्रधान कृष्ण रेवड़ी,श्री राम दशहरा कमेटी सनौली रोड के प्रधान रमेश माटा, प्रमोद शर्मा, प.निरंजन पराशर, पाइट कॉलेज के चेयरमैन हरिओम तायल, सूरज दूरेजा, वेद बांगा,ओपी रनोलिया, प्राण रत्नाकर, अग्रवाल संगठन से अमरनाथ गुप्ता, गौशाला समिति एवं जन सेवा संस्थान प्रधान सतीश गोयल, राजस्थानी परिवार से पी डी चौधरी, रामदास दुबे, पारसनाथ सिंह, अमरनाथ, अशोक भारती, राजू सिंह कुशवाहा, सुशील ठाकुर, अमित सिंह व परशुराम जी महाराज, वेणु गोपाल सोनी अमृत वर्मा ,तिलक सपरा ,प्रमोद त्यागी , सुमित भारद्वाज , बबलू शर्मा सिवाह, राजेश भारद्वाज, आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## सेक्टर 18 घर में चोरी मामले में नाबालिग मेड सहित दो गिरफ्तार

**काबू**

**आरोपी नाबालिग मेड के कब्जे से चोरी की गई राशि में से बचे 80 हजार रूपए बरामद हुए**

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**

थाना सेक्टर 13/17 पुलिस ने सेक्टर-18 घर में 3लाख 70हजार रूपए चोरी मामले में आरोपी नाबालिग मेड सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। थाना सेक्टर 13/17 प्रभारी इंस्पेक्टर राकेश ने बताया कि सोमवार को आरोपी नाबालिग मेड को संरक्षण में लेकर पूछताछ की तो उसने घर से नगदी चोरी करने बारे स्वीकारा। पूछताछ में आरोपी नाबालिग मेड ने बताया उसने चोरी की नगदी में से 50 हजार रूपए जानकार संतोष निवासी निजामपुर भी दिए थे। आरोपी नाबालिग मेड के कब्जे से चोरी की गई राशि में से बचे 80 हजार रूपए बरामद सोमवार को उसे जुवेनाइल कोर्ट में पेश किया जहा से नारी निकेतन भेज दिया गया। पुलिस टीम ने सोमवार शाम को आरोपी संतोष को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी संतोष ने नाबालिग मेड से चोरी की राशि में से 50 हजार रूपए लेने बारे स्वीकारा।

आरोपी ने ज्यादातर पैसे खर्च कर दिए। पुलिस ने आरोपी संतोष के कब्जे से बचे 12 हजार रूपए बरामद कर मंगलवार को पूछताछ के बाद आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से उसकी बेल हो गई।

## न्यूज फ्लैश

### नई शिक्षा नीति को पूरे प्रदेश में लागू करने वाला पहला राज्य बनेगा हरियाणा: ढांडा

**टीम एक्शन इंडिया**



**दलबीर मलिक कुरुक्षेत्र**
**कुरुक्षेत्र/बाबैन : शिक्षा मंत्री** महिपाल ढांडा ने कहा कि नई शिक्षा नीति 2020 को पूरे प्रदेश में लागू करने वाला हरियाणा पहला राज्य बनेगा। इस शिक्षा नीति में बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ उद्यमिता विषय को पढ़ाया जाएगा। इतना ही नहीं पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्हें इंटर्नशिप करना भी अनिवार्य होगा। इस तरह की पढ़ाई करके युवा बेरोजगारों की लाइन में लगने की बजाय खुद का रोजगार करने योग्य होंगे। यह तभी संभव होगा जब हमारे शिक्षक बच्चों को सरकार की नीति और सोच के अनुसार तैयार किए हुए पाठ्यक्रम को लागू करवाएंगे। शिक्षामंत्री महिपाल ढांडा मंगलवार को संजय गांधी ओमप्रकाश गर्ग मेमोरियल स्कूल बाबैन में आयोजित वार्षिक उत्सव एवं परितोषित वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इससे पहले शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा, संस्था के अध्यक्ष पवन गर्ग ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत रूप से शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम के दौरान स्कूल परिसर में बनाए जाने वाली यज्ञशाला का शिलान्यास किया और शिक्षामंत्री ने स्कूल भ्रमण को यादगार बनाने के लिए स्कूल परिसर में पौधारोपण भी किया। स्कूल के हाल में छात्रों द्वारा लगाई गई साइंस प्रदर्शनी का शिक्षामंत्री ने निरीक्षण किया और बच्चों से प्रोजेक्ट के बारे में जानकारी भी ली। शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि सरकार के पास सरकारी नौकरी सीमित संख्या में उपलब्ध है। सभी पद भरे जाने के बाद भी लाखों युवा बेरोजगार रहते हैं, बेरोजगार युवाओं को किस प्रकार इस दलदल से बाहर निकल जाए, पहले की किसी भी सरकार ने इस विषय पर विचार नहीं किया। हमारी सरकार ने सबसे पहले युवाओं को बेरोजगारी से बाहर निकालने की व्यवस्था की, युवाओं के लिए स्वरोजगार नीति को लेकर आए। साथ ही नई शिक्षा नीति बनाकर उसके अंदर रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने का काम किया। उन्होंने कहा कि अब युवा अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद सरकारी नौकरी लेने के पीछे भागने की बजाय स्वरोजगार अपनाकर दूसरों को नौकरी देने वाला बनेगा।
शिक्षा मंत्री ने कहा कि शिक्षक को अपनी कक्षा के सभी बच्चों की रुचि के विषय का पता लगाकर उसको अपनी भाषा में ज्ञान देना होगा। उसे ज्ञान रूपी आशीर्वाद से युवा अपनी स्किल का पूर्ण ज्ञान पाकर अपने रोजगार को खड़ा करने में सफल होगा। शिक्षकों को आज की जरूरत के हिसाब से शिक्षा देनी होगी।
स्कूल में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने हरियाणवी, पंजाबी, देशभक्ति गीतों पर अपनी प्रस्तुति दी।

# नन्यौला में रात्रि ठहराव में डीसी ने सुनी लोगों की समस्याएं

### असीम गोयल ने इस मौके पर ग्रामीणों को आश्वास्त किया कि जितनी भी समस्याएं यहां प्राप्त हुई है उन सभी का निदान होगा

**समाधान**

**तोमर ने नन्यौला गांव के साथ-साथ आस पास के गांवों के ग्रामीणों की समस्याओं को सुनने का काम किया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला: रात्रि** ठहराव कार्यक्रम के तहत गांव नन्यौला के सामुदायिक भवन में पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल नन्यौला व उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने नन्यौला गांव के साथ-साथ आस पास के गांवों के ग्रामीणों की समस्याओं को सुनने का काम किया। यहां पहुंचने पर गांव के सरपंच सुखविन्द्र सिंह राजू, मंडल अध्यक्ष गुरजन्ट सिंह, पूर्व सरपंच बाबा खेम चन्द व अन्य गणमान्य लोगों ने पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल नन्यौला, उपायुक्त अजय सिंह तोमर व पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत को पुष्पगुच्छ देकर उनका यहां पहुंचने पर अभिन्नदन किया। रात्रि ठहराव कार्यक्रम के तहत 32 से ज्यादा शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें बिजली की समस्या, बुढापा पेंशन सम्बंधित समस्या, परिवार पहचान पत्र से सम्बधिंत, पानी की निकासी की समस्या बारे, नाले व पुलिया के निर्माण करवाने बारे, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत मकान उपलब्ध करवाने बारे व अन्य समस्याएं शामिल रही।
पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल नन्यौला ने इस मौके पर ग्रामीणों को आश्वास्त किया कि जितनी भी समस्याएं यहां प्राप्त हुई है उन सभी का निदान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। उन्होनें कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निदेर्शानुसार हरियाणा के प्रत्येक जिले में रात्रि प्रवास कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है, जिसमें सभी विभागों के अधिकारी इस रात्रि ठहराव कार्यक्रम में उपस्थित रहकर मौके पर लोगों की समस्याओं को सुनते हुए उनकी समस्या का निदान करने का काम करते हैं। इसी कड़ी में आज यहां पर रात्रि प्रवास के तहत ग्रामीणों की समस्याओं को सुनने का काम किया गया हैं। इसके साथ-साथ लोगों को अपनी समस्याओं का समाधान करवाने के लिए विभागों के चक्कर न लगाने पड़े, इसके लिए जिला स्तर व उपमंडल स्तर पर प्रत्येक सोमवार व वीरवार को समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा हैं। इन समाधान शिविरों के माध्यम से लोगों की समस्याओं का तीव्रता से समाधान भी हो रहा हैं। पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल नन्यौला ने इस मौके पर यह भी कहा कि इस गांव की पवित्र मिट्टी में पल-बढकर बड़ा हुआ हूं और आज जो कुछ भी हो, इसी गांव की बदौलत हूं, ग्रामीणों का मुझे हर समय भरपूर सहयोग मिला है, जिसके लिए मैं उनका आभारी हूं। उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में पूरे हरियाणा में विकास कार्यो को तीव्रता से करवाने का काम किया जा रहा है। अम्बाला शहर विधानसभा क्षेत्र में भी विकास कार्य निरतंरता में जारी हैं। विकास कार्यो के लिए सरकार के पास धन की कोई कमी नहीं हैं।
इस मौके पर उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल नन्यौला का स्वागत करते हुए कहा कि रात्रि प्रवास के तहत जो शिकायतें प्राप्त हुई है उन सभी शिकायतों एवं समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा।

## 19 वर्ष का हुआ धरोहर हरियाणा संग्रहालय



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : कुरुक्षेत्र** विश्वविद्यालय के धरोहर हरियाणा संग्रहालय का उद्घाटन 28 अप्रैल 2006 को हुआ था। वहीं अब तक धरोहर हरियाणा संग्रहालय को 100 से अधिक देशों के प्रतिनिधिमंडल देख चुके हैं। धरोहर हरियाणा संग्रहालय ने पिछले 19 वर्षों में हरियाणवी संस्कृति की पहचान को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित कर लाखों पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित किया है। धरोहर हरियाणा संग्रहालय में 50 से अधिक गैलरी हैं जिनके माध्यम से हरियाणवी लोक संस्कृति के दर्शन होते हैं। धरोहर हरियाणा संग्रहालय के स्थापना दिवस पर कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने बधाई दी। लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया राष्ट्रीय सम्मेलन 2025 में उत्तर भारत के हरियाणा, पंजाब, हिमाचल, चंडीगढ़, जम्मू कश्मीर, लद्दाख, दिल्ली, यूपी एवं उत्तराखंड के 150 से अधिक प्रतिनिधियों ने धरोहर हरियाणा संग्रहालय के स्थापना दिवस पर संग्रहालय का अवलोकन किया।

**गैलरी**

**कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के धरोहर हरियाणा संग्रहालय का उद्घाटन 28 अप्रैल 2006 को हुआ था**

## कल्पना ने किया सोनीपत का नाम रोशन: प्रिंस

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: हाल** ही में यू.पी.एस.सी. की परीक्षा का परिणाम आया है जिसमे सोनीपत की बेटी कल्पना ने 76 वी रैंक हासिल कर सोनीपत का नाम पूरे देश में रोशन किया है। इसी उपलक्ष्य में सोनीपत स्थित पटेल नगर में भव्य स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। जहाँ सोनीपत युवा कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष प्रिंस सरोहा ने उनको सम्मानित किया। प्रिंस सरोहा ने कहा कि बहन कल्पना सोनीपत का गौरव है और सभी छात्रो को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। इस अवसर पर रविन्द्र खत्री, परमोद, धर्मबीर, सतबीर मास्टर, नरेश आदि मौजूद रहे।



## गुरुकुल कुरुक्षेत्र ने 18वीं जिला वुशु चौंपियनशिप में प्रथम स्थान प्राप्त किया

**प्रतियोगिता**

**इस रोमांचक प्रतियोगिता में गुरुकुल कुरुक्षेत्र के 35 ऊर्जावान खिलाड़ियों ने विभिन्न भार वर्गों में भाग लिया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : गुरुकुल** कुरुक्षेत्र ने एक बार फिर अपने खेल कौशल का शानदार प्रदर्शन करते हुए 18वीं जिला सब-जूनियर, यूथ और सीनियर पुरुष वुशु चैंपियनशिप में प्रथम स्थान प्राप्त कर संस्थान का गौरव बढ़ाया। यह प्रतियोगिता प्रतिष्ठित द्रोणाचार्य स्टेडियम, कुरुक्षेत्र में आयोजित की गई थी। इस रोमांचक प्रतियोगिता में गुरुकुल कुरुक्षेत्र के 35 ऊर्जावान खिलाड़ियों ने विभिन्न भार वर्गों में भाग लिया और अपनी प्रतिभा एवं मेहनत से सबको प्रभावित किया। इन खिलाड़ियों में से 27 ने पदक जीतकर कुल 12 स्वर्ण, 6 रजत और 9 कांस्य पदकों के साथ एक शानदार उपलब्धि हासिल की।
यह सफलता उनकी लगन, अनुशासन और अदम्य आत्मबल का परिचायक है।इस गौरवशाली अवसर पर गुरुकुल के निदेशक ब्रिगेडियर डॉ. प्रवीण कुमार शर्मा ने विजेता विद्यार्थियों व कोच श्री रवि (डीपीई) को हार्दिक शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद प्रदान किए। उन्होंने खिलाड़ियों की मेहनत और प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे उपलब्धियां भविष्य में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी सफलता की राह खोलती हैं। प्रधानाचार्य श्री सुबे प्रताप ने बताया कि गुरुकुल के प्रतिभागियों ने तकनीकी कौशल, अनुशासन और खेल भावना का बेहतरीन प्रदर्शन किया, जिससे यह प्रमाणित हुआ कि गुरुकुल कुरुक्षेत्र न केवल शिक्षा में, बल्कि खेलों में भी उत्कृष्टता का केंद्र है। पूरे गुरुकुल परिवार ने इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर विजेता खिलाड़ियों और सभी प्रतिभागियों को बधाई दी और मिलकर इस सफलता का जश्न मनाया। इन खिलाड़ियों की उपलब्धि ने संस्थान के गौरवशाली इतिहास में एक और स्वर्णिम अध्याय जोड़ दिया है।

## समाज की समृद्धि में अध्यात्म की भूमिका विषय पर कार्यक्रम आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय नारायणगढ़ में समाज सेवा में उत्कृष्ट कार्य करने वाली सामाजिक संस्थाओं को सम्मानित किया गया तथा समाज की समृद्धि में अध्यात्म की भूमिका विषय पर विशाल भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
मुख्य वक्ता मुंबई से पधारे राजयोगी भ्राता डॉ ई. वी. स्वामीनाथन जी ने नेगेटिव भावनाओं को पॉजिटिव में परिवर्तन करने के बहुत अच्छे तरीके बताएं उन्होंने डायबिटीज की बीमारी का उदाहरण देते हुए समझाया कि बीमारी का जो कारण है वह है मन में खुशी ना होना जितना हमारे मन में खुशी रहती है उतना हमारे शरीर से निकलने वाले हार्मोन संतुलित रहते हैं और सभी बीमारियां हमसे दूर रहती हैं। आज हमारे मन में उठने वाले नकारात्मक विचारों के कारण व व्यर्थ विचारों के कारण इंसान बहुत सारी बीमारियों से ग्रसित है और हमारे देश का बहुत सारा पैसा डॉक्टर के पास जा रहा है, तो यदि हमें अपने समाज को समृद्ध बनाना है तो हमें अपने शरीर की बीमारियों को भी ब्रह्माकुमारीज द्वारा सिखाए जाने वाले मेडिटेशन तथा एक्सरसाइज के माध्यम से ठीक करना चाहिए।
कार्यक्रम में मुख्य अतिथि स्वामी राजेश्वरानंद जी (जो कि अंतरराष्ट्रीय वैदिक कथा वाचक है) तथा विशिष्ट अतिथि के तौर पर भ्राता सूरज चावला (एच पी एस) उपाधिक्षक पुलिस नारायणगढ़ ने भी शिरकत की।



**सम्मान**

**नारायणगढ़ में समाज सेवा में उत्कृष्ट कार्य करने वाली सामाजिक संस्थाओं को सम्मानित किया गया**

## संस्कृत अध्यापिका मीनाक्षी शर्मा को प्रतिभा सम्मान से किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** आर वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा "प्रतिभा सम्मान" समारोह का आयोजन मानव सेवा संघ करनाल में किया गया। इस समारोह में शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अध्यापकों, सामाजिक संस्थाओं को, समाजसेवियों को, चिकित्सकों एवं खेल क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। इस सम्मान समारोह में राजकीय माध्यमिक विद्यालय अजराना खुर्द, जिला कुरुक्षेत्र में कार्यरत संस्कृत अध्यापिका मीनाक्षी शर्मा को भी सम्मानित किया गया। अध्यापिका द्वारा यूट्यूब चैनल "कविताओं की उड़ान मीनाक्षी संग"पर एवं फेसबुक पर नवाचारी क्रियाकलापों को प्रस्तुत किया जाता है। मुख्य अतिथि के रूप में श्री रोहतास वर्मा जी डी.ई.ई.ओ करनाल, स्वामी प्रेम मूर्ति जी एवं डॉक्टर आर के वास्तव जी के कर कमलों द्वारा अध्यापिका को इस अवसर पर "प्रतिभा सम्मान" प्रदान किया गया।




## चोरी के मामले में 2 आरोपी गिरफ्तार, जेवरात व नकदी बरामद

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला: पुलिस** अधीक्षक अम्बाला अजीत सिंह शेखावत के निदेर्शानुसार अम्बाला पुलिस द्वारा चोरी/लूट/स्नैचिंग की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए गए अभियान के दौरान थाना अम्बाला सदर में दर्ज चोरी के मामले में 28 अप्रैल 2025 को पुलिस ने कार्यवाही करते हुए आरोपी लक्की निवासी डेहा कालोनी लोहर गेट नाभा जिला पटियाला पंजाब वर्तमान पता मनमोहन नगर अम्बाला शहर व लविश निवासी डेहा कालोनी थाना अम्बाला शहर जिला अम्बाला को गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

## सत्य और पराक्रम के सच्चे धारक भगवान परशुराम: सुभाष

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : आज** भगवान परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर वार्ड 29 थानेसर के कल्याण नगर में डॉ रामराज कौशिक के द्वारा आयोजित भगवान परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर बोलते हुए पूर्व मंत्री श्री सुभाष सुधा ने कहा कि भगवान परशुराम अधर्म के विनाश के लिए अन्याय के खिलाफ हमेशा लड़ते रहे वे सत्य और पराक्रम के सच्चे धारक थे वे शास्त्र और शस्त्र दोनों में निपुण थे।हर वर्ष की भांति आज वार्ड 29 में रामराज कौशिक जी के कार्यालय में भगवान परशुराम का जन्मोत्सव बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया जहां वार्ड के सैकड़ो सदस्य मौजूद रहे पूर्व मंत्री ने बोलते हुए कहा कि भगवान परशुराम जी ने अन्याय और धर्म के खिलाफ जो बीड़ा उठा रखा था उसकी आज भी हमें जरूरत है उन्होंने जो अधर्मियों और दुष्टों का विनाश किया और लोगों कई रक्षा की हैं आज भी उनकी जरूरत है जिस प्रकार पहलगांव में आतंकवाद निहत्थे और निर्दोष लोगों को मार रहा है तो आज हर व्यक्ति को भगवान परशुराम के जीवन से प्रेरणा लेकर वीरता, तपस्या, धर्म निष्ठा,न्याय प्रियता और एकजुटता दिखाकर अपने समाज देश और धर्म की रक्षा के लिए एकजुट होने की जरूरत है इस अवसर पर डॉ रामराज कौशिक ने बताया कि वैशाख शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को अक्षय तृतीया भी कहा जाता है इस दिन भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम जी ने अवतार लिया था वह शास्त्र और शस्त्र दोनों के ज्ञाता थे. इस अवसर पर एक विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ो श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर वीर अभिमन्यु पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल दिनेश शर्मा, नरेंद्र शर्मा निंदि,अल्केश मोदगिल, पंडित हरीश गोंदिया, रोहित वत्स, श्रवण मौदगील,रोहित शर्मा, संदीप शर्मा, संदीप शास्त्री, देवी चंद, दिलीप शर्मा,बलराज शर्मा एडवोकेट, योगराज शास्त्री,शमशेर शर्मा देशराज शर्मा, वेद पाराशर, सुरेश कुमार, जितेंद्र, सुरेश परासर, राहुल शर्मा,गुरुदत्त शास्त्री, कृष्ण शर्मा बलबीर सिंह,चयन, मुकेश, दिनेश आदि सैकड़ो लोगों ने भगवान परशुराम को पुष्प अर्पित किए और प्रसाद ग्रहण किया।

**अन्याय के खिलाफ**

**भगवान परशुराम अधर्म के विनाश के लिए अन्याय के खिलाफ हमेशा लड़ते रहे वे सत्य और पराक्रम के सच्चे धारक थे**

## थानेसर शहर में लगेंगी ट्रैफिक लाइट्स और ब्लींकर: नेहा सिंह



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि थानेसर शहर में महानगर मुंबई की तर्ज पर ट्रैफिक लाइट्स और ब्लींकर लगाए जाएंगे। इस परियोजना के तहत शहर में नए बस स्टैंड के पास ट्रैफिक लाइट शुरू कर दी गई है और पिपली में ट्रैफिक लाइट लगाने के लिए फाउंडेशन का कार्य चल रहा है। यह लाइट आगामी 15 दिनों में शुरू कर दी जाएगी। इतना ही नहीं शहर में अलग-अलग जगहों पर ट्रैफिक कंट्रोल करने के लिए 59 ब्लींकर भी लगाए जाएंगे। इस परियोजना पर 69 लाख 99 हजार 980 रुपए का बजट खर्च किया जाएगा। यह परियोजना मई माह 2025 में पूरी कर ली जाएगी। अहम पहलू यह है कि ट्रैफिक लाइट लगने के बाद शहर के सौंदर्य में भी चार चांद लगेंगे।

**ट्रैफिक लाइट**

**नए बस स्टैंड के पास ट्रैफिक लाइट शुरू कर दी गई है और पिपली में ट्रैफिक लाइट लगाने के लिए फाउंडेशन का कार्य चल रहा**

उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि नगर परिषद की तरफ से शहर में ट्रैफिक लाइट्स और ब्लींकर लगाने का एक प्रस्ताव तैयार किया गया था। इस प्रस्ताव पर सरकार ने अपनी अनुमति दे दी थी और अनुमति मिलते ही इस परियोजना पर कार्य शुरू कर दिया गया था। इस प्रस्ताव के अनुसार नए बस स्टैंड के पास चौक पर ट्रैफिक लाइट चालू कर दी गई है। यह लाइट आधुनिकतम तकनीकी की है। इन लाइट्स के साथ-साथ पूरी परियोजना के लिए 69 लाख 99 हजार 980 रुपए के बजट की स्वीकृति भी प्रदान की गई है। यह लाइट्स महानगर मुंबई की तर्ज पर जगमगाएंगी।
उन्होंने कहा कि इस मार्ग पर फिलहाल पिपली, नए बस स्टैंड पर लगी लाइटें पिछले कई सालों से बंद पड़ी हैं। नई लाईट और ब्लींकर की परियोजना को मंजूरी मिल गई है और बजट की भी स्वीकृति मिल गई है। यह ट्रैफिक लाइट्स मुंबई की तर्ज पर लगेंगी और शहर के सौंदर्यीकरण पर चार चांद लगाएंगी। इस परियोजना के पूरा होने के बाद शहर की ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार आएगा और लोगों को ट्रैफिक जाम जैसी समस्या से भी निजात मिलेंगी। उन्होंने कहा कि पिपली चौक की ट्रैफिक लाइट भी आगामी 15 दिनों में शुरू हो जाएगी। इसके अलावा शहर में अलग-अलग जगहों में 59 ब्लींकर लगाने का कार्य भी मई माह में पूरा कर लिया जाएगा।

## सिटी रेलवे स्टेशन पर जीआरपी ने चलाया चेकिंग अभियान

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला: पहलगाम** हमले के बाद से पूरा हरियाणा अलर्ट पर है। जिसके चलते जीआरएपी एसपी नीतिका गहलोत के निदेर्शानुसार अंबाला छावनी, अंबाला शहर व धूलकोट रेलवे स्टेशन पर जीआरपी एसएचओ सतपाल के नेतृत्व में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान स्टेशन परिसर को पूरी तरह से चेक किया गया और यात्रियों के सामान की जांच भी की गई। एसएचओ सतपाल ने बताया कि पहलगाम हमले के बाद से लगातार रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा को पहले से भी ज्यादा सख्त कर दिया है। वहीं उन्होंने बताया कि आज अंबाला शहर स्टेशन पर उनकी पूरी टीम ने चेकिंग अभियान चलाया।



सबसे पहले स्टेशन की पार्किंग में खड़ी गाड़ियों की चेकिंग की गई और बिना किसी काम से खड़े लोगों को बाहर जाने की हिदायत दी गई। वहीं उसके बाद रेलवे टिकट काउंटर व पूछताछ केंद्र में भी चेकिंग की गई और टिकट लेने आए यात्रियों को जीआरपी की सुरक्षा नीतियों से अवगत करवाया। जिसके बाद रेलवे स्टेशन के सभी प्लेटफॉर्म पर बैठे यात्रियों के बैग चेक किए गए और उन्हें हिदायत दी गई कि किसी भी अनजान व्यक्ति या वस्तु को देखते ही उसकी सूचना तुरंत रेलवे पुलिस को दें या डायल-112 पर संपर्क करें।

# भगवान परशुराम थे महान तपस्वी, वेदों के ज्ञाता और महान योद्धाः सुभाष सुधा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : हरियाणा के पूर्व** राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि भगवान परशुराम जी महान तपस्वी, वेदों के ज्ञाता और महान योद्धा थे। भगवान परशुराम जी, भगवान विष्णु जी के छठे अवतार माने जाते हैं। इस धरा पर उनका अवतरण न्याय की स्थापना के लिए हुआ था। वे एक ऐसे अवतार हैं, जो चिरंजीवी माने जाते हैं, यानी वे आज भी जीवित हैं। यह बात केवल आस्था की नहीं है। यह विश्वास का वह स्तंभ है, जिस पर भारतीय संस्कृति की नींव टिकी हुई है। पूर्व



राज्यमंत्री सुभाष सुधा मंगलवार को दुख भजन मंदिर में श्री ब्रह्मद्वाण एवं तीर्थोद्धार सभा की तरफ से आयोजित भगवान परशुराम जयंती समारोह में बोल रहे थे। इससे पहले पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, संरक्षक जय नारायण शर्मा,संस्था के प्रधान यशेन्द्र शर्मा, उप प्रधान नितिन भारद्वाज व यशपाल शर्मा, पूर्व प्रधान केके कौशिक, पूर्व प्रधान श्याम सुंदर तिवारी ने दीप शिखा प्रज्वलित करके विधिवत रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। पूर्व राज्यमंत्री ने कहा कि आज जब हम विकसित भारत-विकसित हरियाणा बनाने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहे हैं, तब भगवान परशुराम जी के आदर्श और उनके संदेश हमें सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने जीवन भर अन्याय के विरुद्ध युद्ध किया, किन्तु कभी निजी स्वार्थ से नहीं, केवल समाज हित और धर्म की रक्षा के लिए शस्त्र उठाए। इससे हमें सीख मिलती है कि शक्ति का उपयोग तभी करना चाहिए, जब उसका उद्देश्य न्याय और जन-कल्याण हो। उन्होंने कहा कि आज माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व में भारत दुनिया को योग, आयुर्वेद और शांति का मार्ग दिखा रहा है। यह उसी विरासत का परिणाम है, जिसकी नींव भगवान परशुराम जी जैसे हमारे ऋषि-मुनियों और महापुरुषों ने रखी थी। भगवान परशुराम जी ने जो धर्म की स्थापना का मंत्र दिया था, वह आज भी उतना ही प्रासंगिक है। आज जब हम विकसित भारत, डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, आत्मनिर्भर भारत जैसे अभियानों को आगे बढ़ा रहे हैं, तो जरूरत इस बात की है कि हम भगवान परशुराम जी के दृढ़ संकल्प की तरह ही प्रण लें कि हम भारत को फिर से विश्व गुरु बनाएंगे।

# अंबाला से 5 हजार कि. मी. की मखाना क्रांति यात्रा का हुआ शभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बालाः कृषि क्षेत्र में** एक नई ऊर्जा का संचार करते हुए अंबाला से मखाना क्रांति यात्रा की शुरूआत हो गई है। यह यात्रा किसानों को मखाना की खेती के लिए प्रेरित करने और इसके महत्व को देशभर में फैलाने के उद्देश्य से निकाली जा रही है मखाना क्रांति यात्रा की शुरूआत हो चुकी है। इस अभियान के आयोजक साहा स्थित ब्लैंकेट के वरुण गुप्ता, जो पिछले 14 वर्षों से मखाना की खेती को बढ़ावा देने और किसानों को जागरूक करने का कार्य कर रहे हैं।" यह यात्रा लगभग 25 दिनों तक की जाएगी वरुण गुप्ता ने बताया कि यह यात्रा कई जिलों में से होकर लुधियाना होते हुए बिहार की



राजधानी पटना तक जाएगी। इस यात्रा के दौरान 26 दिनों में 26 शहरों से होकर लगभग 5000 किलोमीटर की यात्रा तय करेंगे। जिला अंबाला के खंड क्षेत्र साहा में कार्यक्रम के आयोजक वरुण गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि वह पिछले 14 वर्षों से मखाना की खेती को प्रोत्साहित करने एवं किसानों को जागरूक करने हेतु कार्यक्रम करते रहते हैं हाल ही में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से मखाना के महत्व को विशेष रूप से रेखाअंकित किया। जिसने हमें और भी अधिक प्रेरित किया इसी प्रेरणा से मखाना क्रांति यात्रा का आयोजन आज से शुभारंभ किया जा रहा है।

## न्यूज फ्लैश

### राज्य सरकार की अनेक योजनाएं किसानों को पहुंचा रही लाभ-उपायुक्त डॉक्टर विरेंदर कुमार

**पानीपत , ( कमाल हुसैन ) उपायुक्त** डॉक्टर विरेंदर कुमार दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि सरकार ने कृषि क्षेत्र में किसानों के लिए अनेकों योजनाएं उपलब्ध कराई है ताकि उन्हें खेती में किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े वह इन लोग योजनाओं का लाभ लेकर किसान अपनी स्थिति को बदल सके। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक आत्माराम गोदारा ने जानकारी देते हुए बताया कि 2 विभागीय लेजर लेवलर व अन्य कृषि यंत्र पानीपत के विभिन्न खण्डों में किसानों के खेतों के भूमि समतलीकरण व अन्य कृषि कार्य करने के लिये कस्टम हायरिंग आधार पर किराये पर चलाने हेतू अपना ट्रैक्टर (चालक सहित) किराये पर देने हेतू 50 एच०पी० अथवा अधिक का ट्रैक्टर (मॉडल 2020 या उसके बाद) चालक सहित वित्त वर्ष 2025-26 में प्रतिदिन 10 घण्टे की दर से 180 दिनों के लिये विभाग किराये पर देने के लिये निविदा आमन्त्रित कर रहा है। उपनिदेशक ने बताया कि डीजल किसान द्वारा दिया जायेगा। निविदा के साथ ट्रैक्टर की वैध आर०सी० की प्रति, ड्राईविंग लाइसेंस की प्रति आधार कार्ड की प्रति, पैन कार्ड की प्रति, बैंक खाते की कॉपी की प्रति. परिवार पहचान-पत्र की प्रति, शपथ-पत्र, जमा करवायें। सफल रहने वाले आवेदनकर्ता को 10हजार रुपये की प्रतिभूति राशि जमा करवानी होगी तथा विभाग के साथ तयशुदा अनुबंध करना होगा। उन्होंने बताया कि अन्य किसी भी जानकारी के लिये सहायक कृषि अभियन्ता, पानीपत के कार्यालय में सम्पर्क कर सकते है। उन्होंने बताया कि इच्छुक किसान अपने आवेदन दिनांक 11 मई 2025 सांय 5 बजे तक सहायक कृषि अभियन्ता, पानीपत के कार्यालय में जमा करवा सकते है।

### डिफेंस एकेडमी का छात्र लापता, केस दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़। डिफेंस एकेडमी** में कोचिंग ले रहा एक युवक संदिग्ध हालात में लापता हो गया। वह एक साथी के साथ पहुंचा था। डॉक्टर के पास जाने की बात कह कर निकला था। वह न एकेडमी पहुंचा और न घर। वह परिवार का इकलौता बेटा है। पिता की शिकायत पर सदर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव नांगल पठानी जिला रेवाड़ी निवासी नरेंद्र सिंह ने पुलिस ने दी शिकायत में बताया कि वह प्राइवेट कंपनी में जॉब करता है। उसका 19 वर्षीय लड़का ऋषभ 12वीं कक्षा पास करके लगभग छह महीने से महेंद्रगढ़ के एक निजी डिफेंस एकेडमी में भारतीय सेना की कोचिंग ले रहा था। वह उसकी इकलौती संतान थी। ऋषभ और उसका दोस्त 27 अप्रैल को सुबह एकेडमी से शहर में किसी कार्य से आए थे। वे दोनों लगभग साढ़े 10 बजे चौधरी रणबीर सिंह हुड्डा पार्क महेंद्रगढ़ पहुंचे। जहां पर उन दोनों ने दुकान पर जूस पिया और समोसे खाए थे। उसके बाद उसके लड़के ऋषभ ने अपने दोस्त से कहा कि उसके पैर में दर्द है, वह डॉक्टर के पास जा रहा है। तू चला जाना वह भी शाम तक एके-डमी आ जाएगा। लेकिन उसका बेटा ऋषभ चौधरी रणबीर सिंह हुड्डा पार्क से ही या तो कहीं चला गया या उसको किसी ने कहीं छुपा लिया है। उसने इधर-उधर रिश्तेदारियों में व अन्य स्थानों पर अपने बेटे की तलाश की लेकिन उसका कहीं कोई सुराग नहीं चला। परिजनों ने एके-डमी में बात की तब उन्होंने बताया कि यहां पर ऋषभ का किसी के साथ कोई मनमुटाव नहीं था और न हीं किसी से कहां सुनी हुई। उसने पुलिस में अपने बेटे की गुम होने की शिकायत दी कि उसकी तलाश करवाई जाए।

### सैनी क्षत्रिय सभा रजि. महेंद्रगढ़ की आम सभा 15 मई को

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़। सैनी क्षत्रिय** सभा रजि. महेंद्रगढ़ की आम सभा 15 मई को सुबह आठ बजे सभा भवन में होगी। सभा की अध्यक्षता सभा के उप प्रधान कैलाशचंद सैनी करेंगे। सभा के सचिव रूडमल सैनी ने बताया कि सैनी क्षत्रिय सभा की आम बैठक 15 मई को सुबह 9 से 12 बजे तक होगी। बैठक में सचिव व सहसचिव द्वारा सभा का गत वर्ष का आय-व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया जाएगा।

# मिड डे मील वर्कर्स 20 को करेंगे राष्ट्रव्यापी हड़ताल

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बालाः सेंटर आफ इंडियन** ट्रेड यूनियन (सीटू) से संबंधित मिड डे मील वर्कर्स यूनियन की हुई जिला कमेटी बैठक के बाद प्रधान ललिता खन्ना व सचिव सोनिया ने कहा कि पक्की नौकरी व न्यूनतम वेतन 26 हजार रू की मांग को लेकर 20 मई को वर्कर्स स्कूलों में दोपहर का भोजन नहीं बनाएगी। उन्होंने कहा कि लम्बे समय से केंद्र व प्रदेश सरकार उनकी मांगो की लगातार अनदेखी कर रही है। कम छात्र संख्या के नाम पर स्कूलों को बंद कर वर्कर्स को काम से हटाया जा रहा है। वर्कर्स की साल में 12 महीने का वेतन देने की मांग पर चुप्पी



साध ली गई है ऊपर से दस महीने के मिलने वाले वेतन को भी किश्तो में दिया जाने लगा है। यही नहीं अप्रेल महीना खत्म हो गया, परन्तु अभी तक मार्च महीने का भी वेतन नहीं मिला है। इसलिए मजबूर होकर वर्कर्स ने हड़ताल पर जाने का फैसला लिया है। आल इंडिया रोड ट्रांसपोर्ट वर्कर्स फेडरेशन के कार्यलय में हुई बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने पहलगाम में हुए बर्बर हत्याकांड की निंदा कर आंतकवादियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने। इसके इलावा नफरत फैलाने वाले असमाजिक तत्वों से सचेत रहने व सभी समुदायों से एकता बनाकर रखने की भी अपील की गई। सीटू नेता सतीश सेठी व सर्व कर्मचारी संघ के नेता महावीर पाई ने कहा कि जब काम पक्का है तो रोजगार भी पक्का होना चाहिए। परन्तु केंद्र व प्रदेश सरकार वर्कर्स के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। यंहा तक कि वर्कर्स को सरकार द्वारा निर्धारित किया न्यूनतम वेतन 11257 भी नहीं दिया जा रहा है। इसलिए अपनी मांगो को लागू करवाने के साथ ही सभी को आंतक व नफरत के खिलाफ भी अपनी आवाज को बुलंद करना होगा।

# बीकॉम तृतीय वर्ष के छात्रों के लिए प्रतियोगिता का किया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
आई.बी पी.जी कॉलेज पानीपत मैं वाणिज्य विभाग के द्वारा बीकॉम तृतीय वर्ष के छात्रों के लिए प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जो छात्रों की मार्केटिंग क्षमताओं को परखने और निखारने के लिए आयोजित एक अनोखी वीडियो प्रतियोगिता थी। प्रतियोगिता का उद्घाटन कॉलेज की प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक द्वारा किया गया, जिनकी गरिमामयी उपस्थिति ने छात्रों को और अधिक प्रेरित किया। उन्होंने कहा, ह्लमार्केटिंग फिएस्टा जैसे आयोजन न केवल छात्रों को रचनात्मक बनाते हैं, बल्कि उन्हें आत्मविश्वासी, पेशेवर और व्यावहारिक रूप से सक्षम भी बनाते हैं। यह देखकर खुशी होती है कि हमारे छात्र कितनी गंभीरता और कल्पनाशीलता से अपने कार्य को अंजाम दे रहे हैं। ऐसे प्रयास निःसंदेह उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करते हैं।ह्व विभागाध्यक्ष डॉ. सुनीत शर्मा ने भी छात्रों की मेहनत की सराहना करते हुए कहा, ह्लयह प्रतियोगिता इस बात का प्रमाण है कि हमारी शिक्षा प्रणाली अब सिर्फ किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं है। हमारे छात्र अब मार्केटिंग के वास्तविक पहलुओं को समझ रहे हैं और व्यावसायिक दुनिया के लिए खुद को तैयार कर रहे हैं।

# भाजपा में कोई भी दायित्व मिलना गर्व की बातः प्रमोद विज

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**
**भारतीय जनता पार्टी** महिला मोर्चा की नवनियुक्त ज़िला अध्यक्ष नेहा शर्मा ने पानीपत शहर विधायक प्रमोद विज से मुलाकात की। विधायक विज ने उन्हें नव दायित्व की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी में मिली इस ज़िम्मेदारी का मतलब है कि पार्टी संगठन ने उन पर विश्वास जताया है जिसे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाना है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक तौर पर विश्व की सबसे बड़ी पार्टी का कोई दायित्व मिलना गर्व की बात है। नेहा शर्मा ने कहा कि भाजपा में कार्यकताओं को सबसे अधिक सम्मान दिया जाता है और उन्हें पार्टी ने जो मान सम्मान दिया है उसे वह हमेशा याद रखेंगी और आजीवन पार्टी की सेवा करती रहेंगी। किशनपुरा मंडल महामंत्री राजेश भारद्वाज ने कहा कि भाजपा ने जिस प्रकार नई कार्यकारिणी में नए युवा चेहरों को स्थान देकर युवा नेतृत्व तैयार करने की मुहिम शुरू की है उससे आने वाले समय में सकारात्मक राजनीतिक बदलाव दिखाई देगा। पार्टी की यह पहल सराहनीय है। महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष नेहा शर्मा को अपनी टीम में उत्साही सदस्यों को आगे लाना चाहिए।

# डिजिटल प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल केवल जन कल्याण के लिए करेंः उपायुक्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
**पहलगाम में पर्यटकों पर हुए** हमले के बाद से जिला प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट है। पुलिस भी अलर्ट मोड पर है। सुरक्षा की दृष्टिगत पूरी सावधानी बरती जा रही है उपायुक्त डॉक्टर विरेंदर कुमार दहिया ने जानकारी देते बताया कि प्रशासन की संवेदनाए हमेशा हर व्यक्ति के साथ होती है। उपायुक्त ने बताया कि हमे डिजिटल प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल केवल जन कल्याण के लिए करना चाहिए। उपायुक्त ने बताया कि घृणास्पद व भड़काऊ भाषण अत्याचार संबंधी अपराधों का अग्रदूत हो सकता है। विदित रहे कि हमेशा नफरत फैलाने वाले भाषणों को नरसंहार सहित अत्याचार अपराधों का अग्रदूत माना गया है। जिले के नागरिक इस प्रकार के भाषण व टिप्पणियों के साथ ना जड़े व किसी भी प्रोटेस्ट में
सावधानीपूर्वक अपनी भूमिका निभाए। उपायुक्त ने बताया कि नफरत फैलाने के लिए सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल अक्षर ऐसे माहौल में किया जाता है। इससे ज्यादा से ज्यादा दूरी बनाये व दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करें। पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह ने कहा कि समाज में कुछ लोग ऐसे होते है जो इस प्रकार के अवसरों की तलाश में रहते है व खास तौर पर युवाओं का सहारा लेकर समाज के ताने-बाने को ठेस पहुंचाने का प्रयास करते हैं। ऐसे असामाजिक तत्वों पर पुलिस की कड़ी नजर है। पुलिस अधीक्षक ने खास तौर पर कॉलेज के विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे गलत सूचना से बचे व नफरत फैलाने वाले भाषण की अनदेखी करें। उन्होंने बताया कि भड़काऊ भाषण देने वाली पर बड़ी कार्यवाही हो सकती है।

# श्री परशुराम जी की जयंती मनाई

**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
**गांव शेरा में भगवान श्री परशुराम** जी की जयंती मनाई गई गांव शेरा ब्राह्मण चौपाल में भगवान श्री परशुराम जी की जयंती पर गांव शेरा के सभी समाज के लोगों ने भाग लिया। भगवान श्री परशुराम जी के जयंती पर हरियाणा कर्मचारी आयोग के पूर्व सदस्य सत्यवान शेरा उपस्थित रहे। सत्यावान शेरा ने भगवान श्री परशुराम जी के चित्र पर दीप जलाकर फूल चढ़कर भगवान परशुराम जी के जय घोष कर भगवान श्री परशुराम जी के बारे में बताया कि भगवान परशुराम जी विष्णु जी के छठे अवतार थे।

# तीन होनहार क्रिकेटरों का चौम्पियनशिप के लिए चयन

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**
**दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक** स्कूल, समालखा, के लिए यह अत्यंत गौरव का क्षण है कि उसके तीन प्रतिभावान छात्रों ईशांत मित्तल, लक्ष्य चुग और यथार्थ चावला का चयन आगामी 12वीं हरियाणा राज्य टेनिस बॉल क्रिकेट चैम्पियनशिप 2025-26 के लिए हुआ है। यह प्रतियोगिता 17 और 18 मई, को अंबाला में आयोजित की जायेगी। जहाँ ये युवा खिलाड़ी अपनी प्रतिभा और कौशल का प्रदर्शन करेंगे। विद्यालय प्रबंधक समिति के सदस्यों ने इन असाधारण छात्रों की इस महत्त्वपूर्ण उपलब्धि पर अपनी हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त की है। समिति



के सदस्यों ने एक स्वर में छात्रों की लगन, अटूट परिश्रम और खेल के प्रति उनके समर्पण की सराहना की। उन्होंने विश्वास जताया कि ये खिलाड़ी अपनी उत्कृष्ट खेल भावना से न केवल विद्यालय का नाम रोशन करेंगे, बल्कि अन्य छात्रों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेंगे। इस अवसर पर विद्यालय की प्रिंसिपल डॉ. अजीत भारद्वाज ने भी चयनित छात्रों, उनके अभिभावकों और उनके समर्पित खेल प्रशिक्षकों को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि इन छात्रों की सफलता विद्यालय उच्च शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक मानकों का जीवंत प्रमाण है। छात्रों को भविष्य की चुनौतियों के लिए प्रोत्साहित करते हुए विश्वास व्यक्त किया गया कि वे राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी पहचान बनाने में समर्थ होंगे। विद्यालय परिवार, जिसमें सभी शिक्षकगण और अभिभावक शामिल हैं, इन युवा क्रिकेटरों की इस शानदार उपलब्धि पर गर्व महसूस कर रहा है। सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य और चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएँ दी हैं। यह सफलता न केवल इन छात्रों की व्यक्तिगत जीत है, अपितु यह दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल, समालखा, के खेलकूद कार्यक्रमों की गुणवत्ता और छात्रों के सर्वांगीण विकास के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का भी प्रतीक है।

# राज्य सरकार की अनेक योजनाएं किसानों को पहुंचा रही लाभः उपायुक्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
उपायुक्त डॉ. विरेंदर कुमार दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि सरकार ने कृषि क्षेत्र में किसानों के लिए अनेकों योजनाएं उपलब्ध कराई है ताकि उन्हें खेती में किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े वह इन लोग योजनाओं का लाभ लेकर किसान अपनी स्थिति को बदल सके। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक आत्माराम गोदारा ने जानकारी देते हुए बताया कि 2 विभागीय लेजर लेवलर व अन्य कृषि यंत्र पानीपत के विभिन्न खण्डों में किसानों के खेतों के भूमि समतलीकरण व अन्य कृषि कार्य करने के लिये कस्टम हायरिंग आधार पर किराये पर चलाने हेतू अपना ट्रैक्टर (चालक सहित) किराये पर देने हेतू 50 एच०पी० अथवा अधिक का ट्रैक्टर (मॉडल 2020 या उसके बाद) चालक सहित वित्त वर्ष 2025-26 में प्रतिदिन 10 घण्टे की दर से 180 दिनों के लिये विभाग किराये पर देने के लिये निविदा आमन्त्रित कर रहा है।
उपनिदेशक ने बताया कि डीजल किसान द्वारा दिया जायेगा। निविदा के साथ ट्रैक्टर की वैध आर०सी० की प्रति, ड्राईविंग लाइसेंस की प्रति आधार कार्ड की प्रति, पैन कार्ड की प्रति, बैंक खाते की कॉपी की प्रति. परिवार पहचान-पत्र की प्रति, शपथ-पत्र, जमा करवायें।

# नर्सिंग के छात्र-छात्राओं को दिलाई गई शपथ

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )** प्रेम इंस्टिट्यूट और मेडिकल साइंसेज जी टी रोड बरौली,पानीपत स्थित वेद नर्सिंग कॉलेज एवं वेद नर्सिंग ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट के सत्र 2024 की नर्सिंग के सभी छात्र एवं छात्राओं के लिए संस्थान द्वारा शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया जिसमें बी एस सी नर्सिंग, पोस्ट बेसिक बी एस सी नर्सिंग, एम एस सी नर्सिंग, नर्स प्रैक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (एन पी सी सी) जी एन एम, ए एन एम, के 275 छात्र, छात्राओं को नर्सिंग प्रोफेशन में मेहनत, ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा, सेवा भावना, के साथ अनुशासन में रहते हुए निभाने की शपथ नर्सिंग



कॉलेज की प्रिंसिपल निधि शर्मा द्वारा दिलवाई गई। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि डॉक्टर भरत पारिख ,प्रिंसिपल अकाल कॉलेज ऑफ नर्सिंग बरु साहिब ,हिमाचल प्रदेश एवं विशिष्ट अतिथि प्रेम इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज,डॉक्टर प्रेम सुपर स्पेशलिटी अस्पताल पानीपत,डॉक्टर प्रेम कैंसर अस्पताल बडौली के अध्यक्ष डॉक्टर पंकज मुटनेजा एवं उपाध्यक्ष डॉक्टर रचना मुटनेजा थे। वेद नर्सिंग कॉलेज, वेद नर्सिंग ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर प्रोफेसर पॉल दिनाकरण, प्रिंसिपल प्रोफेसर निधि शर्मा द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया गया।समारोह का शुभारंभ सभी अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस मौके पर छात्रों द्वारा सरस्वती वंदना गीत के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। आज शपथ ग्रहण समारोह के साथ एक कार्यशाला का भी आयोजन किया गया जिसका विषय था बॉयोस्टैटिसटिक्स बूट कैंप ; लर्न बाय डूइंग । जो यह एक प्रशिक्षण कार्यक्रम जहां प्रतिभागी जैव सांख्यिकी के बारे में व्याहारिक अनुभव प्राप्त करते है और करके सीखते है। आज शपथ ग्रहण समारोह के मौके पर मुख्य अतिथि ने सभी छात्र एवं छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि आज आपके जीवन का एक महत्वपूर्ण दिन है। आप लोग नर्सिंग के क्षेत्र में अपना केरियर शुरू करने जा रहे है और आज आप लोग नर्सिंग के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की शपथ ले रहे है। नर्सिंग एक महान पेशा है जिसमें दूसरों की सेवा करने और उनकी देखभाल करने का अवसर मिलता है। मैं आप लोगों को इस क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने और मरीजों की देख भाल में अपना योगदान देने के लिए बधाई देता हूँ। संस्थान के अध्यक्ष डॉक्टर पंकज मुटनेजा ने कहा कि आप लोग प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त ज्ञान और कौशल का उपयोग करके मरीजों की देखभाल में सुधार करने और स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए काम करना है।

# मुज्जफरा गांव में 100 एकड़ के खेतों में फसल अवशेष में लगी आग

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बालाः अंबाला के** चौड़मस्तपुर और मुज्जफरा गांव के लगभग 100 एकड़ के खेतों में फसल अवशेष जल गए। सुबह करीब 9:30 बजे यह आज शुरू हुई और तेज हवाओं के चलने से पूरे में फैल गई। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने 3 घंटे में आग पर काबू पाया। इस घटना में गेहूं की फसल के अवशेष जलकर राख हो गए हैं। किसान सुनील शर्मा ने बताया कि सुबह करीब 9 बजे गांव मुजफ्फरपुर में यह आग शुरू हुई थी और तेज



हवा के चलने से यह आग लगभग 100 एकड़ क्षेत्र में फैल गई। आग की सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने दो गाड़ियों से आग पर काबू पा लिया। हालांकि आग पर काबू पाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा डीएफओ पंकज पराशर के अनुसार, आग की सूचना पर फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां तुरंत मौके पर रवाना की थीं। आग पर 3 घंटे में काबू पाया गया।

# मॉडल टाउन में निकाला गया कैंडल मार्च, कई संस्थाओं ने लिया भाग














**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली के मॉडल टाउन स्थित भगत सिंह चौक पर सर्व हिन्दू समाज द्वारा कश्मीर के पहलगाम में आंतकियों द्वारा हिन्दुओं की निर्मम हत्या के विरोध में प्रचंड आक्रोश प्रदर्शन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का संयोजन समदर्शी (रजि.) ने किया।

इस कार्यक्रम में मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र की 26 संस्थाओं के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने हिस्सा लिया और कैंडल मार्च निकालकर रोष प्रकट किया।

इस मौके पर मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र के विधायक अशोक गोयल देवराहा के




अलावा समदर्शी के अध्यक्ष पंकज गर्ग, संरक्षक एवं संयोजक वीरेंद्र बंसल, कार्यकारी अध्यक्ष हरीकिशोर गुप्ता, महामंत्री संजीव गुप्ता, वरिष्ठ उपप्रधान देवेन्द्र गुप्ता, वरिष्ठ उपप्रधान प्रवीन गुप्ता, रोहित जैन ( मंडल अध्यक्ष, मॉडल टाउन भाजपा) सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।



## 'सरकार महिलाओं को महिला समृद्धि योजना के तहत 2500 रुपये देने का वादा करके आंख मिचौली का खेल, खेल रही है'

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली प्रदेश** कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा पहली कैबिनेट में दिल्ली की महिलाओं को महिला समृद्धि योजना के तहत 2500 रुपये मासिक देने के वादे को रेखा गुप्ता सरकार पिछले 3 महीनों से ठंडे बस्ते में डाल दिया है और लगातार अलग-अलग बयान देकर मुख्यमंत्री दिल्ली की लाखों महिलाओं को सिर्फ गुमराह कर रही हैं। श्री यादव ने कहा कि महिला समृद्धि योजना की रूपरेखा तैयार किए बिना फिर एक बार मुख्यमंत्री का बयान कि 2500



रुपये तो देंगे लेकिन महिलाएं पूरा पैसा नहीं निकाल सकेंगी, जब पूरा पैसा नहीं निकाल सकते तो 2500 रुपये मासिक की योजना का नाम क्यों दिया जा रहा है। देवेन्द्र यादव ने कहा कि मैं रेखा गुप्ता से पूछना चाहता हूं कि क्या कमरतोड़ महंगाई और बेरोजगारी के दौर में भूख से लड़ने वाले गरीब पूंजी संचित करने की क्षमता रखता है? भाजपा दिल्ली की भोली भाली महिलाओं को भ्रमित बनाना बंद करें कि 2500 रुपये मासिक देंगे जिसका एक हिस्सा ही महिलाएं इस्तेमाल कर सकेंगी और एक हिस्सा आरडी खाते में जमा किया जाएगा। जब सरकार ने योजना का कोई प्रारूप ही तैयार नहीं किया है और न ही यह सुनिश्चित किया है कि किस स्तर की महिलाओं को 2500 रुपये मासिक मिलेंगे। रिक्यूरिंग डिपाजिट की समय सीमा और राशि तक जब सुनिश्चित नहीं है, तो यह घोषणा क्या 20 फरवरी और 8 मार्च की तरह महिलाओं को गुमराह करने के लिए की गई है। जब उपराज्यपाल ने महिला दिवस पर नेहरु स्टेडियम में 5100 करोड़ रुपये का बजटीय प्रावधान किया था। देवेन्द्र यादव ने कहा कि भाजपा ने महिलाओं के हितों के लिए चुनाव में किए गए एक भी वादे को पूरा नहीं किया है। चाहे 2500 रुपये मासिक, 500 रुपये में रसोई गैस, होली दिवाली एक गैस सिलेंडर मुफ्त देना हो, गर्भवती महिलाओं को अनुदान राशि या अंत्योदय बीपीएल परिवार की महिलाओं राशन देने का वादा हो। महिला समृद्धि योजना को बार-बार लटकाया जा रहा है।

## स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने आयुष विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक की

**तीरथ राज/टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के प्रभावी नेतृत्व में दिल्ली सरकार स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने और आयुष चिकित्सा (आयुर्वेद, योग, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी) को प्राथमिकता देने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है।

सरकार का लक्ष्य है कि दिल्ली को आयुष चिकित्सा के क्षेत्र में एक मॉडल स्टेट के रूप में विकसित किया जाए, जिससे प्रत्येक नागरिक को पारंपरिक, गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं सुगमता से उपलब्ध हो सकें। इसी



के तहत स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने मंगलवार को डायरेक्टरेट ऑफ आयुष और आयुर्वेदिक, यूनानी, होम्योपैथी संस्थानों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक की और आयुष सेक्टर को लेकर अपना विजन साझा किया। उन्होंने कहा कि दिल्ली को आयुष चिकित्सा का मॉडल स्टेट बनाया जाएगा, जहां लोगों को संपूर्ण इलाज और जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों का असरदार समाधान मिलेगा एवं आज के दौर में तनाव और डिप्रेशन जैसी समस्याओं के समाधान में आयुष चिकित्सा एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। दिल्ली सरकार जल्द ही नेशनल आयुष मिशन को लागू करने जा रही है, जिससे आयुष चिकित्सा को नई मजबूती मिलेगी और इसकी सेवाएं ज्यादा लोगों तक प्रभावी रूप से पहुंचेंगी। इस पहल के तहत पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों को मुख्यधारा की स्वास्थ्य व्यवस्था से जोड़ा जाएगा और रोगों की रोकथाम पर आधारित इलाज को बढ़ावा मिलेगा।

## नरेलाः नरेला विकास संगठन ने पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में किया आक्रोश प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: नरेला विकास** संगठन (सामाजिक, सांस्कृतिक एवं स्वयंसेवी संस्था) ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में इस्लामिक जेहादी आतंकवादियों द्वारा 26 निर्दोष हिंदुओं की हत्या के विरोध में एक आक्रोश प्रदर्शन और श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम संगठन के सिंघु बॉर्डर रोड़ स्थित कार्यालय पर आयोजित किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और संगठन के सदस्य शामिल हुए।

कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रगीत के गायन के साथ हुई। इसके बाद नरेला विकास संगठन के प्रधान हेमराज बंसल, महासचिव नूतन दास अरोड़ा, विश्व हिंदू परिषद के







विभाग सह-मंत्री मनोज बंसल, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संदीप, एस.पी. जून ने उपस्थित लोगों को संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन संगठन के कोषाध्यक्ष श्रीनिवास वर्मा ने किया। इस दौरान पहलगाम हिंदू नरसंहार के विरोध में नरेला क्षेत्र में सनातनी हिंदू आक्रोश मार्च भी निकाला गया । उद्बोधन के पश्चात, दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा गया। इसके बाद दीप प्रज्वलन किया गया और सभी उपस्थित लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित कर मृतकों को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान माहौल गमगीन रहा, और लोगों ने आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता दिखाई। कार्यक्रम में शामिल लोगों ने आतंकवाद के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की। कई स्थानीय निवासियों ने कहा कि इस तरह के हमले देश की एकता और अखंडता को कमजोर करने की साजिश हैं। नरेला विकास संगठन ने भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करने और सामाजिक जागरूकता बढ़ाने का संकल्प लिया। हेमराज बंसल (प्रधान, नरेला विकास संगठन) ने कहा कि पहलगाम में हुए इस नृशंस आतंकी हमले ने पूरे देश को झकझोर दिया है। यह हमला न केवल हिंदुओं के खिलाफ, बल्कि मानवता के खिलाफ है। हम सरकार से मांग करते हैं कि दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। नूतन दास अरोड़ा (महासचिव, नरेला विकास संगठन) ने कहा कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता, लेकिन इस हमले ने एक बार फिर साबित किया कि निर्दोष लोगों को निशाना बनाना आतंकियों का असली चेहरा है। हम एकजुट होकर इस बर्बरता का विरोध करते हैं। प्रदीप (राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) ने कहा कि हिंदू समाज को एकजुट होकर आतंकवाद के खिलाफ आवाज उठानी होगी। यह समय शोक मनाने के साथ-साथ सशक्त प्रतिक्रिया देने का भी है। इस दौरान नरेला विकास संगठन से प्रधान हेमराज बंसल, महासचिव नोतन दास अरोड़ा, कोषाध्यक्ष श्रीनिवास वर्मा, उप प्रधान सुरेंद्र वर्मा, सचिव डॉ राजेंद्र राठधानिया, विश्व हिंदू परिषद उत्तरी विभाग सहमंत्री मनोज बंसल, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से संदीप, एसपी जून, प्रमुख समाजसेवी छोटेलाल, बीके ओम प्रकाश, राकेश सिंघल, मोहित गौतम, नरेला विकास संगठन द्वारा संचालित सिलाई प्रशिक्षण केंद्र संचालिका सतवंती, ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण केंद्र संचालिका संगीता सहित सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे।

## दिल्ली बॉर्डर पर टोल प्लाजा हटने से कम होगा प्रदूषण

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली सीमा पर एमसीडी के 156 नाकों पर ठेकेदार टोल टैक्स व ईसीसी वसूलते हैं। राष्ट्रीय राजमार्गों पर निजी वाहनों समेत सभी वाहनों से टोल टैक्स अलग से वसूला जाता है। खासकर पीक आवर में टोल टैक्स वसूलने के लिए हर टोल पर लंबा जाम लग जाता है, जिससे आम लोग व वाहन चालक परेशान होते हैं।

**टोल प्लाजा पर होती है ये परेशानी**

टोल प्लाजा पर लंबे समय तक, पांच से 30 मिनट तक जाम लगा रहता है। सुबह व शाम के समय सड़क पर यातायात बढ़ने से टोल चुकाने वाले व्यावसायिक वाहनों के साथ ही निजी कार, बस, दोपहिया वाहनों को भी परेशानी होती है। टोल टैक्स वसूलने वाले ठेकेदार व उसके गुर्गों की गुंडागर्दी व बदसलूकी आम बात है। अध्ययन बताते हैं कि दिल्ली के प्रदूषण में सबसे बड़ा योगदान वाहनों का है। ट्रैफिक जाम और टोल में लगने वाले समय के कारण ईंधन की बर्बादी, कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन और खराब हवा के कारण होने वाला प्रदूषण दिल्ली के लिए जानलेवा है।

## बुराड़ी के कुशक नम्बर-2 में निकाला गया कैंडल मार्च





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः जम्मू कश्मीर के** पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों पर हुए आतंकवादी हमले पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए बुराड़ी विधानसभा के कादीपुर वार्ड के कुशक नम्बर-2 में कैंडल मार्च निकाला गया। जिसमें पहलगाम में शहीद हुए निर्दोष लोगों की आत्मा की शांति के लिए मौन धारण किया गया। साथ ही पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाकर विरोध दर्ज कराया गया। कैंडल मार्च में सरकार से अपील की गई कि निर्दोष लोगों की निर्मम हत्या करने वाले आतंकवादियों को बख्शा न जाये व आतंकियों को शरण देने वाले पाकिस्तान को भी मुँह तोड़ जबाब सरकार दें। जिससे आने वाले समय में कोई भी ऐसी हरकत करने की हिम्मत ना जुटा पाये। हमारे देश में धर्म के नाम पर दंगा भड़काने में कामयाब न हो। हमारा देश भाई-चारे से सभी धर्मों को साथ लेकर चलने वाला देश है, हमारे यहां अमन चेन कायम रहे, हम सभी मिलजुलकर देश को आगे बढ़ाने का काम करते रहें। इस कैंडल मार्च का आयोजन मोहित सैनी व उनके साथियों व कुशक नम्बर-2 के सभी लोगों ने मिलकर किया। कैंडल मार्च में कादीपुर ब्लाक अध्यक्ष खेमचन्द सैनी, बुराड़ी ब्लाक अध्यक्ष रविन्द्र त्यागी, प्रह्लाद सिंह, अजय सैनी, मनोज कुमार, राजकुमार, आशीष कुमार, कबीर, हरजीत सिंह,चेतन शर्मा, गणेश, मोहित, कांता देवी, सतीश कुमार, राजेन्द्र सैनी, रोहन ने हिस्सा लिया।

## बुराड़ी क्षेत्र में मनाया गया भगवान परशुराम जन्मोत्सव

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः भगवान श्री परशुराम** गौड़ ब्राह्मण सभा मुकुन्दपुर, बुराड़ी विधानसभा द्वारा भगवान परशुराम जन्मोत्सव बड़ी ही धूमधाम से मनाया। इस मौके पर कई गणमान्य लोगों ने भाग लिया। संस्था के अध्यक्ष गोविंद मिश्रा ने कार्यक्रम में ना सिर्फ क्षेत्र बल्कि देश के विभिन्न क्षेत्रों से ब्राह्मण समाज के कई नामचीन लोगों को आमंत्रित कर इस कार्यक्रम को एक विशाल आकार देने का काम किया।

इस कार्यक्रम में दिल्ली की कई ब्राह्मण संस्थाओं से जुड़े और करावल नगर कांग्रेस जिलाध्यक्ष आदेश भारद्वाज ने भी शिरकत कर अलग-अलग क्षेत्रों के मेधावी छात्रों को पुरस्कृत कर उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना की। इस मौके पर श्री भारद्वाज ने कहा कि समाज को सामाजिक अखंडता का संदेश देते हुए कहा कि ब्राह्मण समाज की पहचान हमेशा से समाज को एकजुट कर लोक कल्याण कार्य करने की रही है। और इसी पहचान को बनाए रखना आज हमारे लिए एक अहम जिम्मेदारी है। इस मौके पर कई गणमान्य लोग मौजूद रहे और अपने-अपने विचार व्यक्त किये।

# प्रतिबंध के बावजूद कूडे में प्लास्टिक की मात्रा सर्वाधिक

## प्रतिबंध एवं निस्तारण के प्रयासों के बावजूद लगातार बढ़ रहा उपयोग

**टीम एक्शन इंडिया**
**लोकेश चौधरी**

**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में जिला स्वच्छता समिति की बैठक हुई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना के साथ समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहें। बैठक में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अन्तर्गत व्यक्तिगत शौचालय निर्माण एवं स्वच्छ भारत मिशन फेज 2 अंतर्गत ओडीएफ प्लस मॉडल ग्राम पंचायतों में दृश्मान स्वच्छता पर चर्चा हुयी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि कूडे में सर्वाधिक मात्रा की प्लास्टिक ही होती है। जिसका प्रबन्धन ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन में होना चाहिए,




जो नहीं हो रहा है। जिलाधिकारी ने प्लास्टिक मुक्त बृज की रज अभियान चलाये जाने के लिए निर्देशित किया गया। जिसमें जनपद के प्रत्येक विकास खण्ड से चिन्हित मॉडल पांच ग्राम पंचायतों को खण्ड विकास अधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी आदि को गोद दिलाने एवं अभियान के लिए प्रधान एवं सचिवों का उन्मुखीकरण कराने के निर्देश दिये गये। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि जनपद के समस्त ग्राम प्रधानों एवं सचिवों का एक दिवसीय उन्मुखीकण कराया जाये। पंचायत सहायकों व सफाई कर्मचारियों का उन्मुखीकरण जिला पंचायतराज अधिकारी करें, जिला पंचायतराज अधिकारी द्वारा बैठक में बताया गया कि निदेर्शों का पालन किया जायेगा। बैठक में जिला पंचायतराज अधिकारी धनंजय जायसवाल द्वारा बताया गया कि मुख्य विकास अधिकारी के निर्देश पर जनपद के समस्त पंचायत सचिवालय, सामुदायिक शौचालयों का सत्यापन कराया जा रहा है। सभी को सत्यापन के उपरान्त कमियां दूर कर क्रियाशील किया जायेगा। **गांवों में यह होंगे अब नए प्रयोग:** जनपद मथुरा की समस्त ग्राम पंचायतों में प्रत्येक घर के बाहर मेरी प्लास्टिक मेरी जिम्मेदारी का स्लोगन बोरी पर चस्पा करते हुये बोरी लगायी जाएगी। प्लास्टिक को बोरी में डाला जाये। तत्पश्चात ग्राम पंचायत के सफाईकर्मी मजदूर लगाकर प्रत्येक माह उस प्लास्टि का एकत्रीकरण उसका निष्पादन कराया जाये। इस अभियान की प्रदेश एवं देश स्तर पर भी प्रंशसा की गयी है। अभियान के सम्बन्ध में निर्देशित किया गया कि सिंगल यूज प्लास्टिक के संकलन और निस्तारण की यह प्रक्रिया चलायी जाये। प्रत्येक माह 20 से 25 तारीक तक सभी घरों पर टांगे गये बोरे में से प्लास्टिक का एकत्रीकरण कराया जाये। एकत्रीकरण कराये जाने हेतु निर्देश दिये गये।

# कुंवर सिंह प्रकरण में कांग्रेस का पलटवार

## सरकार और उसकी पार्टी के लोगों के खिलाफ बोलना अपराध: धनगर

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुरा। कांग्रेस** नेता कुंवर सिंह निषाद प्रकरण में कांग्रेस ने पलटवार किया है। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया है कि कुंवर सिंह निषाद की गिरफ्तारी नियम विरूद्ध की गई। किसी प्रकार को कोई नोटिस नहीं दिया गया और कांग्रेस नेता को सीधे घरी से उठा लिया गया। मंगलवार को जिला कार्यालय सेठवाड़ा पर प्रेस वार्ता में कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुकेश धनगर ने कहा कि कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता कुंवर सिंह निषाद का एकमात्र अपराध यह है कि उन्होंने लगातार दलित पिछड़े अल्पसंख्यक वर्ग के उत्पीड़न और दमन के मुद्दे पर विभिन्न



माध्यमों से आवाज उठाई थी। मौजूदा सरकार पुलिस के दम पर तानाशाही कर रही है। इस मौके पर धनंजय चौधरी, अबरार कुरैशी अप्रतिम सक्सेना, रमेश कश्यप, जिलानी कादरी, मानवेंद्र पांडव, मनोज गौड़, प्रदीप सागर, महेश चौबे, शैलेंद्र चौधरी, देवकीनंदन, बलवीर सिंह, सत्येंद्र चौधरी, निशू यादव, अनिल खरे, अब्दुल नदीम, शाहरुख खान एवं सुरेश शर्मा आदि लोग मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### जींद यूनिवर्स आई नो लव के साथ दोबारा से लौट आया है

**नई दिल्ली।** प्यार एक बार फिर से जवां हो गया है! जींद यूनिवर्स आई नो लव के साथ दोबारा से लौट आया है। यह एक ऐसा गाना है जो लेट नाइट टेक्स्ट, माथे पर चुंबन और आपकी पसंदीदा प्लेलिस्ट, सब कुछ एक साथ देता है। यह लव सॉन्ग सभी मुख्य किरदारों की भावनाओं को दशार्ता है, सच्चा, जीवंत और जिसे दोबारा सुनना संभव है। यह आपकी देर रात की प्लेलिस्ट, कपल रील्स और उन अंतरंग पलों के लिए बेहतरीन गाना है, जिसे आप कभी नहीं भूलना चाहेंगे। हाई ऑन यू की अभूतपूर्व सफलता के साथ- ग्रूव्स और भावपूर्ण गीतों का यह एक शानदार मिश्रण है जो जल्द ही फैंस का पसंदीदा भी बन गया और जिंद यूनिवर्स अब आई नो लव के साथ इस पल को जारी रखना चाहता है। यह एक भावनात्मक और उस तरह के प्यार के बारे में है जो आपकी पूरी दुनिया को बदल देता है। अपने ट्रेडमार्क शहरी लय को भावपूर्ण धुनों के साथ मिलाते हुए, जींद का लेटेस्ट गाना मुख्य रूप से लेट नाइट की ड्राइव और उन सभी क्षणों के लिए बनाया गया है जिसके बारे में बताना थोड़ा मुश्किल है। गाने के रिलीज होने पर अपनी खुशी जाहिर करते हुए जींद यूनिवर्स ने कहा, आई नो लव इस बात की सच्ची अभिव्यक्ति है कि प्यार वास्तव में आपको कैसे बदल सकता है। इस गीत के माध्यम से, मैं श्रोताओं के साथ एक बात शेयर करना चाहता हूं और उन्हें याद दिलाना चाहता हूं कि कैसे प्यार हमें सीखने और जीवन जीने की याद दिलाता है। मैं इसे एक ऐसे गीत में बदलना चाहता हूं जिसे कोई भी व्यक्ति जो प्यार की पूरी ताकत को जानता है, पहचान सके और उसमें सुख-शांति पा सके।

### भारत में डॉ. रेड्डीज और सनोफी ने नई दवा बेफोर्टस पेश की

**गुरुग्राम।** विश्व टीकाकरण सप्ताह के अवसर पर, एक वैश्विक फार्मास्युटिकल कंपनी, डॉ. रेड्डीज लैबोरेट्रीज लिमिटेड ने सनोफी हेल्थकेयर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के साथ अपनी रणनीतिक साझेदारी का विस्तार किया है ताकि भारत में एक नई दवा, बेफोर्टस (निर्सेविमैब) को पेश किया जा



सके। बेफोर्टस में मोनोक्लोनल एंटीबॉडी, निर्सेविमैब, एक प्रीफिल्ड इंजेक्शन के रूप में शामिल है, जो रेस्पिरेटरी सिंकाइटियल वायरस (आरएसवी) निचले श्वसन पथ रोग (एलआरटीडी) की रोकथाम के लिए उपयोग किया जाता है, जो नवजात शिशुओं और पहले आरएसवी सीजन में जन्म लेने वाले या उसमें प्रवेश करने वाले शिशुओं के लिए है। यह 24 महीने तक के बच्चों को भी दी जाती है, जो अपने दूसरे आरएसवी सीजन तक गंभीर आरएसवी रोग के प्रति संवेदनशील रहते हैं।

डॉ. रेड्डीज के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, ब्रांडेड मार्केट्स (भारत और उभरते बाजार), एम.वी. रमना ने कहा, "हम इस बार भारत में नवजात शिशुओं और बच्चों में आरएसवी के बोझ को संबोधित करने के लिए एक नई दवा को लेकर सनोफी के साथ अपनी साझेदारी का विस्तार करते हुए काफी खुश हैं। यह साझेदारी रोगियों तक नई, इनोवेटिव और विश्वसनीय दवाएं लाने में 'पसंदीदा साझेदार' बनने के हमारे निरंतर प्रयासों को दशार्ती है। बेफोर्टस॰ हेल्थकेयर प्रोफेशनल्स और माता-पिता को आरएसवी की रोकथाम में एक उन्नत दवा तक पहुंच प्रदान करता है। इसके अतिरिक्त, बेफोर्टस का लॉन्च भारत में हमारे टीकाकरण पोर्टफोलियो को मजबूत करने में मदद करेगा।"

इस व्यवस्था के तहत, डॉ. रेड्डीज को एसएचआईपीएल से भारत में बेफोर्टस (निर्सेविमैब) को प्रमोट और डिस्ट्रीब्यूट करने के लिए विशेष अधिकार प्राप्त होंगे। यह घोषणा पिछले साल भारत में सनोफी के वैक्सीन पोर्टफोलियो के लिए डॉ. रेड्डीज की सफल एक्सक्लूसिव डिस्ट्रीब्यूशन पार्टनरशिप के बाद हुई है। उम्मीद है कि डॉ. रेड्डीज चालू वित्तीय वर्ष की दूसरी तिमाही में भारत में बेफोर्टस लॉन्च करेगा।

## एसआईएस सिक्यूरिटी में भर्ती का मौका

**मथुरा।** मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना ने बताया है कि जिला मथुरा के सभी ब्लॉक स्तर पर बेरोजगार अभ्यर्थियों को रोजगार प्रदान करने के उद्देश्य से समस्त ब्लाक स्तर पर रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया है कि एसआईएस सिक्यूरिटी कंपनी दिल्ली द्वारा बचे हुए ब्लॉक में भर्ती की जाएगी। जिसमें 29 अप्रैल मांट ब्लॉक भर्ती और दो मई नौहझील ब्लॉक भर्ती, पांच मई, छह मई और सात मई को मथुरा ब्लॉक में भर्ती शिविर लगाए जाएगें। अधिक जानकारी के लिए 8707068519, 8707068519, 7838282197 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

# दोनों शादीशुदा थे, खौफनाक रहा प्यार का अंत...

## प्रेमी ने गला दबाकर कर दी प्रेमिका की हत्या, कुआं में फेंक दिया शव

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा।** थाना बरसाना पुलिस ने गुमशुदा महिला की हत्या कर शव को कुआं में फेंकने से सम्बन्धित अभियोग में वांछित चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। मंगलवार को करीब 10.05 बजे कामा बार्डर थाना बरसाना से अभियुक्त विनोद पुत्र विक्रम निवासी सिहाना थाना छाता को गिरफ्तार किया किया। 24 अप्रैल को वीरेन्द्र निवासी ग्राम अधुआ थाना मांट की पुत्री अपने ससुराल ग्राम ब्रिजवारी थाना बरसाना जनपद मथुरा से बिना बताये कहीं चली गयी थी।




जिसके सम्बन्ध में वीरेन्द्र की तहरीर के आधार पर थाना बरसाना पर गुमशुदगी दर्ज की गयी थी। जिसकी जांच चौकी प्रभारी नन्दगांव एसआई राहुल सिंह को दी गई थी। साथ ही गुमशुदा की तलाश उसके परिवारीजन द्वारा भी की जा रही थी। 27 अप्रैल को वीरेन्द्र को सूचना मिली कि थाना जैत क्षेत्र के अन्तर्गत विजय पुत्र अमरचन्द निवासी चौमुहा थाना जैत जनपद मथुरा के खेत में बने कुआं से एक महिला का शव बरामद हुआ है, शव की पहचान वीरेन्द्र व परिवारीजनों ने की थी। गुमशुदा की तलाश के दौरान गुमशुदा की सीडीआर व सीसीटीवी फुटेज के अवलोकन से ज्ञात हुआ था कि गुमशुदा विनोद पुत्र विक्रम निवासी सियाना थाना छाता जनपद मथुरा के साथ घर से गयी थी। गुमशुदा व विनोद का आपस में प्रेम प्रसंग था जिससे गुमशुदा करीब तीन माह की गर्भवती थी। गुमशुदा, अभियुक्त विनोद के साथ रहना चाहती थी, किन्तु विनोद पूर्व से शादी शुदा होने के कारण गुमशुदा को अपने साथ नहीं रखना चाहता था। विनोद द्वारा 24 अप्रैल को गुमशुदा को अपने साथ ले जाकर चौमुहा में विजय के खेत पर गला दबाकर उसकी हत्या कर शव को कुएं में फेंक दिया था। हत्यारोपी को पुलिस ने कामा बार्डर थाना बरसाना से दबोच लिया।

# सीएमएफ बाय नथिंग ने लॉन्च किए सीएमएफ फोन 2 प्रो और तीन तरह के ईयरबड्स

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत।** लंदन आधारित टेक्नोलॉजी कंपनी नथिंग के सब-ब्राण्ड सीएमएफ ने आज चार नए प्रोडक्ट्स लॉन्च किए हैं- सीएमएफ फोन 2 प्रो, बड्स 2, बड्स 2 प्लस, बड्स 2ए। लगातार पांचवी तिमाही के लिए नथिंग ने सबसे तेजी से विकसित होते ब्राण्ड के रूप में अपनी स्थिति को बरकरार रखा है। नथिंग पिछली तिमाही के दौरान भारतीय बाजार में इस उपलब्धि को हासिल करने वाला एकमात्र ब्राण्ड बन गया है।

सीएमएफ फोन 2 प्रो, सेगमेन्ट में



सर्वश्रेष्ठ थ्री-कैमरा सिस्टम, चमकदार डिस्प्ले और प्रीमियम डिजाइन से युक्त सीएमएफ फोन प्रो रोजमर्रा के इस्तेमाल के लिए बेहतरीन स्मार्टफोन है। 7.8 एमएम की मोटाई और मात्र 185 ग्राम वजन के साथ यह नथिंग द्वारा डिजाइन किया गया अब तक का सबसे स्लिम और सबसे लाईटवेट स्मार्टफोन है। यह फोन चार रंगों में उपलब्ध है: व्हाईट, ब्लैक, ओरेंज और लाईट ग्रीन, हर कलर इसे अनूठी फिनिश एवं शानदार टेक्सचर देता है।

सीएमएफ ऑडियो कई कीमतों में उपलब्ध सीएमएफ बड्स 2025 रेंज सभी के लिए सुलभ है। इस रेंज में रोजमर्रा की ऑडियो जरूरतों से लेकर पर्सनलाइज्ड साउण्ड तक, हर जरूरत और म्युजिक प्रोफाइल के मुताबिक सीएमएफ बड्स उपलब्ध हैं। सीएमएफ बड्स 2 ए- रु 2199 में, सीएमएफ बड्स 2 रु 2699 में तथा सीएमएफ बड्स 2 प्लस रु 3299 में उपलब्ध होंगे।

## हेमेंद्र हत्याकांड: डीएम द्वारा गठित समिति ने की मौके पर पडताल

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा।** व्यापारी नेता हेमेंद्र हत्याकांड के प्रकरण में जिलाधिकारी चंद्र पाल सिंह द्वारा गठित छह सदस्यी अधिकारियों की टीम एडीएम वित्त योदानंद पांडे के नेतृत्व में आज घटना स्थल व विवादित स्थल का स्थलीय निरीक्षण कर जानकारी जुटाई। आसपास के लोगों से पूछताछ की। डीएम द्वारा गठित टीम में अपर जिला अधिकारी (वित्त) योगानंद पांडे, मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण सचिव अरविंद द्विवेदी, जॉइंट मजिस्ट्रेट एवं उप जिला अधिकारी सदर निशा ग्रेवाल, सहायक नगर आयुक्त राकेश त्यागी एवं तहसीलदार सदर, तहसीलदार गोवर्धन ने व्यापारी नेता हमेन्द्र को जहां आरोपियों ने गोली मारी गई थी।

# ग्रामीण आजीविका मिशन के कार्य समय से करें पूरा: सीडीओ

## राष्ट्रीय आजीविका मिशन के कार्यों की समीक्षा की



**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुरा। मुख्य** विकास अधिकारी मनीष मीना की अध्यक्षता में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत समस्त बिंदुओं पर समीक्षा बैठक हुई। जिसमें सीडीओ ने निर्देशित किया गया कि आजीविका मिशन के समस्त कार्यों को समय से पूर्ण किया जाए। सीडीओ राजीव भवन स्थित सभागार में हुई बैठक में संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि मिशन के अंतर्गत वित्तीय देय सुविधा समस्त स्वयं सहायता समूह को समय से उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि लंबित समूहों का वेरिफिकेशन तत्काल पूर्ण कर उनको भी देय सुविधा से लाभान्वित किया जाए। समस्त पात्र समूहों को रिवॉल्विंग फंड एवं कम्युनिटी इन्वेस्टमेंट फंड प्रदान किया जाए। श्री मीना ने कहा कि मनरेगा अंतर्गत कार्यरत महिलाओं,जीरो पावर्टी अंतर्गत चयनित लाभार्थियों को भी समूह में जोड़ने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

बैठक में स्वतरूरोजगार जिला मिशन प्रबंधक उपायुक्त विकास कुमार, परियोजना निदेशक एके उपाध्याय, ब्लॉक मिशन प्रबंधक एवं समस्त विकासखंड के खंड विकास अधिकारी द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने डीआरएचपी दाखिल किया

**टीम एक्शन इंडिया**

**नोएडा।** भारतीय जीवन बीमा क्षेत्र में एक प्रमुख बैंक के नेतृत्व वाली निजी कंपनी केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है।

कंपनी के प्रमोटर केनरा बैंक और एचएसबीसी इंश्योरेंस (एशिया-पैसिफिक) होल्डिंग्स लिमिटेड हैं।

यह प्रस्ताव 10 रुपये प्रति इक्विटी शेयर के अंकित मूल्य के 2,37,500,000 इक्विटी शेयरों की बिक्री का प्रस्ताव (ऑफर फॉर सेल) है, जिसमें शामिल हैं: केनरा बैंक (प्रमोटर विक्रेता शेयरधारक) द्वारा 1,37,750,000 इक्विटी शेयर; एचएसबीसी इंश्योरेंस (एशिया-पैसिफिक) होल्डिंग्स लिमिटेड (प्रमोटर विक्रेता शेयरधारक) द्वारा 4,750,000 इक्विटी शेयर; और पंजाब नेशनल बैंक (निवेशक विक्रेता शेयरधारक) द्वारा 95,000,000 इक्विटी शेयर।

केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड भारत में एक निजी जीवन बीमा कंपनी है और इसे केनरा बैंक (जो 31 दिसंबर, 2024 तक भारत में कुल संपत्ति के हिसाब से चौथा सबसे बड़ा सार्वजनिक क्षेत्र का बैंक है- स्रोत: क्रिसिल रिपोर्ट) और एचएसबीसी इंश्योरेंस (एशिया-प्रशांत) होल्डिंग्स लिमिटेड द्वारा प्रवर्तित किया गया है, जो हांगकांग और शंघाई बैंकिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचएसबीसी) समूह का सदस्य है, जिसकी वित्तीय संस्थान के रूप में वैश्विक प्रतिष्ठा कंपनी में विश्वसनीयता और ब्रांड मूल्य जोड़ती है। 31 मार्च, 2024 तक कंपनी के पास सार्वजनिक क्षेत्र द्वारा प्रवर्तित जीवन बीमा कंपनियों के बीच प्रबंधन के तहत तीसरी सबसे अधिक संपत्ति (एयूएम) थी (स्रोत: क्रिसिल रिपोर्ट) और वित्त वर्ष 2024 के लिए कवर किए गए जीवन की संख्या के आधार पर भारत में बैंक के नेतृत्व वाली टॉप पांच जीवन बीमा कंपनियों में शुमार है

**(स्रोत: क्रिसिल रिपोर्ट)।**

# 4 मई को 6 केन्द्रों पर 3258 अभ्यर्थी देंगे नीट की परीक्षा

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुरा। जिलाधिकारी** चंद्र प्रकाश सिंह ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा आयोजित नीट (यूजी) परीक्षा 2025 के संबंध में समस्त ड्यूटी मजिस्ट्रेट्स, जनपदीय समिति के अधिकारीगण, केन्द्र व्यवस्थापक आदि के साथ बैठक की। परीक्षा दिनांक चार मई को जनपद के छह केंद्रों पर होगी, जिसमें 3258 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा को सकुशल, निर्विघ्न एवं सुचितापूर्वक संपन्न कराने हेतु जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।जनपद के बाबू शिवनाथ अग्रवाल डिग्री कालेज नये बस स्टैण्ड के पास मथुरा ब्लाक-ए,



बाबू शिवनाथ अग्रवाल डिग्री कालेज नये बस स्टैण्ड के पास मथुरा ब्लाक-बी, बाबू शिवनाथ अग्रवाल डिग्री कालेज नये बस स्टैण्ड के पास मथुरा ब्लाक सी, किशोरी रमण इंटर कालेज भरतपुर गेट मथुरा, किशोरी रमण गर्ल्स इंटर कालेज भैंस बहोरा मथुरा तथा महाराजा अग्रसैन गर्ल्स इंटर कालेज डोरी बाजार मथुरा में परीक्षा आयोजित होगी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी ड्यूटी मजिस्ट्रेट एवं केंद्र व्यवस्थापक ससमय केंद्रों पर पहुंचे तथा जिम्मेदारी से अपने कार्यों का निर्वहन करे।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि परीक्षा दिनांक ख्सा मई को प्रातः से परीक्षा की समाप्ति तक परीक्षा केन्द्रों की समीपवर्ती समस्त फोटो स्टेट व साइबर कैफे की दुकानें बन्द रहेंगी। नगर मजिस्ट्रेट उपरोक्त परीक्षा केन्द्रों के जोनल मजिस्ट्रेट होंगे, जो परीक्षा के समय लगातार भ्रमण कर सभी निदेर्शों पर सतर्क दृष्टि रखकर शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखेंगे। जिला विद्यालय निरीक्षक एवं समस्त मजिस्ट्रेट्स परीक्षा के सम्बंध में उच्च स्तर से प्राप्त निदेर्शों का अध्ययन कर एवं अपने अधिकारिता क्षेत्र के परीक्षा केन्द्र / केन्द्रों का तत्काल भ्रमण कर यह सुनिश्चित कर ले कि परीक्षा के सम्बन्ध में निदेर्शानुसार समस्त आवश्यक व्यवस्थाऐं पूर्ण कर ली गयी हों।

बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन विजय शंकर दुबे, अपर जिलाधिकारी न्यायिक सुरेंद्र कुमार, एसपी सिटी अरविंद कुमार, नगर मजिस्ट्रेट राकेश कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी अजय कुमार वर्मा, डिप्टी कलेक्टर ऊषा सिंह, नरेंद्र सिंह यादव, प्रीति जैन, वैभव गुप्ता, प्राजक्ता त्रिपाठी, राज कुमार भास्कर, कंचन गुप्ता, रितु सिरोही, जिला विद्यालय निरीक्षक रविन्द्र कुमार सहित विभिन्न अधिकारी मौजूद रहे।

# अर्बन कंपनी लिमिटेड ने सेबी के पास डीआरएचपी दाखिल किया

**टीम एक्शन इंडिया**

**नोएडा।** विभिन्न होम और ब्यूटी श्रेणियों में गुणवत्ता आधारित सेवाओं और समाधानों के लिए एक टेक्नोलॉजी-आधारित, फुल-स्टैक ऑनलाइन सेवा बाजार संचालित करने वाली कंपनी अर्बन कंपनी लिमिटेड ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। कंपनी का लक्ष्य प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम के माध्यम से रु1900 करोड़ (रु19000 मिलियन) जुटाना है, जिसमें रु1 अंकित मूल्य के इक्विटी शेयरों की पेशकश की जाएगी।

इस ऑफर में रु4290 मिलियन (रु429 करोड़) तक के इक्विटी शेयरों का ताजा इश्यू (फ्रेश इश्यू) और विक्रय शेयरधारकों द्वारा रु14710 मिलियन (रु1471 करोड़) तक के शेयरों की बिक्री का ऑफर (ऑफर फॉर सेल) शामिल है। कंपनी के प्रमोटर अभिराज सिंह भाल (चेयरपर्सन, मैनेजिंग डायरेक्टर और चीफ एक्जीक्यूटिव ऑफिसर), राघव चंद्रा (एक्जीक्यूटिव डाइरेक्टर और चीफ टेक्नालजी ऑफिसर और प्रॉडक्ट ऑफिसर) और वरुण खेतान (एक्जीक्यूटिव डाइरेक्टर और चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर) हैं। निवेशकों में शामिल हैं: एक्सेल इंडिया IV (मॉरीशस) लिमिटेड, एलिवेशन कैपिटल V लिमिटेड (जिसे पहले पार्टनर्स इंडिया श लिमिटेड के नाम से जाना जाता था), VYC11 लिमिटेड, बेसेमर इंडिया कैपिटल होल्डिंग्स II लिमिटेड, नैस्पर्स वेंचर्स B.V।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 30 अप्रैल 2025 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group


## फास्ट न्यूज

### थाने के अंदर घुसकर हेड कॉन्सटेबल को मारी गोली

**सतना।** मध्य प्रदेश में अपराधियों के हौसले कितने बढ़ गए हैं, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि बेखौफ अपराधी अब थानों में घुसकर अपराधों को अंजाम दे रहे है। सतना में ऐसे ही एक मामले में सोमवार देर रात एक अपराधी ने थाने के घुसकर कर पुलिस आरक्षक को गोली मार दी। गोली मारने के बाद युवक फरार हो गया है। गोली आरक्षक के कंधे में लगी है। आनन फानन में प्रधान आरक्षक को जिला अस्पताल लाया गया, जहां से प्राथमिक इलाज के बाद मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। घटना की सूचना पर पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता सहित अन्य पुलिस अधिकारी जिला अस्पताल पहुंचे और घटना की जानकारी ली। उधर आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस पार्टियां रवाना कर दी गई हैं। जानकारी अनुसार घटना सतना के जैतवारा थाना परिसर में रात करीब 12 बजे की है। यहां एक नकाबपोश युवक ने प्रधान आरक्षक पर हमला कर दिया। प्रधान आरक्षक प्रिंस गर्ग थाना परिसर स्थित बैरक में रहते हैं। वे ड्यूटी से लौटकर खाना खाने की तैयारी कर रहे थे। इसी दौरान कमरे के बाहर से आवाज आई। जब उन्होंने देखा तो एक नकाबपोश युवक खड़ा था। युवक ने तुरंत कट्टे से फायर कर दिया। गोली प्रधान आरक्षक के कंधे के पास लगी। हमलावर मौके से फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस कर्मी प्रधान आरक्षक को जिला अस्पताल ले गए। सीटी स्कैन में शरीर के अंदर गोली नहीं मिली। फिर भी एहतियात के तौर पर उन्हें संजय गांधी अस्पताल रीवा रेफर किया गया

### अंबेडकर जिस वर्ग के उसे भाजपा ने ललित माना: वसुन्धरा राजे

**जयपुर/इंदौर।** पूर्व सीएम वसुन्धरा राजे ने कहा है कि अंबेडकर जिस वर्ग के हैं, उस वर्ग को कांग्रेस ने दलित माना, जबकि भाजपा ने ललित। ललित मतलब सुंदर। उन्होंने कहा कि अंबेडकर कहते थे हिम्मत इतनी बड़ी रखो कि किस्मत भी छोटी लगने लगे। वे इंदौर के रविन्द्र नाट्य गृह में आयोजित डॉ. भीम राव अंबेडकर सम्मान अभियान सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रही थी। जिसमें एमपी के सीएम डॉ.मोहन यादव भी मौजूद थे। उन्होंने कहा कांग्रेस ने बाबा साहब का दाह संस्कार दिल्ली में नहीं होने दिया। उनके परिजनों को बॉम्बे में दाह संस्कार करना पड़ा। उनके सरकारी आवास को पूर्व प्रधानमंत्री नेहरू ने राष्ट्रीय स्मारक नहीं बनाया।

# आतंकी हमले पर सपा नेताओं का बयान शर्मनाक: सीएम योगी

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देवरिया में 676 करोड़ की 501 परियोजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास, बोले, पूरा देश पार्टी लाइन से ऊपर उठकर आतंकी घटना की कर रहा निंदा, सपा नेता दे रहे दुर्भाग्यपूर्ण बयान**

**सपा निशाने पर**

**सपा नेता का बयान हिंदू ने ही हिंदू को मारा पाकिस्तान को क्लीन चिट देने की कुत्सित चेष्टा: सीएम**



**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ:** देवरिया में वर्ष 2017 से पहले बीमारी, गुंडागर्दी, अराजकता, अव्यवस्था का माहौल था। उस दौरान त्यौहार शांतिपूर्ण तरीके से नहीं मनाए जा सकते थे। उस समय नौजवान पलायन और किसान आत्महत्या के लिए मजबूर होता था। यहां पर मुसहर, वनटांगिया जैसी तमाम जातियां भूखमरी का शिकार थीं। वहीं उस दौरान जो सत्ता में थे, वह चैन की बंसी बजा रहे थे क्योंकि वह स्वयं के परिवार तक ही सीमित रह गये थे। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को देवरिया में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कही। इससे पहले सीएम ने बटन दबाकर 676 करोड़ की 501 परियोजनाओं में से 341 परियोजनाओं का लोकार्पण और 160 परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इस दौरान सीएम योगी ने सीएम युवा उद्यमी योजना के तहत ऋण की चेक, स्वयं सहायता समूह की दीदियों को 7 करोड़ 87 लाख 50 हजार धनराशि का चेक, मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना की चाबी, ट्रैक्टर की चाबी, पट्टा योजना के तहत 37 लाभार्थियों को पट्टा, दिव्यांग पेंशन, निराश्रित पेंशन की चेक सौंपी। वहीं हाईस्कूल में जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली प्रीति कुशवाहा और इंटरमीडिएट की परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली श्वेता प्रसाद को प्रशस्ति पत्र और मेडल प्रदान कर सम्मानित किया।

**आतंकवाद और नक्सलवाद के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रही डबल इंजन की सरकार**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले पर समाजवादी पार्टियों के नेताओं के काफी शर्मनाक बयान सामने आए हैं। उनके बयान से यह पता लगाने में काफी मुश्किल हो रही है कि वह सपा के नेता का बयान है या फिर पाक का प्रवक्ता बयान दे रहा है। सीएम ने कहा कि सोमवार को मुंबई में सपा के एक पदाधिकारी ने शर्मनाक बयान दिया। सीएम ने कहा कि आतंकवादियों ने कानुपर के शुभम द्विवेदी की निर्मम हत्या कर दी। सपा अध्यक्ष से उनके घर पर न जाने की वजह पूछी तो उन्होंने जवाब दिया कि वह हमारी पार्टी का नहीं था। यह बयान काफी दुर्भाग्यपूर्ण और शर्मनाक है। सीएम ने कहा कि पूरा देश पार्टी लाइन से ऊपर उठकर घटना की निंदा कर रहा है और सपा के नेता दुर्भाग्यपूर्ण बयान दे रहे हैं। सपा का एक राष्ट्रीय महासचिव बयान देता है कि हिंदू ने ही हिंदू को मारा है यानी पाकिस्तान को क्लीन चिट देने की कुत्सित चेष्टा की जा रहा है।

### प्रदेश ने माफिया मुक्त, दंगा मुक्त के रूप में अपनी पहचान बनाई:योगी

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में प्रदेश ने माफिया मुक्त, दंगा मुक्त और विकास की दिशा में तेजी से बढ़ने वाले राज्य के रूप में अपनी पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि देवरिया में चार मंजिला सरकारी डिग्री कॉलेज का उद्घाटन किया गया है, जो कि इस क्षेत्र में पहली बार है। इसमें कला, विज्ञान और वाणिज्य की कक्षाएं एक साथ शुरू की जाएंगी। इसके साथ ही पथरदेवा में एक नया डिग्री कॉलेज शुरू किया जा रहा है, जिसमें वाणिज्य की कक्षाएं शुरू की जाएंगी।*

### 'यूपी अपनी पहचान विकास के माध्यम से बना रहा'

*सीएम ने कहा कि पहले किसी ने कल्पना नहीं की थी कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वयं सहायता समूह की संस्थाएं बन पाएंगी, लेकिन अब यह सच हो चुका है। पहले देवरिया में दंगे होते थे, बीमारियां फैलती थीं, लेकिन अब नया देवरिया और उत्तर प्रदेश अपनी पहचान विकास के माध्यम से बना रहा है।*

### पूरा देश एक स्वर में आतंकवाद के खिलाफ खड़ा है: सीएम योगी

*सीएम ने कहा कि सपा और कांग्रेस के नेता जातिवाद, विभाजनकारी और तुष्टिकरण की राजनीति करते हैं। यह लोग ही आप सबकी सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने का कुत्सित प्रयास करते हैं। सीएम ने कहा कि आतंकवाद और नक्सलवाद के खिलाफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। वहीं पूरा देश एक स्वर में आतंकवाद के खिलाफ खड़ा है।*

*पहली बार देवरिया को मिला चार मंजिला सरकारी डिग्री कॉलेज, यहां कला, विज्ञान और वाणिज्य की होगी पढ़ाई*

*मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देवरिया में वर्ष 2017 से पहले इंसेफलाइटिस से हजारों बच्चों की मौत होती थी, लेकिन अब हालात बदल चुके हैं। आज देवरिया के साथ पूरे उत्तर प्रदेश में विकास की गति तेज हो गई है।*

# चारधाम यात्रा: 4300 से अधिक घोड़ा-खच्चर पर देंगे सेवा



**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून।** गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट खुलने के साथ ही बुधवार से पवित्र चारधाम यात्रा शुरू होने जा रही है। चारधाम यात्रा उत्तराखंड की आर्थिकी में भी महत्वपूर्ण योगदान देती है। यात्रा से होटल-लॉज संचालक, परिवहन कारोबारियों से लेकर घोड़े-खच्चर संचालकों तक की आजीविका चलती है। इसी क्रम में केदारनाथ और यमुनोत्री पैदल मार्ग पर इस बार 4300 से अधिक घोड़े-खच्चर संचालक अपनी सेवा देंगे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि श्रद्धालुओं की यात्रा, सुखद और आरामदायक हो, इसके लिए सड़क परिवहन से लेकर हेली और घोड़े खच्चरों की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। पशुपालन विभाग को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि पूरी तरह स्वस्थ घोड़े-खच्चरों को ही यात्रा में भेजा जाए। साथ ही यात्रा मार्ग पर भी घोड़े-खच्चरों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाए।

**केदारनाथ-पांच हजार से अधिक का पंजीकरण**

केदारनाथ धाम जाने के लिए तीर्थयात्रियों को गौरीकुंड से करीब 18 किमी लंबा पैदल रास्ता तय करना पड़ता है। इस कारण बड़ी संख्या में यात्री घोड़े-खच्चरों की सेवा लेते हैं।

### घोड़े-खच्चरों के फिटनेस सर्टिफिकेट जारी किए

*बार केदारनाथ धाम के लिए अब तक 2493 संचालकों ने पांच हजार से अधिक घोड़े-खच्चरों का पंजीकरण करवा लिया है। पशुपालन विभाग ने स्वास्थ्य परीक्षण के आधार पर घोड़े-खच्चरों के फिटनेस सर्टिफिकेट जारी किए हैं। विभाग की ओर से सोनप्रयाग, गौरीकुंड, लिंचौली और केदारनाथ में पशु चिकित्सालय बनाए जाने के साथ ही पांच डॉक्टर और सात पैरावेट भी नियुक्त किए गए हैं। पैदल मार्ग की 13 जगहों पर गरमपानी की भी व्यवस्था की गई है यमुनोत्री धाम के लिए 3700 से अधिक घोड़े-खच्चरों का पंजीकरण किया गया है। कीचट्टी में अस्थाई पशु चिकित्सालय की स्थापना की गई है।*

### यात्री बस ने खाई पलटी, पांच यात्री घायल

**चित्तौड़गढ़।** जिले के मंडफिया थाना इलाके में मंगलवार को उदयपुर-निंबाहेड़ा राज मार्ग पर एक यात्री बस पलट गई। इस हादसे में आधा दर्जन यात्री घायल हुए हैं। सवारियों की होड़ में बस को चालक काफी तेज गति से चला रहा था। इससे बस असंतुलित होकर पलट गई। हादसे की सूचना पर मंडफिया थाना पुलिस ने घायलों को चिकित्सालय पहुंचाया, जहां से दो को चित्तौड़गढ़ जिला मुख्यालय रैफर कर दिया। सुजा खेड़ा के निकट राजधानी बस अनियंत्रित होकर ओवरटेक के चक्कर में पलटी खा गई।

## सिंधु संधि: टिकैत बयान पर माफी मांगें: किसान मोर्चा

**मांग**

**पाकिस्तान निर्दोषों की हत्या को बढ़ावा देता है, उसके साथ संबंध की वकालत करना देश की पीठ में छुरा घोंपने जैसा है**

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला।** हिमाचल किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष संजीव देष्टा ने भारतीय किसान यूनियन नेता नरेश टिकैत के सिंधु जल संधि को लेकर केंद्र सरकार के निर्णय पर विरोध जताने को दुर्भाग्यपूर्ण और राष्ट्रविरोधी बताया है। किसान नेता देष्टा ने मंगलवार को यहां जारी एक बयान में कहा कि उन्होंने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद जब पूरा देश आतंकवाद के खिलाफ एकजुट है, तब टिकैत का ऐसा बयान न केवल आतंक पीड़ितों का अपमान है बल्कि यह देश की एकता और सुरक्षा पर सवाल खड़े करता है। देष्टा ने कहा कि पाकिस्तान जैसे देश जो भारत में निर्दोष लोगों की हत्या को बढ़ावा देता है, उसके साथ किसी भी तरह के संबंध की वकालत करना देश की पीठ में छुरा घोंपने जैसा है।

## हिंदू लड़की को भगा ले जाने वाले युवक के अवैध दुकान और मकान पर चला बुलडोजर

**कार्रवाई**

**राजस्व विभाग का अमला दलबल के साथ पहुंचा और सरकारी जमीन पर किए गए अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई शुरू हुइ**



**टीम एक्शन इंडिया**

**सागर।** मध्य प्रदेश के सागर जिले के ग्राम सानौधा में पिछले दिनों हिंदू लड़की को भगा ले जाने वाले आरोपित के खिलाफ जिला प्रशासन द्वारा बड़ी कार्रवाई की जा रही है। मंगलवार को राजस्व विभाग का अमला दलबल के साथ पहुंचा और सरकारी जमीन पर किए गए अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई शुरू हुई। सानौधा पुलिस और परसोरिया नायब तहसीलदार के नेतृत्व में टीम बुलडोजर के साथ अतिक्रमण हटा रही है। मौके पर जिला प्रशासन सहित राजस्व विभाग के अधिकारी और भारी पुलिस बल को मौके पर तैनात किया गया है। दरअसल, ग्राम सानौधा में वर्ग विशेष का युवक अनस अली एक हिंदू युवती को अपने साथ भगाकर ले गया था। घटनाक्रम सामने आने के बाद 19 अप्रैल को गुस्साई भीड़ ने गांव में उपद्रव किया था।

## जबलपुर में मिले तीन पाकिस्तानी नागरिक, जिनकी मां हिंदुस्तानी है और पिता पाकिस्तानी

**चिन्हित**

**सरकारों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने राज्यों में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान करें**



**टीम एक्शन इंडिया**

**जबलपुर:** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत सरकार ने सुरक्षा को सभी राज्य सरकारों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने राज्यों में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान करें इसी के चलते जबलपुर में व्यापक स्तर पर सर्च अभियान चलाया गया जिसमें पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान को लेकर चल रहे अभियान में एक अजीबोगरीब सा मामला सामने आया है। जांच टीम ने तीन नाबालिग बच्चों को चिंहित किया है, जिनकी नागरिकता को लेकर संदेह है। दरअसल,उन बच्चों की मां तो हिंदुस्तानी हैं,लेकिन पिता पाकिस्तानी नागरिक हैं। जांच के दौरान जबलपुर जिले में ऐसे तीन बच्चों की पहचान की गई है जो वर्तमान में शहर में रह रहे हैं।

### बाल विवाह के खिलाफ आगे आएंगे धर्मगुरु

**बीकानेर।** अक्षय तृतीया भारत में विवाह कराने का शुभ दिन माना जाता है और कई जगहों पर इस दिन बाल विवाह भी कराए जाते हैं। इसलिए यह दिन बाल विवाह को रोकने और लोगों की सोच बदलने के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। देश के 416 जिलों के धर्मगुरु बुधवार को एकजुट होकर सार्वजनिक रुप से यह संदेश देंगे कि अब किसी बच्चे की शादी हमारे सामने नहीं होगी। उनका सामूहिक संकल्प समाज की सोच को चुनौती देगा और यह बताएगा कि बाल विवाह का कानून तोडना गंभीर अपराध है।

**एक्शन** स्कूल शिक्षा निदेशक आशीष कोहली द्वारा जारी आदेशों के अनुसार निलंबित शिक्षकों को निर्देश दिया गया है

## शिक्षकों के प्रदर्शन पर शिक्षा विभाग की सख्ती

**गाज गिरी**

**चार और प्राथमिक शिक्षकों को निलंबित कर दिया। इससे पहले छह शिक्षकों पर निलंबन की गाज गिर चुकी है**



**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला।** राजधानी शिमला में प्राथमिक शिक्षक संघ के आह्वान पर 26 अप्रैल को हुए प्रदर्शन के बाद शिक्षा विभाग ने कार्रवाई और तेज कर दी है। विभाग ने चार और प्राथमिक शिक्षकों को निलंबित कर दिया। इससे पहले छह शिक्षकों पर निलंबन की गाज गिर चुकी है। अब तक कुल दस शिक्षकों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई हो चुकी है। स्कूल शिक्षा निदेशक आशीष कोहली द्वारा जारी आदेशों के अनुसार निलंबित शिक्षकों को निर्देश दिया गया है कि वे अपनी निलंबन अवधि के दौरान निर्धारित मुख्यालय पर मौजूद रहें और बिना अनुमति के मुख्यालय न छोड़ें। निलंबित शिक्षकों में जिला कांगड़ा के जीसीपीएस उस्तेहर रढ के सेंटर हेड टीचर अनिल कुमार, जिला शिमला के जीपीएस दीम के जेबीटी प्रमोद चौहान, जिला ऊना के जीपीएस सिध चलेहार की हेड टीचर सुनीता शर्मा और जिला मंडी के जीपीएस टांडी के जेबीटी हेम राज शामिल हैं। इन शिक्षकों के मुख्यालय भी तय कर दिए गए हैं।

अनिल कुमार को बीईईओ इंदौरा (जिला कांगड़ा), प्रमोद चौहान को सीएचटी जीसीपीएस धरचनाना (ईबी कुफरी, जिला शिमला), सुनीता शर्मा को सीएचटी जीसीपीएस बुडहन (ईबी बंगाणा, जिला ऊना) और हेम राज को सीएचटी कमलाह फोर्ट (ईबी धर्मपुर-दो, जिला मंडी) में उपस्थित रहना होगा।